


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 78 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.3 2082 शनिवार, 14 जून-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 10+4 मूल्य : 8 रुपये

## छत पर मिला ब्लैक बॉक्स

अहमदाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं।

# एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे पीएम

## मंत्री-अधिकारियों से ली जानकारी



अहमदाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री रामनोहन नायुडू, गुजरात के गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री उस जगह भी गए जिस हॉस्टल पर विमान गिरा था। बता दें कि इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। अहमदाबाद में क्रैश हुए विमान के मलबे के पास पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद बारीकी और विस्तार से दुर्घटना के बाद के हालात और रेस्क्यू ऑपरेशंस की जानकारी ली। अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 1338 बजे टेकऑफ हुआ था। एअर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 मॉडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे।

## पूर्व सीएम के परिवार से मिले पीएम मोदी

*※ विजय रूपाणी का विमान हादसे में हो गया था निधन*

अहमदाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिनकी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 68 वर्षीय रूपाणी लंदन जाने वाली उड़ान के 241 यात्रियों में शामिल थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया और यहां सिविल अस्पताल में घायल पीड़ितों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने शहर में रूपाणी के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध थे। पद पर बढ़ते हुए उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगन से काम किया। मोदी ने कहा कि उन्हें जो भी भूमिका दी गई, उसमें उन्होंने खुद को साबित किया, चाहे वह राजकोट नगर निगम में हो, राज्यसभा सांसद के रूप में हो, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में हो या राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में हो।

उन्होंने कहा, जब वे गुजरात के सीएम थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर साथ में काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर जीवन को आसान बनाने में। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी।

## मलबे से बरामद हुआ डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर-एटीएस कर रही जांच

अहमदाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। गुजरात एटीएस ने शुक्रवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के मलबे से एक महत्वपूर्ण सुराग बरामद किया है।

अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) मिला है, जिसकी जांच से हादसे के कारणों का खुलासा हो सकता है। एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर है, जिसे हमारी टीम ने घटनास्थल पर मौजूद मलबे के बीच से बरामद किया है। डीवीआर को जल्द ही फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) भेजा जाएगा, जहां विशेषज्ञ इसकी गहन जांच करेंगे। अधिकारियों का मानना है कि डीवीआर में दुर्घटना के ठीक पहले और बाद की गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण दृश्य कैद हो सकते हैं, जो पूरे हादसे की कड़ियों को जोड़ने में मददगार साबित होंगे। एटीएस की टीम फिलहाल घटनास्थल पर मौजूद है और अन्य संभावित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं।

एफएसएल टीम के मौके पर पहुंचने के बाद डीवीआर की तकनीकी जांच की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या इस उपकरण में कोई उपयोगी फुटेज सुरक्षित है। इसके साथ ही एयर इंडिया और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारी भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

## इस्राइल-ईरान तनाव पर विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता

*> हालात पर रख रहे नजर, भारतीय नागरिक रहें सतर्क*

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। इस्राइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम स्थिति पर करीबी से नजर रख रहे हैं। हमने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि हम ईरान और इस्राइल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बेहद चिंतित हैं। हम परमाणु स्थलों पर हमलों से संबंधित रिपोर्टों सहित उभरते हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

दोनों देशों को स्थिति को ठीक करने और अंतर्निहित मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का उपयोग करना चाहिए। भारत के दोनों देशों के साथ घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। दोनों देशों में हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं।

क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने, सुरक्षित रहने और स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की सलाह दी जाती है। इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य स्थलों पर प्री-एम्पटिव (पहले से की गई सुरक्षा) कार्रवाई करते हुए हमला किया।

## पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की

अहमदाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार का अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की भयावहता को उन्होंने महसूस किया है। हादसे के बाद आज पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की। इसके बाद दूरदर्शन से बातचीत में रमेश विश्वास ने आपबीती बयां की। सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। ...मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे उसमें से जिंदा बाहर निकल सका। क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं। मैंने सीट बेल्ट खोला और मैंने बाहर निकलने की कोशिश की। मेरी नजरों के सामने एयर होस्टेस और कुछ अंकल-आंटी खत्म हो गए। टेक ऑफ होते ही एक मिनट बाद 5-10 सेकंड के लिए लगा




कि प्लेन कहीं फंस गया है। बाद में प्लेन में हरी और सफेद लाइटें ऑन हो गईं। फिर उसकी रफ्तार अचानक बढ़ गई और वह तेज रफ्तार के साथ एक इमारत (हॉस्टल) से जा टकराया। मैं जिस तरफ था, वहां से प्लेन जमीन की तरफ क्रैश हुआ था। वहां थोड़ी जगह थी। मैं जहां था, वहां प्लेन का दरवाजा टूटा। वहां थोड़ी जगह बनी। मैंने बाहर आने की कोशिश की तो मैं बाहर आ पाया। विमान के अंदर मेरी विपरीत दिशा जो लोग बैठे थे, प्लेन क्रैश होने पर उनकी तरफ इमारत की दीवार आ गई, शायद इसलिए वो नहीं निकल पाए। ...जब भीषण आग लगी तो मेरा एक हाथ भी जल गया। फिर मैं पैदल चलकर कुछ दूर आया। फिर एंबुलेंस मिल गई और अस्पताल पहुंच सका। अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 में रमेश विश्वास 11ए सीट पर बैठे थे। रमेश की उम्र 40 वर्ष है और वे एक ब्रिटिश नागरिक हैं। रमेश का जो वीडियो सामने आया उसमें देखा गया कि वो हल्के घायल हैं और वो थोड़ा लंगड़ाकर चल रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की याचिका खारिज की

*> याचिकाकर्ता को दी चेतावनी*



नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार को दी गई 'जेड प्लस' सुरक्षा हटाने की याचिका को सख्ती से खारिज कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता बिकाश साहा को चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार इसी तरह की निराधार याचिकाएं दायर करना अदालत की प्रक्रिया का दुरूपयोग है और भविष्य में ऐसा करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने की। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और कोई भी व्यक्ति अदालत की प्रक्रिया को दबाव में नहीं ले सकता।

बिकाश साहा नाम के व्यक्ति ने पहले भी इसी मुद्दे पर दो बार याचिका दायर की थी, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। साहा ने इस बार फिर से एक पुरानी याचिका में 'स्पष्टीकरण' के नाम पर नया आवेदन दायर किया, जिसमें अंबानी परिवार की सुरक्षा हटाने की मांग की गई थी। लेकिन अदालत ने साफ कर दिया कि साहा को इस मामले में कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनका अंबानी परिवार से कोई संबंध नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, कोई भी व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि किसे कितनी सुरक्षा मिलेगी। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, जो संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट पर आधारित होती है। अदालत ने यह भी कहा कि अगर कल को कुछ घटना घट जाती है, तो क्या याचिकाकर्ता इसकी जिम्मेदारी लेगा?

**अंबानी पक्ष ने क्या दी दलील :**

वहीं अंबानी परिवार की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता लगातार इसी तरह की याचिकाएं दायर कर रहा है और यह एक प्रकार से अदालत का समय बर्बाद करना है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि इस तरह की याचिकाओं पर रोक लगाने के लिए याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाया जाए। मामले में सरकार पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी है कि अंबानी परिवार को सुरक्षा कड़ी जांच और खुफिया रिपोर्टों के आधार पर दी गई है।

## अरुणाचल के भाजपा विधायक को 2 साल की सजा

*मोहाली कोर्ट ने लगाया 5.55 करोड़ का जुर्माना, चेक बाउंस केस में सुनाया फैसला*

चंडीगढ़, 13 जून (एजेंसियां)। पंजाब की मोहाली अदालत ने चेक बाउंस के मामले में पापुम पारे जिले के सागली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रायतु तेजी, उनकी पत्नी और दो अन्य सहयोगियों को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही, साढ़े 5 करोड़ रुपये का मुआवजा एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया है।

यह मामला करीब साढ़े 4 साल तक कोर्ट में चला। वकील ने इसे अपनी बहुत बड़ी जीत बताया है। यह मामला जीटीसी एम ट्रेडज एलएलपी से खरीदी गई निर्माण सामाग्री के लिए जारी किए गए 50 लाख रुपये के चेक बाउंस से जुड़ा है। एडवोकेट तजिंदर सिंह ने बताया कि कुलविंदर सिंह की पंजाब में एक कंपनी है। कुलविंदर की कंपनी का विधायक कंपनी टीके इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एक समझौता हुआ था। विधायक ने सड़क निर्माण का टेंडर लिया हुआ था। कुलविंदर की कंपनी की ओर से उन्हें निर्माण सामग्री मुहैया करवाई जानी थी, जिसमें स्टील, सीमेंट और बिटुमेन शामिल थे। शुरूआत में विधायक की कंपनी समय पर भुगतान करती रही, लेकिन बाद में भुगतान में देरी होने लगी। 2018 में काम शुरू हुआ था, लेकिन 2020 में आकर समस्याएं शुरू हो गईं। इसके बाद विधायक की तरफ से चेक के माध्यम से अदायगी की गई, लेकिन वह चेक बाउंस हो गए। इसके बाद यह मामला अदालत में ले जाया गया, जहां पर साढ़े चार साल तक केस चला। आखिर में आज न्याय मिला है।

## चीन के उप-विदेश मंत्री सुन वेईडोंग से मिले विदेश सचिव विक्रम मिसरी

*> सीधी उड़ान फिर शुरू करने पर सहमति*

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारत और चीन अपने रिश्तों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप-विदेश मंत्री सुन वेईडोंग से शुक्रवार को दिल्ली में मुलाकात की। वेईडोंग दो दिन के लिए भारत आए हैं। दोनों देशों ने मिलकर यह फैसला किया है कि वे लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएंगे। इसमें दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करना भी शामिल है। पिछली बार दोनों देशों के बीच जनवरी में बीजिंग में बात हुई थी। इस बार की बातचीत में उस मीटिंग के बाद हुई प्रगति पर चर्चा हुई। विक्रम मिसरी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीन के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भारत के तीर्थयात्रियों के लिए बहुत



अच्छी बात है। पिछले साल दोनों देशों ने इस बारे में 6 चीजों पर सहमति जताई थी।

**सीधी हवाई यात्रा को जल्द से जल्द शुरू करने पर जोर :**

विदेश सचिव ने अप्रैल 2025 में हुई ट्रांस-बॉर्डर नदियों पर एक्सपर्ट लेवल मैकेनिज्म की मीटिंग का भी जिक्र किया। इस मीटिंग में दोनों देश हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य तरह के सहयोग को साझा करने पर राजी हुए थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दिशा में और भी प्रगति होगी। हाइड्रोलॉजिकल डेटा का मतलब है नदियों से जुड़ी जानकारी, जैसे पानी का स्तर और बहाव से जुड़े आंकड़े। बातचीत में सीधी हवाई यात्रा को जल्द से जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया। दोनों देश एक नए एयर सर्विस एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने की उम्मीद कर रहे हैं।

## 25 जून तक उत्तर-पश्चिम भारत में पहुंच जाएगा मानसून

*> औसत से ज्यादा बारिश का अनुमान*

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून समय से पहले उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में पहुंच जाएगा। 25 जून तक दिल्ली समेत पूरे क्षेत्र में मानसून के सक्रिय हो जाने की संभावना है। आमतौर पर दिल्ली में मानसून 30 जून के आसपास पहुंचता है। इस साल मानसून 24 मई को केरल पहुंचा था, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी शुरूआत मानी गई। इसके बाद मानसून ने तेजी से महाराष्ट्र, मुंबई और पूर्वोत्तर भारत को 29 मई तक कवर कर लिया।


हालांकि 28 मई से लेकर 10 जून तक मानसून की प्रगति रुक गई थी, जिससे उत्तर और मध्य भारत में लू जैसे हालात बन गए। 8-9 जून के बाद गर्मी का प्रकोप और बढ़ गया। अब मौसम विभाग की ताजा भविष्यवाणी के अनुसार, मानसून 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के बाकी हिस्सों में पहुंच जाएगा। 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों को ढक लेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून की शुरूआत की तारीख से कुल बारिश का अनुमान नहीं लगाया जा सकता। यह कई वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करता है।

**पूरे देश में औसत से अधिक बारिश की संभावना :**

इस बार पूरे देश में औसत से अधिक बारिश की संभावना है। हालांकि लद्दाख, हिमाचल, पूर्वोत्तर और बिहार, झारखंड जैसे कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। मानसून भारत की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। यह न केवल खेती बल्कि पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## 6 न्यूक्लियर साइंटिस्ट खोने पर भड़का ईरान

*> इजरायल का भविष्य तय, कुचल देने वाली प्रतिक्रिया का इंतजार करें*




नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। इजरायली हमले में देश के टॉप लीडरशिप को खोकर ईरान बौखलाया हुआ है। ईरानी मीडिया के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अज़ीज नसीरजादेह ने कहा है कि इजरायल हमारी 'कुचल देने वाली प्रतिक्रिया' का इंतजार करे।

संयुक्त राष्ट्र को भेजे गए एक पत्र में ईरान ने इस हमले के बाद तत्काल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग बुलाने की मांग की है। तेहरान ने इजरायली हमलों की तीव्र निंदा की है और सुरक्षा परिषद से ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन से पैदा हुए सवाल को संबोधित करने के लिए तत्काल बैठक बुलाने की मांग की है। यूएन को भेजे पत्र में ईरान ने कहा है, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन कायरतापूर्ण और गैरकानूनी कृत्यों का निर्णायक, आनुपातिक और निवारक तरीके से अपने द्वारा चुने गए समय और स्थान पर जवाब देगा। इसमें आगे कहा गया है कि ईरान की क्षेत्रीय अखंडता, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करना एक मौलिक और नॉन नेगोशिएबल (जिससे समझौता न किया जाए) अधिकार है। ईरान ने कहा कि इजरायल का हमला 'युद्ध की घोषणा' है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर कहा कि इजरायल की आक्रामकता 'युद्ध की घोषणा' है। अराघची ने आईएईए को पत्र लिखकर आईएईए चीफ ग्रॉसी से ईरान के परमाणु स्थलों के खिलाफ इजरायली हमले की निंदा करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इजरायल का यह कदम ईरान के खिलाफ युद्ध की आक्रामक घोषणा है। इजरायल द्वारा किए गए इस अभूतपूर्व हमले में ईरान का टॉप मिलिट्री लीडरशिप खत्म हो गया है। ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उसके परमाणु साइट तबाह हो गए हैं और बैलेस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने माना है कि इस हमले में ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बघेरी, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर मेजर जनरल हुसैन सलामी, खतम अल-अनबिया सेंट्रल मुख्यालय के कमांडर मेजर जनरल घोलम अली राशिद मारे गए हैं।

अगर इजरायली हमले में मारे गए ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों की बात करें तो ईरान ने 6 परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की बात स्वीकार कर ली है। इनमें ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के पूर्व प्रमुख डॉ. फेरेयदून अब्बासी और प्रमुख परमाणु भौतिक विज्ञानी डॉ. मोहम्मद मेहदी तेहरांची, अब्दुलहामिद मिनोउचेहर, अहमदरेज़ा ज़ोल्फ़ागरी, सईद अमीरहुसैन फ़ेक्री, मोतलाबिजादेह शामिल हैं।

## इस्राइली हमले के बाद ट्रंप ने ईरान को दी धमकी

### अगर परमाणु डील नहीं की तो और भयानक हमले होंगे

वॉशिंगटन, 13 जून (एजेंसियां)। इस्राइल की तरफ से किए गए भीषण ड्रोन हमले में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। इस्राइली वायु सेना ने अब तक ईरान में पांच बार हमले किए हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरानी को फिर से परमाणु समझौता करने को कहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ समझौता करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि इस्राइल के हमले और भी बुरे होंगे। शुक्रवार को हुए हमलों के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, अब भी समय है कि इस रक्तपात को रोका जा सकता है।

## इजरायल पर चुप्पी की उमर ने की आलोचना

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान के खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इसका हम पर बहुस असर पड़ेगा। इसका असर हमारी फ्यूल की कीमतों, स्टॉक मार्केट और पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों पर पड़ेगा। लेकिन इससे भी ज्यादा इसका असर लोगों की भावनाओं पर पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर के सीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा, जहां तक मुझे पता है, ईरान ने इस हमले के लिए इजरायल को कोई कारण नहीं दिया था। इजरायल ने इसे एक पूर्व-आक्रमण बताकर एक देश पर युद्ध छेड़ दिया। इजरायल ने वही किया जो रूस ने यूक्रेन में किया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इतने पर ही नहीं रूके उन्होंने कहा, इससे हालात और भी ज्यादा खराब होंगे। इसका हम पर असर पड़ेगा। अगर दुनिया की महाशक्तियां इस पर चुप रहती हैं तो यह बेहद अफसोस की बात होगी।

# यूएस के दम पर कुछ भी कर सकता है

## केरल सीएम ने इजराइल को बताया वैश्विक ठग

तिरुवनंतपुरम, 13 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच हुए हमलों से एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमलों की शुरुआत इजराइल की तरफ से की गई, जिसके जवाब में ईरान की तरफ से भी लगातार हमले जारी हैं। इन सब के बीच केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने ईरान में इजरायल के हवाई हमलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को इजराइल को एक पुराना वैश्विक ठग' बताया, जो अहंकार के साथ यह मानता है कि वह कुछ भी कर सकता है, क्योंकि उसे अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

**इजराइल है दुनिया का सबसे बड़ा ठग- पिनराई**

इजराइल ने ईरान की राजधानी पर हमला किया, जिसमें देश के परमाणु कार्यक्रम और सैन्य स्थलों को निशाना बनाया गया। केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि इजराइल लंबे समय से



वैश्विक ठग के रूप में काम कर रहा है और वह शालीनता का सामान्य तरीका नहीं अपनाता है।

**ईरान पर हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता**

मुख्यमंत्री पिनराई ने दावा किया कि वे (इजरायल) को अहंकार पूर्वक मानते हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। विजयन ने कहा कि ईरान पर हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई विश्व शांति के लिए खतरा है। जो लोग विश्व शांति बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें इस तरह के कृत्यों का विरोध करने और निंदा करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**भारत ने की शांति की बात**

भारत ने दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव पर को खत्म करने की बात कही है। इसके साथ ही हालात का काबू में करने के लिए, मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने के लिए बातचीत और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। साथ ही बयान में कहा गया कि भारत के दोनों देशों के साथ अच्छे रिश्ते हैं और वो हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। इजराइल को लेकर पिछले कई दिनों से ऐसा माना जा रहा था कि वो ईरान पर किसी भी वक्त हमला कर सकता है। इसी पुष्टि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी की थी। शुक्रवार तड़के सुबह इजराइल ने ईरान पर हमला कर दिया। इस हमले में इजराइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों को टारगेट किया। इजराइल ने इस अटैक को ऑपरेशन राइजिंग लायन का नाम दिया है।

## झलोन वन क्षेत्र में सागौन तस्करी का पर्दाफाश



दमोह, 13 जून (एजेंसियां)। दमोह जिले के झलोन वन परिक्षेत्र में डुकरस्ता विट में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन माफिया स्कॉर्पियो वाहन से सागौन की तस्करी कर रहे थे, जिसे वन कर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। वाहन के अंदर लकड़ी की बड़ी-बड़ी सिल्लियां रखी थीं। कार्रवाई की गई। दरअसल डुकरस्ता में सागौन के भारी भरकम पेड़ लगे हुए हैं, जिस पर माफिया की हमेशा नजर बनी रहती है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि डुकरस्ता बीट में चार पहिया वाहन लकड़ी चोरी करने घुसा है और रात में वह निकलेगा। जानकारी लगते ही स्टॉप सक्रिय हुआ और घेराबंदी कर वाहन को जब्त कर लाखों रुपये सागौन की सिल्लियां बरामद की गईं।

## पठानकोट में एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, लोगों की जुटी भीड़



पठानकोट, 13 जून (एजेंसियां)। पंजाब के पठानकोट के नंगलपुर थाने क्षेत्र के गांव हलेड़ में एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। फिलहाल किसी तरह के कोई खतरे और नुकसान की बात नहीं है। साथ ही किसी भी अधिकारी की ओर से इमरजेंसी लैंडिंग के बारे में कोई बात नहीं बताई गई है। भारतीय वायुसेना के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की।

पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को कथित तौर पर तकनीकी दिक्कतों का सामना करने के बाद खुले मैदान में एहतियातन लैंडिंग करनी पड़ी। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक वायुसेना या जिला प्रशासन की ओर से आपातकालीन लैंडिंग के कारण के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने परिचालन और सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सार्वजनिक सुरक्षा या बुनियादी ढांचे को कोई खतरा नहीं है। फिलहाल हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग क्यों हुई? इसको लेकर फिलहाल कोई पूरी जानकारी अबतक सामने नहीं आई है।

# लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान वापस लौट रहा है

## मुंबई एयरपोर्ट से भरी थी उड़ान



मुंबई, 13 जून (एजेंसियां)। मुंबई से लंदन जा रहा एयर इंडिया वापस लौट रहा है। फ्लाइटराडार 24 के अनुसार एयर इंडिया की फ्लाइट एआई129 ने आज सुबह मुंबई से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन उड़ान भरने के बाद अब यह विमान वापस मुंबई लौट रहा है। बताया जा रहा है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष की स्थिति को देखते हुए एयर इंडिया ने इस विमान को वापस लौटाया है। इसके साथ ही कई विमानों का रूट भी डायवर्ट किया है। एयर इंडिया के मुताबिक ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर एयर इंडिया अपनी कई उड़ानों को या तो डायवर्ट कर रहा है या फिर उन्हें वापस लौटाया जा रहा है।

एयर इंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है। एयरलाइंस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उनके ठहरने के इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# 'लंदन जा रही हूं,

## एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाली केबिन क्रू का आखिरी मैसेज, छलक उठा पिता का दर्द



इंफाल, 13 जून (एजेंसियां)। वक्त पूरे देश में अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे के कारण दुख की लहर व्याप्त है। गुरुवार को दोपहर डेढ़ बजे के करीब अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट टेकऑफ करते ही क्रैश हो गई। हादसे में कुल विमान सवार यात्रियों सहित कुल 265 लोगों की मौत हो गई।

हादसे के पीछे का असल कारण क्या था, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। विमान में 12 क्रू मेंबर्स सहित 242 लोग सवार थे। इनमें से सिर्फ एक ही यात्री की जान बची। जिन क्रू मेंबर्स की जान गई उनमें से दो मणिपुर की रहने वाली थीं। एयर इंडिया विमान हादसे का शिकार हुई दोनों मणिपुर की बेटियों की पहचान थौबल जिले के थौबल अवांग लेइकाई निवासी कोंगरालैतपम नगनथोई शर्मा और चुराचांदपुर जिले के सिंगसन लामनुनथेम के रूप में हुई है। इस दुखद घटना की सूचना के बाद से मणिपुर में शोक की लहर दौड़ गई है।

## एएनटीएफ अमृतसर ने पकड़े दो तस्कर, साढ़े चार किलो हेरोइन और 11 लाख की ड्रग मनी बरामद

चंडीगढ़, 13 जून (एजेंसियां)। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स अमृतसर ने सीमा पार से नार्को-तस्करी करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो तस्करों गुरभेज सिंह उर्फ भेजा और अभिजीत सिंह उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 4.5 किलो हेरोइन और 11 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गुरभेज पाकिस्तान स्थित तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है और खेप की डिलीवरी का समन्वय करता है। दोनों आरोपी हेरोइन बेचने की कोशिश करते हुए पकड़े गए हैं। दोनों पर एनडीपीएस



अधिनियम के तहत एसएएस नगर में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मंदिर से हटाए गए 114 मुस्लिम कर्मचारी हिंदू संगठनों की चेतावनी के बाद एक्शन

मुंबई, 13 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री क्षेत्र शनि शिंगणापुर देवस्थान ट्रस्ट ने बड़ा फैसला लिया है। देशभर से हजारों श्रद्धालु रोजाना शनि शिंगणापुर में दर्शन के लिए आते हैं। श्री क्षेत्र शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट में कई मुस्लिम कर्मचारी भी कार्यरत थे। इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट में 114 मुस्लिम कर्मचारी कार्यरत थे। इनके खिलाफ हिंदू संगठन आक्रामक हो गए थे। हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि ट्रस्ट को तुरंत सभी मुस्लिम कर्मचारियों को काम से हटाना चाहिए, नहीं तो संगठन ने चेतावनी दी थी कि 14 जून को मंदिर के बाहर पूरे हिंदू समुदाय द्वारा एक बड़ी रैली निकाली जाएगी। कल 14 जून है। हालांकि उससे पहले मंदिर ट्रस्ट ने बड़ा फैसला लिया है। श्री क्षेत्र शनि शिंगणापुर देवस्थान ट्रस्ट ने वहां काम करने वाले 167 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इन कर्मचारियों में 114 मुस्लिम कर्मचारी शामिल हैं। शनि शिंगणापुर देवस्थान में 114 मुस्लिम कर्मचारी काम कर रहे थे। संस्था ने बताया है कि उन्हें अनियमितताओं और अनुशासन का पालन न करने के कारण बर्खास्त किया गया है। पिछले कुछ दिनों से हिंदू संगठनों की ओर से मुस्लिम कर्मचारियों को बर्खास्त करने का दबाव बनाया जा रहा था। शनिदेव के चौक पर मुस्लिमों द्वारा किए जा रहे काम के कारण पूरे हिंदू समुदाय की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस बारे में खुद ट्रस्ट ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट में कुल 114 मुस्लिम कर्मचारी काम करते हैं। लेकिन मंदिर परिसर में एक भी मुस्लिम कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं है। ट्रस्ट ने कहा कि ये मुस्लिम कर्मचारी मंदिर ट्रस्ट के कृषि विभाग, अपशिष्ट प्रबंधन विभाग और शिक्षा विभाग में काम करते हैं। 114 मुस्लिम कर्मचारियों में से 99 कर्मचारी पिछले पांच महीने से काम पर नहीं आ रहे हैं। ट्रस्ट ने कहा था कि इन सभी कर्मचारियों के वेतन में देरी हुई है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन और कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के लिए सीएम नीतीश ने भेज दिया पैसा



पटना, 13 जून (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार (13 जून, 202) को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के खाते में 271 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि (डीबीटी के माध्यम से) भेजी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी आदि मौजूद रहे। आज के इस कार्यक्रम में पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपये और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। इस तरह कुल 62 लाख 15 हजार 104 लाभुकों को कुल 271 करोड़ 15 लाख 38 हजार 900 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। एक अणे मार्ग स्थित 'संवाद' में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि खुशी की बात है कि आज कुल 62 लाख 15 हजार 104 लाभुकों को 271 करोड़ 15 लाख 38 हजार 900 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की ओर से 93.50 करोड़ और राज्य सरकार की ओर से 87.55 करोड़ की राशि शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर के समय एक्टिव थे, अब क्यों गायब

## ईरान -इजराइल जंग पर महबूबा मुफ्ती ने यूएस को घेरा



जम्मू, 13 जून (एजेंसियां)। इजराइल ने ईरान पर हमला कर दिया है। इसी के बाद अब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने ईरान और इजराइल के बीच छिड़ी जंग पर पोस्ट किया है और भारत-पाकिस्तान के बीच छिड़े तनाव के दिनों में अमेरिका की भूमिका का जिक्र किया है। वहीं, ईरान-इजराइल के बीच अमेरिका क्या रोल निभा रहा है उस पर भी सवाल उठाए। इजराइल ने ईरान पर शुक्रवार को सुबह तड़के अटैक किया। इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इस हमले में ईरान को भारी नुकसान पहुंचा है। साथ ही कई प्रमुखों की मौत भी दर्ज की गई है।

**महबूबा मुफ्ती ने यूएस को घेरा**

महबूबा मुफ्ती ने ईरान पर इजराइल की तरफ से किए गए हमले को लेकर इजराइल को टारगेट करते हुए कहा, ईरान पर इजराइल का हमला एक और दुस्साहसी कदम है, जो यह दिखाता है कि यह देश अब बेकाबू हो चुका है। वैश्विक समुदाय खासकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों की चुप्पी चिंताजनक। अमेरिका के इस जंग में रोल को लेकर सवाल खड़ा करते हुए महबूबा मुफ्ती ने यहां तक कहा कि अमेरिका की यह चुप्पी सहमती के बराबर है।

**"ऑपरेशन सिंदूर के समय एक्टिव थे, अब क्यों गायब"**

महबूबा मुफ्ती ने आगे कहा, भारत-पाकिस्तान तनाव के मामले में, अमेरिका यह दावा करने से कभी नहीं चूकता कि तनाव को बढ़ने से रोकने में उसका हस्तक्षेप अहम रहा है। फिर भी जब गाजा पर इजराइल की लगातार बमबारी या ईरान पर उसके नए हमले की बात आती है तो वही तात्कालिकता गायब हो जाती है। ये साफ तौर पर दोहरे मानदंड वैश्विक शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। तथाकथित मुस्लिम देशों की चुप्पी भी उतनी ही परेशान करने वाली है, जो इस तरह के गंभीर अन्याय के सामने बेशर्मी से ऐसे बने हुए हैं जैसे वो है ही नहीं। उनका इन मामलों पर एक्शन न लेने न सिर्फनिराशाजनक है, बल्कि यह उन कारणों के साथ विश्वासघात है जिनके लिए वे खड़े होने का दावा करते हैं। इजराइल और ईरान के बीच जंग छिड़ गई है। इजराइल ने शुक्रवार को राजधानी तेहरान पर हमला किया। ड्रोन बरसाए और ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इस अटैक से ईरान को भारी नुकसान हुआ। साथ ही उसके कई सैन्य प्रमुखों की मौत भी हो गई। इजराइल पर पलटवार करते हुए हालांकि ईरान ने भी हमला कर दिया है। ईरान ने इजराइल पर 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इस अटैक के बाद अमेरिका ने सीधे तौर पर इजराइल को समर्थन देने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि इजराइल ने यह हमला खुद से किया है और इसमें अमेरिका का कोई रोल नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, इजराइल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की। हम ईरान के खिलाफ हमलों में शामिल नहीं हैं और हमारा फोकस क्षेत्र में अमेरिकी बलों की रक्षा करना है। मैं फिर यह बात साफ कह दूं कि ईरान को अमेरिकी हितों या कर्मियों को निशाना नहीं बनाना चाहिए क्योंकि इजराइल ने ईरान पर यह हमला एकतरफा किया है।

## एयर इंडिया विमान में क्रू मेंबर थी एनसीपी नेता की बहू, हादसे में गई जान



मुंबई, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में गुरुवार को भयानक हादसा हुआ। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का प्लेन क्रैश हो गया। इस भयानक हादसे में प्लेन में सवार 242 में से 241 यात्री मारे गए। इस हादसे की भयानक और दर्दभरी तस्वीरों ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया है। इस फ्लाइट में 10 क्रू मेंबर और 2 पायलट सवार थे। महाराष्ट्र एनसीपी प्रमुख सुनील टटकरे ने कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में सवार वरिष्ठ क्रू मेंबर अपर्णा महाडिक उनकी रिश्तेदार हैं। सुनील तटकरे ने बताया, अपर्णा महाडिक मेरी छोटी बहन की बहू है। उनका परिवार मुंबई के गोरेगांव में रहता है। मेरा भतीजा जोकि अपर्णा का पति है वो भी एयर इंडिया में केबिन क्रू है। हादसे के समय में वो दिल्ली में था। उन्होंने आगे बताया कि इस दर्दनाक हादसे के बारे में महाडिक परिवार को सूचित कर दिया गया है।

## कपड़े दिलाने के बहाने किया 13 साल की दिव्यांग लड़की का रेप

ठाणे, 13 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर से एक बड़ा ही शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां पर 13 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी। पुलिस ने यह बताया कि उसने गुरुवार को लड़की की मां की शिकायत के आधार पर 23 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह बताया कि कलवा इलाके में रहने वाले आरोपी ने कथित तौर पर दिव्यांग लड़की को नए कपड़े दिलाने और बहला-फुसलाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने यह बताया, ''जांच दल ने आरोपी के मोबाइल फोन से यौन उत्पीड़न का एक वीडियो बरामद किया है।

## विधवा बहू पर डोल गई ससुर की गंदी नीयत, भतीजे से नहीं मानी तो मार दी गोली

मुरैना, 13 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुरैना से हत्या की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां गंदी नजर रखने वाले ससुर ने विधवा बहू को गोली मार दी। आरोपी ससुर अपनी बहू की शादी अपने भतीजे से करवाना चाहता था, लेकिन मृतका उससे शादी नहीं करना चाहती थी। गोली चलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाले एक ससुर ज्ञान सिंह ने अपनी विधवा बहू की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ससुर मौके से फरार हो गया। मृतक प्रियंका सिकरौदा नहर के पास रह रही थी। आरोपी ससुर बहू की दूसरी जगह जबरन शादी करवाना चाहता था, लेकिन प्रियंका इस बात के लिए तैयार नहीं थी। एक साल पहले ही प्रियंका के पति की मौत हुई थी। मृतका के परिवार ने बताया कि ससुर की अपनी बहू पर गंदी नजर थी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई।

# असम में एनडीए की बल्ले-बल्ले

## दो उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए



गुवाहाटी, 13 जून (एजेंसियां)। असम से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के लिए अच्छी खबर है। यहां से एनडीए के दो उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। बीजेपी के कणाद पुरकायस्थ और असम गण परिषद के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य असम से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुन लिए गए हैं। शुक्रवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने राज्यसभा चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख बृहस्पतिवार थी। अधिकारी ने कहा, "बीजेपी के कणाद पुरकायस्थ और असम गण परिषद (एजीपी) के बीरेंद्र प्रसाद बैश्य को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, क्योंकि विपक्ष का कोई उम्मीदवार नहीं है।" दोनों राज्यसभा सीट के लिए चुनाव 19 जून को होने थे। पुरकायस्थ पहली बार राज्यसभा सदस्य बने हैं। वह बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कबींद्र पुरकायस्थ के पुत्र हैं और सिलचर से आते हैं। कणाद पुरकायस्थ फिलहाल बीजेपी की राज्य इकाई के सचिव हैं। एजीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बैश्य तीसरी बार राज्यसभा के सदस्य होंगे। वह लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं। बैश्य और बीजेपी के रंजन दास का कार्यकाल 14 जून को समाप्त होने के कारण असम में दो राज्यसभा सीट के लिए चुनाव होने थे। असम में राज्यसभा की सात सीट हैं, जिनमें से चार भाजपा के पास हैं और एक-एक सीट उसके सहयोगी एजीपी और यूपीपीएल के पास है। एक सीट का प्रतिनिधित्व निर्दलीय सांसद कर रहे हैं।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में इंदौर के होरा परिवार की बहू की मौत, पति का बर्थडे मनाने जा रहीं थी लंदन



इंदौर, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में हुए दर्दनाक प्लेन क्रैश में इंदौर के होरा परिवार की बहू, हरप्रीत कौर होरा की मौत हो गई। हरप्रीत कौर लंदन में कार्यरत अपने पति रॉबी होरा से मिलने जा रही थीं। रॉबी होरा पेशे से क्लाउड आर्किटेक्ट हैं और लंदन में एक प्रतिष्ठित कंपनी में कार्यरत हैं। हरप्रीत का लंदन जाने का मूल प्लान 19 जून का था, लेकिन 16 जून को उनके पति का जन्मदिन होने के कारण उन्होंने अपनी टिकट पहले करवा ली थी और 12 जून को ही यात्रा पर निकल पड़ीं। जानकारी के अनुसार, हरप्रीत कौर कुछ दिन पहले अपनी मां से मिलने अहमदाबाद आई थीं। वे बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में काम कर रही थीं। इस दुखद हादसे में होरा परिवार सहित पूरे इंदौर में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मुंबई के नागपाड़ा में दिनदहाड़े 2.55 करोड़ की गोल्ड लूट



मुंबई, 13 जून (एजेंसियां)। दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके में सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब डायना ब्रिज पर दिनदहाड़े करीब 2.55 करोड़ रुपए के सोने से भरा बैग ले जा रहे शख्स के पास से एक बाइक सवार लूट कर फरार हो गए। यह वारदात बिल्कुल फिल्मी अंदाज में अंजाम दी गई और पुलिस मामले में जांच कर रही है। इस मामले में 49 वर्ष के शिकायतकर्ता शांताराम पावस्कर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि वो अपने भतीजे तेजस के साथ लोअर परेल स्थित एक ज्वेलरी शॉप से करीब ढाई किलो सोना लेकर कारखाने की ओर जा रहे थे।

तभी सुबह 8:45 बजे जैसे ही वे डायना ब्रिज पर पहुंचे, पीछे से एक बाइक पर आए दो अज्ञात आरोपियों ने उन्हें टक्कर मारी और तेजी से बैग छीन लिया। यही नहीं, लुटेरे शिकायतकर्ता की स्कूटी की चाबी भी साथ ले गए ताकि वे पीछा न कर सकें। घटना की सूचना मिलते ही नागपाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मुंबई क्राइम ब्रांच भी इस मामले में पैरेलल जांच कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि बाइक सवार कहाँ से कहा गए उनकी पहचान या उनके बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर पता लगाया जा सके। पुलिस का मानना है कि आरोपियों को शायद इनकी जानकारी पहले से हो सकती है या फिर ये लोग उन्हें लोअर परेल से ही फॉलो कर रहे थे और सुबह के समय सुनसान डायना ब्रिज पर मौका देखकर वारदात को अंजाम दिया गया। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा चुकी है और नागपाड़ा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
शनिवार, 14 जून, 2025 3



सुविचार
सपनों के पीछे भागना सीखे हार के डर से पीछे ना भागो।

# तेलंगाना ने बहुत ही कम समय में उल्लेखनीय प्रगति की है : श्रीधर बाबू

## मंत्री ने ग्लोबल लीडर्स समिट में भाग लिया

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के एक होटल में आयोजित ग्लोबल लीडर्स समिट 2025 में, तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने वैश्विक हितधारकों को तेलंगाना के साथ साझेदारी करने के लिए एक आकर्षक निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि एक ऐसा राज्य जो समावेशी विकास और सुशासन के प्रतीक के रूप में उभरा है। मंत्री ने घोषणा की, कई लोगों को संदेह था कि क्या तेलंगाना बन सकता है- आज, यह न केवल एक वास्तविकता है, बल्कि इसे रोका नहीं जा सकता है।




तेलंगाना ने बहुत ही कम समय में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य की जीडीपी 10.1 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए 16.12 लाख करोड़ तक पहुंच गई है, जो राष्ट्रीय औसत 9.9 प्रतिशत से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय 3.79 लाख है- जो राष्ट्रीय औसत से लगभग 1.8 गुना है। पिछले 18 महीनों में ही राज्य ने 3 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। लाइफ साइंसेज सेक्टर ने अकेले 40,000 करोड़ आकर्षित किए हैं, जिससे 2 लाख से अधिक नए रोजगार सृजित हुए हैं। सेवा क्षेत्र अब राज्य की जीडीपी में 66.3 प्रतिशत का योगदान देता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 55 प्रतिशत है। मंत्री ने जोर देकर कहा, ये केवल संख्याएं नहीं हैं, ये एक नए तेलंगाना का प्रतिबिंब हैं- प्रगतिशील, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार। उन्होंने दोहराया कि सच्ची साझेदारी केवल वित्तीय आदान-प्रदान के बारे में नहीं है- वे साझा प्रगति के बारे में हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हमारा लक्ष्य कृषि-नवाचार, एआई-संचालित शासन, स्मार्ट हेल्थकेयर सिस्टम, डिजिटल खेती, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा, सतत विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर सहयोग करना है। जबकि अन्य राज्य रुझानों का अनुसरण करते हैं- तेलंगाना उन्हें बनाता है। इसलिए यहां केवल निवेश करने के लिए न आएं। तेलंगाना में सह-निर्माण के लिए आएं। एक परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनें। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, जर्मनी, रूस, कैमरून, माल्टा, यूके, बुल्गारिया, बेल्जियम, यूएई और दुबई सहित 25 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंत्री श्रीधर बाबू ने संस्कृतियों, रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों के इस अभिसरण का स्वागत किया, उम्मीद है कि यह मंच दीर्घकालिक सहयोग के लिए एक सार्थक पुल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने विदेशी प्रतिनिधियों से तेलंगाना के व्यापार-अनुकूल वातावरण और सरकार द्वारा समर्थित प्रोत्साहनों को अपने उद्योगों और निवेशकों को बताने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथियों में लिलो मार्रा, गवर्नर, अंतर्राष्ट्रीय राजनयिक संबंध संगठन (माल्टा), मार्सेलो पैटी, सचिव, आईओडीआर, इवान पेट्रोव, संसद सदस्य, बेल्जियम, डैनियल गेर्बिन, जर्मन राजनयिक, क्लाउडियो सिंगोलोनी, सांसद, अर्जेंटीना, सलमान गट्टू, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग (आईबीसी) आदि शामिल रहे।

# अगले एक सप्ताह तक भारी बारिश की आशंका

### आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में भारी बारिश एक और सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है, हैदराबाद मौसम विभाग ने 19 जून तक कई जिलों में भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के अलर्ट के अलावा, सभी जिलों में बिजली और तेज़ हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हैदराबाद और उसके पड़ोसी जिलों में भी 16 जून तक बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। चारमीनार, खैरताबाद, कुकटपल्ली, एलबी नगर, सिकंदराबाद और सेरिलिंगमपल्ली समेत हैदराबाद के सभी क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

16 जून तक शहर के लिए अपने मौसम पूर्वानुमान में, आईएमडी-हैदराबाद ने कहा, आम तौर पर बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ-साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने, बिजली चमकने और तेज़ हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने की संभावना है।

# शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य : रेवंत रेड्डी

### बच्चों को भाषा ज्ञान के साथ कौशल भी सिखाया जाए

### शिक्षा विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने दिए कई निर्देश



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनका लक्ष्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। सीएम ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए और चाहे जो भी कीमत हो, वे आवश्यक बुनियादी ढांचा, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं प्रदान करने में संकोच नहीं करेंगे। इस संबंध में, सीएम ने घोषणा की कि राज्य में 20 से अधिक बच्चों वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष 571 नए स्कूल खोले जा रहे हैं। स्कूलों के फिर से खुलने के मद्देनजर, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को आईसीसी में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। सीएम ने आदेश दिया कि एक ऐसी प्रणाली विकसित की जाए, जिससे सरकारी स्कूलों में नामांकित प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इस संबंध में, शिक्षण के मानकों को सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों का सुझाव अधिकारियों को दिया गया। सीएम ने सुझाव दिया कि शिक्षा प्रणाली में बदलाव किया जाना चाहिए ताकि छात्र भाषा ज्ञान के साथ-साथ अपने कौशल का विकास कर सकें। सीएम ने कहा कि यदि हाई स्कूल स्तर से छात्रों को कौशल विकास प्रदान किया जाता है, तो उन्हें भविष्य में अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। तेलंगाना में तेजी से हो रहे शहरीकरण की पृष्ठभूमि में, शिक्षा विभाग को नगर प्रशासन विभाग के साथ समन्वय में, एचएमडीए और नगरपालिका लेआउट में सामाजिक सुविधाओं के लिए पहचाने गए स्थानों पर स्कूल स्थापित करने चाहिए। सीएम रेवंत रेड्डी ने एससी, एसटी, बीसी, अल्पसंख्यक जैसी विभिन्न श्रेणियों के तहत इंटरमीडिएट स्तर तक के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को युक्तिसंगत बनाने और यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि प्रत्येक स्कूल में एक निर्दिष्ट संख्या में छात्र हों। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि बड़ी संख्या में छात्र गुरुकुल की ओर रुख कर रहे हैं क्योंकि वे गुणवत्तापूर्ण भोजन, वर्दी और पाठ्यपुस्तकें प्रदान करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को उन स्कूलों में दिन के विद्वानों को ये सभी सुविधाएं प्रदान करने के मुद्दे का अध्ययन करने का सुझाव दिया। सीएम ने कहा कि अगर बच्चों को परिवार और समाज के महत्व और परिवार और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को समझाने के लिए परामर्श दिया जाता है, तो वे मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। समीक्षा में मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, राज्य सरकार के सलाहकार केशव राव, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी, सीएम सचिव माणिक राज, शिक्षा सचिव योगिता राणा, इंटरमीडिएट बोर्ड सचिव श्रीदेव सेना और स्कूल शिक्षा निदेशक नरसिम्हा रेड्डी ने भाग लिया।

# त्रासदी में तब्दील हो रहा है सैर-सपाटा

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जो हल्के-फुल्के मिलन समारोह, पिकनिक या देर रात की मौज-मस्ती के लिए होने चाहिए, वे त्रासदियों में बदल रहे हैं और हैदराबाद की सड़कों पर घातक सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान ले रहे हैं। देर रात यात्रा, तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाना, थकान इन दुर्घटनाओं के कारणों में से हैं। एक खतरनाक पैटर्न बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, जिसमें देर रात तक होने वाले मिलन समारोह, जिनमें पार्टी और पब में घूमना, आनंद यात्राएं, पिकनिक और हैंगआउट शामिल हैं, अचानक त्रासदी में समाप्त हो रहे हैं।



हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चार सामान्य कारक मुख्य रूप से प्रभावित करते पाए गए। देर रात की यात्रा सूची में सबसे पहले स्थान पर है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएँ अक्सर रात 1 से 3 बजे के बीच होती हैं। दूसरा कारक तेज़ गति, लापरवाही और लापरवाही से गाड़ी चलाना बताया गया है। ज़्यादातर, ड्राइवर, जो अक्सर अनुभवहीन होते हैं, वाहन पर नियंत्रण खो देते हैं।

जब ड्राइवर शराब के नशे में होता है या आराम नहीं करता है, तो खराब या थका हुआ ड्राइविंग करने से दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण कारण साथियों का प्रभाव है जो जोखिम भरे व्यवहार की ओर ले जाता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि देर शाम वाहन चलाने को सीमित करना, लापरवाही से वाहन चलाने पर रोक लगाना, तथा शराब पीने की स्थिति में जांच चौकियों पर निगरानी रखना खतरनाक व्यवहार को रोक सकता है।

अधिकारियों ने कहा, 'युवा वयस्कों और परिवारों को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में गति, थकान और शराब के घातक मिश्रण को उजागर किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि दोस्तों और परिवार को आगे आकर प्रियजनों को आधी रात की मौज-मस्ती वाली सैर से रोकना चाहिए और उन्हें टैक्सियों जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर ले जाना चाहिए।

इस बीच नागरिकों का कहना है कि अगर नागरिक अधिकारियों द्वारा मोड़ जैसे परेशानी वाले हिस्सों को पहचाना जाए, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टिव साइनेज और सड़क अवरोध लगाए जाएं तो घातक ओवरशूट को रोका जा सकता है। एक वरिष्ठ यातायात अधिकारी ने कहा, 'इनमें से प्रत्येक घटना एक कठोर चेतावनी है, क्योंकि जो कुछ भी लापरवाह मौज-मस्ती या आनंद यात्रा के रूप में शुरू होता है, वह संभवतः केवल विवेक की चूक के कारण अपूरणीय क्षति में बदल सकता है।'

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति मृत पाया गया

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के अफजलगंज में एक अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार, काले रंग की टी-शर्ट और ग्रे पैंट पहने लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने इंडियन पेट्रोल पंप, पुतलीबौली, अफजलगंज के पास मृत पड़ा पाया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज कर लिया गया है और हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# एफएलओ ने हाइटेक्स हॉल में स्टाइलतत्व 2025 की शुरूआत की

### उद्घाटन जीएचएमसी की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने किया

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ), हैदराबाद चैप्टर ने शुक्रवार को शहर के हाइटेक्स हॉल 2 में अपने प्रमुख फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी, स्टाइलतत्व 2025 के 5वें संस्करण की शुरूआत की, जिसका उद्घाटन जीएचएमसी की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने किया। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना और टिकाऊ शिल्प कौशल का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फैशन, सजावट, स्वास्थ्य और जागरूक जीवन शैली से जुड़े भारत भर के 250 से अधिक प्रदर्शक एक साथ आते हैं। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, मेयर विजयलक्ष्मी ने कल के विमान दुर्घटना के पीड़ितों की याद में मौन रखने का आह्वान किया और एफएलओ के निरंतर प्रयासों की सराहना की। स्टाइलतत्व केवल एक प्रदर्शनी नहीं है- यह सशक्तिकरण और विरासत का एक उज्ज्वल मंच है। डोकरा केवल एक शिल्प नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। मैं पहले से ही एफएलओ की सदस्य की तरह महसूस करती हूं और एक बार मेरा कार्यकाल समाप्त होने के बाद, मैं आधिकारिक तौर पर एक सदस्य बनना पसंद करूंगी।

मुख्य अतिथि, पूनम शर्मा, एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष, ने नीति निर्माण में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, महिलाएं आधी आबादी बनाती हैं। हमें उन्हें नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए- न केवल व्यवसाय में, बल्कि शासन और सार्वजनिक जीवन में भी। फैशन इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट डॉली जैन, जो इस अवसर पर उपस्थित थीं, ने भारतीय साड़ियों के साथ अपनी यात्रा के बारे में बताया। 17 वर्षों में, मैंने शादियों में गाउन की जगह साड़ियां पहन ली हैं - इसे ठाठ और आसान बना दिया है। मैं 325 शैलियों में साड़ियां पहनती हूं और मुझे केवल 18.5 सेकंड में सबसे तेज़ साड़ियां पहनने का विश्व रिकॉर्ड रखने पर गर्व है।

एफएलओ हैदराबाद चैप्टर की अध्यक्ष प्रतिभा कुंडा ने मेहमानों का स्वागत किया और 5वें संस्करण की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, इस साल का स्टाइलतत्व एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित है। एक विशेष पहल मंडप के माध्यम से, हम आदिलाबाद की 4000 साल पुरानी आदिवासी कला डोकरा को पुनर्जीवित कर रहे हैं- पारंपरिक तकनीकों को आधुनिक सौंदर्यशास्त्र के साथ मिलाते हुए।

# कोत्तागुडेम नगर निगम में नए नगरपालिका प्रभागों के खिलाफ आपत्तियां




कोत्तागुडेम, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही में गठित कोत्तागुडेम नगर निगम में नए नगरपालिका प्रभागों के गठन पर आपत्तियां आ रही हैं। राज्य सरकार ने सुजाता नगर मंडल की नायुकुलगुडेम, लक्ष्मीदेवीपल्ली, कोमाटीपल्ली, निम्मलागुडेम, मंगापेट, नरसिम्हासागर और सुजाता नगर ग्राम पंचायतों के साथ-साथ कोत्तागुडेम और पलोंचा नगर पालिकाओं को विलय करके निगम के निर्माण की घोषणा की थी। पलोंचा नगर निगम आयुक्त के सुजाता को नए नगर निगम के आयुक्त के रूप में पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया गया। अधिकारियों ने 5 जून को एक मसौदा अधिसूचना जारी की, जिसमें 1,34,019 मतदाताओं वाले 60 वार्डों का प्रस्ताव दिया गया और 11 जून तक जनता से लिखित आपत्तियां, शिकायतें और सुझाव आमंत्रित किए गए।

कई राजनीतिक नेताओं और निवासियों ने आरोप लगाया है कि 24 मार्च को तेलंगाना नगर पालिका (संशोधन) विधेयक-2025 पारित होने के बावजूद, निगम के निर्माण की सुविधा के लिए, नए वार्डों के सीमांकन की प्रक्रिया में अनावश्यक रूप से देरी की गई और बाद में कई खामियों के साथ जल्दबाजी की गई। आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए केवल सात दिन का समय दिया गया। पलोंचा टाउन कांग्रेस अध्यक्ष एन रंगा राव और अन्य ने आयुक्त सुजाता को एक याचिका प्रस्तुत कर समय सीमा को 10 दिन और बढ़ाने की मांग की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 11 जून को समय सीमा तक, 49 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए थे।

अधिकांश आपत्तियों में कोत्तागुडेम और पलोंचा नगरपालिकाओं के साथ-साथ विलय की गई ग्राम पंचायतों में मौजूदा नगरपालिका वार्डों के अवैज्ञानिक और मनमाने विभाजन की ओर इशारा किया गया। कोत्तागुडेम नगर भाजपा अध्यक्ष एस विद्यासागर ने आरोप लगाया कि विभाजन प्रक्रिया अव्यवस्थित थी और उन्होंने अधिकारियों से जनता की चिंताओं का समाधान करने की मांग की।

# मुहर्रम त्योहार के लिए धन जारी किया जाना चाहिए : कविता

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति अध्यक्ष और बीआरएस पार्टी एमएलसी कलवकुंतला कविता ने मांग की है कि राज्य सरकार को मुहर्रम के लिए धन जारी करना चाहिए, जो शिया मुसलमानों का सबसे पवित्र त्योहार है।



उन्होंने शुक्रवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम केसीआर की सरकार ने 2023 में मुहर्रम उत्सव के आयोजन के लिए धनराशि जारी की थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसके बाद एक भी पैसा नहीं दिया। उन्होंने याद दिलाया कि मुहर्रम के लिए हाथी जुलूस निकालना शिया मुसलमानों की परंपरा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 2024 में हाथी जुलूस निकालने की भी अनुमति नहीं दी और कहा कि इससे शिया मुसलमानों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने राज्य सरकार को सलाह दी कि इस बार ऐसी गलती न करें। उन्होंने अनुरोध किया कि कांग्रेस सरकार को मुहर्रम उत्सव को उसी भव्यता और परंपरा के साथ आयोजित करने के आदेश जारी करने चाहिए, जिस तरह केसीआर सरकार ने इसे आयोजित किया था।

राज्य मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार ने जवाब दिया और आश्वासन दिया कि वे धन जारी करने के मुद्दे को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के ध्यान में लाएंगे और मुहर्रम उत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने के आदेश जारी करेंगे।

# मंदकृष्ण मदिगा ने सीपीआई नेता नारायण से मुलाकात की

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ.के. नारायण से शुक्रवार सुबह एमआरपीएस के संस्थापक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मंदकृष्ण मदिगा ने विनम्रतापूर्वक मुलाकात की। इस अवसर पर नारायण ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर मंदकृष्ण मदिगा को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि पद्मश्री पुरस्कार के बारे में पहले उनकी राय अलग थी, लेकिन मंदकृष्ण को पद्मश्री पुरस्कार देने से पुरस्कार को सम्मान मिला है। उन्होंने याद दिलाया कि उन्होंने पहले भी मीडिया के सामने इसी बात पर बात की थी। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि पद्मश्री पुरस्कार मंदकृष्ण के तीन दशकों के अथक संघर्ष का परिणाम है, जिन आदर्शों पर वे विश्वास करते हैं और जिस एजेंडे को उन्होंने अपनाया है। दोनों नेताओं ने एससी वर्गीकरण, विधानसभाओं में बीसी आरक्षण और जाति जनगणना जैसे मुद्दों पर करीब एक घंटे तक चर्चा की। नारायण ने याद दिलाया कि देश में मौजूदा कठिन परिस्थिति में, लोकतांत्रिक कार्यकर्ताओं को एकजुट आंदोलन आयोजित करने की आवश्यकता थी।



हैदराबाद के नए कलेक्टर दसारी हरिचंदन ने मंत्री पोन्नम प्रभाकर से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# दुब्बाका विधायक ने लाभार्थियों को सीएमआरएफ के चेक वितरित किए



सिद्दीपेट, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दुब्बाका विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी ने गुरुवार को डबक में अपने कैंप कार्यालय में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) के चेक वितरित किए। विधायक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के 50 लाभार्थियों को 14 लाख रुपए के चेक प्रदान किए। रेड्डी ने लोगों से कहा कि अगर उन्हें किसी तरह की मदद की जरूरत हो तो वे उनके कार्यालय में आएं।

पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं.eT-North-WAT-19-2024, दिनांक : 06.06.2025

कार्य का नाम : यांत्रिकी क्रशर नियोजन करते हुए ठेकेदारों के कठोर पत्थर को खण्डित कर के 40,000 घनमीटर पत्थर को 50 mm गेज में बदल (स्पेसिफिकेशन के अनुसार) कर उसका डोंकिनवलसा डिपो तक परिवहन, उतरान एवं जमीन को साफ करने के साथ-साथ लेवल ग्राउन्ड (Level Ground) पर ढेरीकरण तथा उसका वाल्टियर मण्डल के रायपुर-विजयनगरम लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगडा के अधिकार क्षेत्र के अधीन डोंकिनवलसा डिपो में स्थित रेलवे वैगनों में लदान का कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 6,26,00,000/-, EMD(रुपये में) : 4,63,000/-।

(2) सूचना सं.eT-North-WAT-20-2025, दिनांक : 06.06.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/रायगडा के अधीन बोब्बिलि-सालूर लाइन में बोब्बिलि-सालूर के बीच कि.मी.416/4S-5S स्थित अतिक्रमण स्थान में सीमित ऊँचाई वाले उपमार्ग (कास्ट-insitu) का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 2,48,72,033.33, EMD(रुपये में) : 2,74,400/-।

(3) सूचना सं.eT-North-WAT-21-2025, दिनांक : 06.06.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के कोरापुट-रायगडा लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/लक्ष्मीपुर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन यातायात अवरोध की स्थिति के अनुसार KR लाइन में मौजूदा 08 संख्यक टनल (टनल नं.3, 4, 11, 14, 23, 25, 29 एवं 32) में सीपेज (Seepage) एवं बोल्डर गिरने को रोकने के लिए शमन के उपाय (पत्थर बोल्टिंग, शर्टक्रेटिंग एवं ग्राउटिंग) का कार्यान्वयन।

कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) : 16,28,01,212.77, EMD(रुपये में) : 9,64,000/-।

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 महीने (क्रम सं.01 एवं 02 हेतु) एवं 18 महीने (क्रम सं.03 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 01.07.2025 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-232/Q/25-26

# बॉलीवुड को 'मिस' करती हूं : बिपाशा बसु



सारी दुनिया के मना करने के बावजूद अपने दिल की आवाज को सुन 'जिस्म' जैसी बोल्ड फिल्म स्वीकारने वाली बिपाशा बसु का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें वह फिल्मों में अपनी वापसी के बारे में बात करती नजर आ रही है। करण सिंह ग्रोवर के साथ ब्याह करने के बाद बेटी देवी की मां बनी बिपाशा वायरल हो रहे वीडियो में बॉलीवुड को मिस करने के सवाल पर कहती है, "मिस तो करती हूं। मेरा काम है और काम तो मैं करूंगी। मुझे पता है कि बॉलीवुड मुझे भूलेगा नहीं और मुझे छोड़ कर कहीं नहीं जाने वाला, पर तब तक मेरा बच्चा बड़ा हो जाएगा।" एक मां के तौर पर मेरे अंदर भी यह चलता रहता है कि मैं काम शुरू करूं या नहीं, लेकिन अब मैं काम करना शुरू करना चाहती हूं क्योंकि अब वक्त आ चुका है। जब आप मुझे पर्दे पर देखेंगे तो आपको पता चल जाएगा। मैं फिल्मों को बहुत मिस करती हूं। उम्मीद है कि जल्द ही पर्दे पर लौटूंगी। फिल्मों के साथ ओ.टी. टी. पर भी मैं अच्छी कहानियों की तलाश में हूं। गौरतलब है कि बिपाशा ने महज 17 साल की उम्र में फोर्ड की सुपरमॉडल बनने का इतिहास रच दिया था। इतना ही नहीं, मॉडलिंग की दुनिया में राज करने के बाद अपनी पहली ही फिल्म से लोगों के दिलों में खास जगह बना ली थी। 2001 में रिलीज फिल्म 'अजनबी' में बिपाशा जब स्क्रीन पर पहली बार नजर आई तो दर्शक उसके दीवाने हो गए थे। डेब्यू फिल्म के छोटे किरदार ने ही बिपाशा को बॉलीवुड में रास्ता दिखाया। फिर 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'राज' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया और साथ ही बिपाशा को बॉलीवुड की लीडिंग हीरोइन बना दिया।

# मेहनत से जी नहीं चुराती जाह्नवी कपूर : राजकुमार राव



**राजकुमार राव** और जाह्नवी कपूर ने 'रूही' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। फिल्मों की शूटिंग के दौरान उनका रिश्ता काफी मजबूत हो गया। अब दोनों पक्के दोस्त हैं, इसलिए जब राजकुमार से जाह्नवी के साथ काम करने के अपने अनुभव को शेयर करने के लिए कहा गया, तो उसने उसके काम की खुल कर तारीफ की।

अपनी सह-कलाकार के बारे में बात करते हुए, राजकुमार ने बताया कि श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी जाह्नवी के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा है। उसने कहा, 'वह मेहनत से जी नहीं चुराती । उसे परवाह नहीं है कि वह बीमार है या नहीं, उसे परवाह नहीं है कि उसके निजी जीवन में क्या हो रहा है, अगर वह सैट पर है, तो व ह अपना 1 0 0 प्रतिशत किरदार को दे रही है ।

राजकुमार ने कहा, " जाह्नवी कपूर अपने काम के प्रति बहुत जिम्मेदार है। अपनी पहली फिल्म 'धड़क' से लेकर अब तक वह एक अभिनेत्री के रूप में बहुत आगे बढ़ी है। उसका बहुत विकास हुआ है।

### ट्रोलर्स को दिया जवाब

जाह्नवी की लुक पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं, कई लोगों ने उसके प्लास्टिक सर्जरी करवाने की सम्भावना के बारे में भी अटकलें लगाई हैं। अब, उसने आखिरकार इस लगातार चर्चा का जवाब देते हुए करारा जवाब दिया है।

उसकी एक वीडियो हाल ही में वायरल हुई । इसमें वह अपनी टीम के साथ किसी इवेंट के लिए तैयार होती हुई दिखाई दे रही है। उसके चारों ओर खड़े उसकी टीम के सदस्यों ने उसका मेकअप किया, जबकि वह आराम से बैठी और जल्दी से कुछ खा रही थी। तभी उसने कैमरे की ओर देखते हुए कहा, "मैं मंत्रमुग्ध कर देने वाली लग रही हूं। सच में मैं बहुत लुभावनी लग रही हूं लेकिन वे कहेंगे कि यह प्लास्टिक है, लेकिन कौन परवाह करता है ?

उसकी यह बात सुन कर उसकी टीम हंस पड़ी। पिछले साल उसकी छोटी बहन खुशी कपूर ने तब सुर्खियां बटोरी थीं जब उसने खुलासा किया था कि उसने अपनी लुक निखारने के लिए कॉस्मैटिक सर्जरी करवाई है, जिसमें नाक की सर्जरी और फिलर्स शामिल हैं।

### आगे बढ़ रहा करियर

जानकार मानते हैं कि जाह्नवी का करियर निश्चित रूप से ऊपर की ओर बढ़ा है । 'गुंजन सक्सेना : द कारगिल गर्ल' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही', 'बवाल' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए उसे आलोचकों और प्रशंसकों से सराहना मिली है।

जाह्नवी जल्द ही फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आएगी। इसके साथ फिर वह दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है, वह भी एक ऐसे अवतार में, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया है।

इस रोमांटिक कॉमेडी का टीजर रिलीज हो गया है । यह उसके करियर की पहली ऐसी फिल्म है जिसमें वह आधी मलयाली और आधी तमिल लड़की की भूमिका निभा रही है।

'परम सुंदरी' की दुनिया में जाह्नवी पूरे आत्मविश्वास और आकर्षण के साथ कदम रखती है। केरल और तमिलनाडु की सुंदरता उसकी सांस्कृतिक जड़ों की झलक दिखाती है जो एक साथ जीवंत भी है और शालीन भी ।

### आलीशान घर में रहती है जाह्नवी

जाह्नवी ने कुछ समय पहले अपने मुंबई के घर की झलक दिखाई थी। उसका घर बेहद आलीशान और शानदार है। घर का टूर करवाते हुए उसने अपनी मां को याद भी किया। जाह्नवी के घर में कांच की बड़ी खिड़कियां बनाई गई हैं, जिनसे सनलाइट अंदर आती है। सुंदर पेंटिंग, स्टाइलिश आर्टवर्क्स और अट्रैक्टिव फर्नीचर इस जगह को एक जैंटल और बैलेंस्ड रूप देते हैं।

जाह्नवी के घर की दीवारें फैमिली की तस्वीरों से भरी हैं और श्रीदेवी की तस्वीरें घर को न केवल शानदार बनाती हैं, बल्कि पर्सनली बेहद खास भी बनाती हैं।

खूबसूरत सीढ़ियां जाह्नवी के पर्सनल बैडरूम तक जाती हैं, जबकि एक दीवार पर लगे एक बड़े मिरर के जरिए पूरे घर का व्यू दिखाई देता है। दूसरी दीवार पर परिवार की तस्वीरें हैं जो खूबसूरत यादें समेटे हुए हैं। डाइनिंग स्पेस बेहद शाही दिखता है, जहां एक लंबी लकड़ी की मेज के ऊपर लटका हुआ झूमर इसे और खूबसूरत बना देता है। इसकी बगल में लकड़ी के फर्श, ग्रीनरी और सुनहरी रोशनी वाला एक बार और लिविंग एरिया है।

घर के बाहर जाह्नवी के पास एक वि शा ल स्वि मिं ग पूल और ए क फायरप्लेस स्पेस है जो फंक्शन के लिए एकदम सही है। ये डुप्लैक्स 8,600 वर्ग फुट से ज्यादा जगह में फैला है और यहां पांच कारों के लिए पार्किंग की फैसिलिटी भी है। घर का टूर करते हुए उसने कहा, "मां के गुजर जाने के बाद लंबे समय तक ह फैमिली की तरह एक साथ नहीं बैठते थे क्योंकि यह हमें उस खालीपन की याद दिलाता था। कहा, इस घर ने हमें कई मायनों में एक नई शुरुआत दी है और साथ ही मां इस घर में कभी नहीं रहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी एनर्जी हर जगह है क्योंकि मुझे पता है कि वह हमारे लिए यही चाहती थीं।"

# एक्टिंग मेरे खून में है: अंशुला कपूर



फिल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर अब अभिनय जगत में कदम रखने जा रही है। वह ओ.टी. टी. पर एक अलग तरह की सीरीज 'द ट्रेटर्स' से डेब्यू करने के लिए तैयार है, जिसे करण जौहर होस्ट करेगा ।

होस्ट करण जौहर ने हाल ही में सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अंशुला से पूछा, 'क्या आप गेम में आगे बढ़ने के लिए किसी को धोखा दे सकती हैं ?


जवाब देते हुए अंशुला ने बताया, ₹आपने मुझे मासूम और शांत कहा, मैं ऐसी दिख सकती हूं, मैं प्यारी भी दिख सकती हूं, लेकिन एक्टिंग तो मेरे खून में है । मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूं और यही मेरी खूबी है ।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान करण जौहर ने बताया कि यह शो झूठ, धोखे और ड्रामे से भरा है । वह न केवल गेम को कंट्रोल करेगा, बल्कि 20 प्रतियोगियों के बीच होने वाले झगड़े और साजिशों को भी करीब से देखेगा ।

बताया जा रहा है कि 'द ट्रेटर्स' के साथ एक ऐसे फॉर्मेट को पेश किया जा रहा है, जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा, जो एंटरटेनमैंट को एक नए लैवल पर ले जाएगा। यह ट्रस्ट और धोखे की सबसे बड़ी परीक्षा है, जहां खिलाड़ी हर वक्त शक और साजिश के माहौल में खेलते हैं और उनका माइंड ही उनका सबसे बड़ा हथियार होता है ।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के भारतीय वर्जन में 20 मशहूर हस्तियां हैं, जिनमें अंशुला कपूर के साथ अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, जन्नत जुबैर, जैस्मीन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, राज कुंद्रा, सुधांशु पांडे और ऊर्फी जावेद समेत अन्य के नाम शामिल हैं। ये 20 प्रतियोगी राजस्थान के शानदार सूर्यगढ़ पैलेस में नकद पुरस्कार और खिताब जीतने के लिए आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे ।

# टाइगर की मां ने किया दिशा पाटनी को बर्थडे विश
## जवाब में एक्ट्रेस ने लिखा- 'लव यू माय आंटी'



दिशा पाटनी आज अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर आज दिशा के एक्स बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ की मां आयशा ने भी एक्ट्रेस को जन्मदिन की खास बधाई दी है। उन्होंने दिशा के साथ दो तस्वीरें शेयर कीं और एक खास नोट भी लिखा।

### आयशा श्रॉफ का पोस्ट

दिशा पटानी और टाइगर श्रॉफ के रिश्ते की अफवाहें लंबे समय से थीं, लेकिन 2022 में दोनों के अलग होने की खबर आई। हालांकि, टाइगर की मां आयशा श्रॉफ का दिशा के साथ प्यारा रिश्ता अब भी कायम है। दिशा के 33वें जन्मदिन पर आयशा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पर दो तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में दिशा गाय के पास बैठी नजर आ रही हैं और वहीं दूसरी में दिशा वह आयशा के साथ मस्ती करती दिखीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीशू। आपके लिए आने वाला वर्ष मंगलमय हो।' आयशा की इस पोस्ट के बाद दिशा ने रिप्लाई करते हुए लिखा, 'मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं मेरी आंटी।'

### दिशा और टाइगर

दिशा और टाइगर की जोड़ी 2016 के म्यूजिक वीडियो बेफिक्रा और फिल्म बागी 2 में नजर आई थी। दिशा ने बागी 3 में भी एक स्पेशल डांस नंबर किया। दोनों ने कभी अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की, लेकिन साथ दिखने से अफवाहें थीं। 2022 में उनके ब्रेकअप की खबरें आईं, पर दोनों ने इस पर चुप्पी साधी।

फिर भी, दिशा का टाइगर की बहन कृष्णा और मां आयशा के साथ अच्छा रिश्ता है। आज दिशा के जन्मदिन पर उनकी दोस्त मौनी रॉय ने भी इंस्टाग्राम पर प्यार भरा संदेश लिखा। उन्होंने दिशा को अपनी खास दोस्त और रहस्यमयी, खूबसूरत बहन बताया, जो उनके जीवन में खुशियां लाती हैं। मौनी ने दिशा के लिए दुआ मांगी कि उन्हें उनकी हर इच्छा पूरी हो। वहीं दिशा ने आज राधा-कृष्णा का आशीर्वाद लेकर अपने जन्मदिन की शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ मौनी रॉय भी नजर आईं।

# सबकी अपनी अपनी पसंद होती है : सारा अली खान



सारा फिल्म निर्माता अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन ए मैट्रो' की प्रशंसक रही है। वह इसके सीक्वेल में काम करने के बाद खुद को लक्की महसूस कर रही है।

सारा अली खान के लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। जल्द ही वह फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' में नजर आएगी, जो 2007 में आई हिट फिल्म 'लाइफ इन ए मैट्रो' की सीक्वेल है । दरअसल, सारा फिल्म निर्माता अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन ए मैट्रो' की प्रशंसक रही है । सारा ने कहा कि इसके सीक्वेल में काम करने के बाद अब वह को लक्की महसूस कर रही है। उसने सोशल खुद मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मैट्रो देखने और उसे पसंद करने से लेकर अब इसमें काम करने तक। सपने सच होते हैं। मैं अनुराग बसु की प्रशंसक रही हूं- अब मैं कह सकती हूं कि मैं भी अनुराग बसु की हीरोइन हूं।

फिल्म के ट्रेलर में एक ही शहर की चार प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं, जो प्यार, तकरार और जिंदगी के फलसफों से भरी हैं । ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान सारा अली खान और फिल्म में उसके हीरो आदित्य रॉय कपूर से 'सिचुएशनशिप' जैसे आज की पीढ़ी में लोकप्रिय डेटिंग के तरीकों पर अपने विचार शेयर करने के लिए कहा गया।

आदित्य ने कहा, "सिचुएशनशिप क्या है ? मुझे तो यह भी समझ नहीं आता कि इस शब्द का मतलब क्या है । इस मामले में मैं पुराने जमाने का हूं।

वहीं सारा ने भी इसी तरह का जवाब देते हुए कहा, "वैसे तो हर किसी की अपनी पसंद होती है, लेकिन मैं ' सिचुएशनशिप' या दूसरी चीज में विश्वास नहीं करती ।

2007 में आई ऑरिजिनल फिल्म 'लाइफ इन ए मैट्रो' की तरह फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' में 4 कपल्स की लव स्टोरीज हैं, जिनमें पहला कपल है आदित्य - सारा अली खान और दूसरा है अली फजल - फातिमा सना शेख । सारा को पिछली बार एक्शन ड्रामा फिल्म 'स्काई फोर्स' में देखा गया था, जो 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध पर थी ।

# करिश्मा कपूर के पूर्व पति की मौत से टूटीं शालिनी पासी, बोलीं- एक पल में सब कुछ खत्म



बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर के असमय निधन से उनके करीबियों को गहरा सदमा पहुंचा है। उनके चाहने वाले इस खबर से काफी दुखी हैं। उनकी करीबी दोस्त और सोशलाइट शालिनी पासी भी इस खबर से बेहद आहत हैं। 'फैब्युलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स' में नजर आ चुकीं शालिनी पस्सी ने संजय कपूर के अचानक यूं चले जाने पर शोक व्यक्त किया।

### शालिनी पासी ने संजय के निधन पर क्या कहा?

दिल्ली की जानी-मानी हस्ती शालिनी पासी ने संजय कपूर के निधन पर कहा, ये खबर न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि जीवन की अस्थिरता को भी उजागर करती है। उन्होंने कहा, 'जीवन में हम बहुत कुछ गंभीरता से लेते हैं, लेकिन एक पल में सब कुछ खत्म हो सकता है।' उन्होंने बताया कि संजय और उनकी पत्नी प्रिया सचदेव से अक्सर उनकी मुलाकात होती थी और उनके परिवारों के बीच करीबी रिश्ते थे।

### शालिनी ने संजय के लाइफस्टाइल पर कही बड़ी बात

एचटी सिटी से बातचीत करते हुए शालिनी पस्सी ने कहा कि संजय में जिंदगी के प्रति गहरा जोश था, चाहे वो उनका बिजनेस हो या पोलो का खेल। उन्होंने उन्हें एक ऐसे शख्स के रूप में याद किया जो दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने आगे बताया कि उनकी आखिरी बातचीत में संजय और प्रिया ने उन्हें उनके शो की सफलता के लिए बधाई दी थी और दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व महसूस किया था।

### पोलो खेलते हुए मुंह में घुसी मधुमक्खी

गौरतलब है कि संजय कपूर का निधन यूके में पोलो खेलते समय हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें खेल के दौरान हार्ट अटैक आया, जिसके कारण उनका निधन हो गया। हालांकि इस घटना की पूरी पुष्टि अभी परिवार की ओर से नहीं हुई है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि खेल के दौरान एक मधुमक्खी के काटने से उनकी तबीयत बिगड़ी, जिससे हार्ट अटैक हुआ।

### सोशल मीडिया पर भी शोक संदेशों की बाढ़

संजय कपूर को लेकर सोशल मीडिया पर भी गहरा शोक व्यक्त किया जा रहा है। इंडसट्रियलिस्ट सुहेल सेठ ने सबसे पहले उनके निधन की जानकारी शेयर की। इसके बाद, सोना कॉमस्टार के एमडी और ग्रुप सीईओ विवेक विक्रम सिंह ने भी लिंक्डइन पर एक भावुक पोस्ट लिखते हुए संजय को अपना सबसे करीबी दोस्त बताया और कहा कि उनका स्थान कभी नहीं भरा जा सकेगा।

संजय कपूर की निजी जिंदगी

संजय कपूर की निजी जिंदगी भी सुर्खियों में रही है। उनकी पहली शादी एक्ट्रेस करिश्मा कपूर से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे हैं। बाद में उनका तलाक हुआ और उन्होंने प्रिया सचदेव से विवाह किया। प्रिया से उनका एक बेटा है, जबकि प्रिया की पहली शादी से एक बेटी सफीरा भी है, जिसे संजय ने भी सह-पालन में सहयोग दिया।

# शनिवार और चतुर्थी का योग

## व्रत-उपवास के साथ ही तेल से करें शनिदेव का अभिषेक, गणेश जी के 12 नामों का करें जप



शनिवार, 14 जून को आषाढ़ कृष्ण गणेश चतुर्थी व्रत है। इस तिथि भगवान गणेश के लिए व्रत-उपवास और पूजन किया जाता है। इस बार शनिवार को ये चतुर्थी होने से इस दिन भगवान गणेश के साथ ही शनि देव और हनुमान जी की भी विशेष पूजा करनी चाहिए।

भगवान गणेश चतुर्थी तिथि पर ही प्रकट हुए थे, इसी वजह से वे इस तिथि के स्वामी हैं। गणेश जी की प्रकट तिथि होने की वजह से चतुर्थी पर भक्त व्रत-उपवास करते हैं, विशेष पूजा-पाठ करते हैं। मान्यता है कि इस व्रत से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, उनके घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

ज्योतिष में शनिवार का स्वामी ग्रह शनि को माना जाता है, इसलिए शनिवार को शनिदेव की विशेष पूजा करने की परंपरा है। जानिए शनिवार और चतुर्थी के योग में कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

शनिवार को सुबह जल्दी उठें, स्नान के बाद लाल वस्त्र धारण करें। इसके बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में गणेश की मूर्ति स्थापित करें। भगवान को दूर्वा, जल, पंचामृत अर्पित करें। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। सिंदूर, दूर्वा, फूल, चावल, फल, प्रसाद चढ़ाएं, धूप-दीप जलाएं। ऊँ गणेशाय नमः मंत्र का जप करते हुए पूजा करें। गणेश जी के सामने व्रत करने का संकल्प लें। व्रत करने वाले व्यक्ति को दिनभर निराहार रहना चाहिए, जो लोग भूखे नहीं रह पाते हैं, वे फल, दूध और फलों के रस का सेवन कर सकते हैं। गणेश जी के सामने दीपक जलाकर भगवान के **12 नाम मंत्रों का जप करना चाहिए- 12 नाम मंत्र - ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ एकदंताय नमः, ऊँ कपिलाय नमः, ऊँ गजकर्णाय नमः, ऊँ लंबोदराय नमः, ऊँ विकटाय नमः, ऊँ विघ्ननाशाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः, ऊँ धूम्रकेतवे नमः, ऊँ गणाध्यक्षाय नमः, ऊँ भालचंद्राय नमः, ऊँ गजाननाय नमः।**

पूजा पूरी होने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित करें और गणेशजी से दुख दूर करने की प्रार्थना करें। शनिवार और चतुर्थी के योग में शनि को तेल चढ़ाएं, तेल से अभिषेक करें, ऊँ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करें।

# श्रीराम और हनुमान जी की पहली मुलाकात

## दूसरों की बातें ध्यान से सुनें, समझें और ऐसे समाधान बताएं, जिनसे सभी का फायदा हो सकता है



रामायण में रावण ने देवी सीता का हरण कर लिया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए किष्किंधा पहुंच गए थे। उस समय सुग्रीव, हनुमान जी और जामवंत के साथ बालि से डरकर एक गुफा में छिपी हुए थे। जब सुग्रीव ने दो अनजान राजकुमारों को देखा तो वह डर गया और उसने हनुमान जी को इनकी सच्चाई मालूम करने के लिए भेज दिया।

हनुमान जी वेश बदलकर श्रीराम और लक्ष्णण के पास पहुंच गए। जब इन्होंने बात की तो श्रीराम ने हनुमान जी को अपनी तकलीफ बताई कि मेरी पत्नी सीता का एक राक्षस ने अपहरण कर लिया है। हम सीता को खोज रहे हैं, लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

हनुमान जी ने श्रीराम की बातें बहुत ध्यान से सुनीं, समझीं और उन्होंने कहा कि मैं वानरों के राजा सुग्रीव का दूत हूं। मेरे राजा की परेशानी यह है कि उनका बड़ा भाई बाली उनको मारना चाहता है, बाली बहुत शक्तिशाली है, इसलिए सुग्रीव यहां छिपे हुए हैं। मेरे राजा और आप दोनों परेशान हैं।

आप मेरे पूज्य हैं, मैं आपसे निवदेन करता हूं कि आप सुग्रीव से मित्रता कर लें। आप सुग्रीव की समस्या दूर कर दीजिए और फिर सुग्रीव देवी सीता की खोज में आपकी मदद करेंगे।

श्रीराम ने हनुमान जी की बात सुनी और लक्ष्मण से कहा कि इसे कहते हैं, त्वरित बुद्धि और दूरदर्शिता। हनुमान ने मेरी समस्या सुनी और सुग्रीव की समस्या तो वे जानते ही हैं। दोनों की समस्याएं एक साथ कैसे खत्म हो सकती हैं, इसका समाधान भी हनुमान ने खोज लिया।

**इस प्रसंग से सीखें जीवन प्रबंधन के 3 सूत्र**

सुनना, समझना और समाधान देना

हनुमान जी ने राम जी की बातें ध्यान से सुनीं, समझीं और फिर ऐसा समाधान दिया जिससे सभी का भला हुआ। हमें भी दूसरों की बातें ध्यान से सुननी और समझनी चाहिए, इसके बाद ऐसे समाधान बताएं जो सभी के लिए लाभदायक हो सकते हैं।

**दूरदर्शिता जरूर रखें**

हनुमान जी ने तत्काल परिस्थिति के आगे भी सोचा, सीता की खोज कैसे होगी, किससे मदद ली जा सकती है, ये सब एक ही बात में स्पष्ट कर दिया। हमें भी ऐसी दूरदर्शिता रखनी चाहिए। वर्तमान की परिस्थियों को समझें और फिर भविष्य को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय लें।

**सिर्फ सुझाव न दें, काम भी करें**

हनुमान जी ने राम जी को केवल सुझाव ही नहीं दिया, बल्कि सुग्रीव से मित्रता कराने के बाद सीता की खोज करने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। हमें भी दूसरों को सुझाव देने के साथ ही उनकी मदद करने की कोशिश भी करनी चाहिए।

# किसी साधु का मूल्यांकन करने में सावधानी रखें

इन दिनों धार्मिक गतिविधियां बहुत बढ़ गई हैं। समाज में साधु-संतों का आना-जाना, दिखना ज्यादा हो गया है। यदि आप सामान्य मनुष्य हैं तो जब किसी साधु को देखें तो उसका मूल्यांकन करने में सावधानी रखें। क्योंकि संत यदि सक्रिय दिखे तो उसे बेचैन मत समझना। यह मत मान लेना कि वो भी तामसी वृत्ति में लगा है, रजोगुणी है। और संत निष्क्रिय दिखे तो उसे आलसी न मान लीजिए। हो सकता है उसके भीतर मौन और शांति घटी है। लेकिन हमारी आदत होती है कि हम जैसे होते हैं, वैसा ही दूसरे को देखने लगते हैं। ज्यादातर मौकों पर हम अपनी ही छवि दूसरों में डालकर देखते हैं। दूसरे के व्यक्तित्व का निर्णय करते समय हम अपना ही फैलाव कर लेते हैं। तो चूंकि इस समय साधु-संतों का समाज में हस्तक्षेप, गतिविधियां बढ़ गई हैं, इसलिए जितनी समझ अन्य विषयों की रखी जाए, साधु-संतों के आचरण की भी रखी जाए।

उनको परखने में कोई कमी मत रखिए, लेकिन उनका अपमान न करें। क्योंकि हो सकता है इस भूल के कारण एक अच्छा व्यक्ति हमारे जीवन से अकारण दूर चला जाएगा। साधु का संग हरि कृपा है।

# मनीप्लांट नहीं, घर में इन पौधों को लगाने से दूर होंगे सारे कष्ट



अगर जीवन में धन से जुड़ी बार-बार परेशानियां आ रही हैं, मानसिक तनाव बना रहता है या घर में शांति की कमी महसूस हो रही है, तो इसका कारण घर का वास्तु दोष हो सकता है। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई आसान उपाय बताए गए हैं जिनसे जीवन में खुशहाली लाई जा सकती है। इन उपायों में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। अगर घर में सही दिशा और सही तरीके से कुछ विशेष पौधे लगाए जाएं, तो नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है। पौधे सिर्फ वातावरण को हरा-भरा नहीं बनाते, बल्कि घर की ऊर्जा को भी बदल देते हैं। सनातन परंपरा में पेड़-पौधों को शुभ और पूजनीय माना गया है। इनका धार्मिक, ज्योतिषीय और स्वास्थ्य से जुड़ा महत्व भी है।

**अशोक का पेड़**

वास्तु शास्त्र के अनुसार अशोक का पेड़ बहुत शुभ माना गया है।

अगर इस पेड़ को घर के मुख्य दरवाजे के दोनों ओर लगाया जाए, तो बुरी शक्तियां और नेगेटिव एनर्जी घर में प्रवेश नहीं कर पातीं। इससे घर का माहौल शुद्ध और शांत रहता है। यह पेड़ घर में खुशियां लाने और धन-समृद्धि बढ़ाने में मदद करता है। अशोक का पेड़ तनाव और आपसी कलह को भी कम करता है, जिससे पारिवारिक संबंध बेहतर होते हैं।

**शमी का पौधा**

ज्योतिष के अनुसार शमी का पौधा शनि ग्रह से जुड़ा होता है। जिन लोगों की कुंडली में शनि की बाधाएं चल रही हों या साढ़ेसाती हो, उनके लिए यह पौधा बहुत लाभकारी होता है। इस पौधे को घर के मुख्य दरवाजे के बाईं ओर लगाना चाहिए या फिर गमले में भी इसे उगाया जा सकता है। शनिवार के दिन इसकी पूजा करने से शनि देव की कृपा मिलती है और जीवन में चल रही रुकावटें दूर होती हैं।

**तुलसी का पौधा**

तुलसी का पौधा हर घर में होना चाहिए। यह न केवल धार्मिक रूप से पूजनीय है बल्कि वातावरण को भी शुद्ध करता है। अ तुलसी को पूर्व या उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इसकी रोज पूजा करने से घर में शांति और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। तुलसी का पौधा देवी लक्ष्मी को भी प्रिय है, जिससे घर में धन और बरकत बनी रहती है।

# बड़ा ही चमत्कारी है हनुमान जी का ये मंदिर यहां मूर्ति से हर समय निकलता है पसीना



यूपी के फिरोजाबाद में वैसे तो कई चमत्कारिक मंदिर हैं, जहां दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं और मन्नतें मांगते हैं। लेकिन यमुना किनारे बजरंगबली का एक ऐसा प्राचीन मंदिर है, जो रहस्यमयी है। जी हां, इस मंदिर में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा एक चमत्कारिक मूर्ति है। जिससे हर समय पानी निकलता रहता है। इस मूर्ति से पानी क्यों और कैसे निकलता है इसका पता आज तक नहीं चला है। वहीं इस मंदिर को लोग पसीना वाले हनुमान जी के मंदिर के नाम से जानते हैं। इस मंदिर में दर्शन करने से भक्तों को सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। हर मंगलवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ लगती है।

**राजा चंद्रसेन ने कराया था मंदिर का निर्माण, हर समय मूर्ति से निकलता है पसीना**

फिरोजाबाद से लगभग सात किलामीटर दूर यमुना किनारे बजरंगबली का एक अनोखा प्राचीन मंदिर है। मंदिर के पुजारी धर्मराज ने बताय़ा कि यह मंदिर पसीना वाले हनुमान जी के नाम से प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि जहां यह मंदिर स्थापित है यहां पास में ही राजा चंद्रसेन की नगरी चंद्रवाड़ थी। इस मंदिर का निर्माण भी राजा चंद्रसेन ने कराया था। लेकिन समय के साथ मंदिर भी विलुप्त हो गया और फिर एक दिन घूमते फिरते यहां संत पहुंचे, जिन्होंने बजरंगबली के इस मंदिर को देखा औऱ फिर से यहां पूजा अर्चना की। धीरे धीरे मंदिर पर भक्तों की भीड़ आनी शुरु हुई। इस मंदिर में स्थापित बजरंगबली की मूर्ति से निरंतर पसीना बहता रहता है। सर्दी, गर्मी या बारिश हो रही हो। हर मौसम में पसीना बहता रहता है। इसलिए भक्त इस मंदिर को पसीना वाले हनुमान जी के नाम से जानते हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस मंदिर में हर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। यहां आने वाले सभी भक्त अपनी मुरादें मांगते हैं औऱ हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। सुबह और शाम बजरंगबली की आरती की जाती है। मंदिर में दर्शन के लिए वैसे तो रोजाना भक्त आते हैं, लेकिन मंगलवार के दिन यहां भक्तों की भारी भीड़ उमडती है। इस मंदिर में स्थापित पसीना वाले हनुमान जी के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उनकी सभी मुरादें पूरी हो जाती हैं।

# नेगेटिव एनर्जी हटाने के चक्कर में नुकसान न कर बैठें

## नमक-फिटकरी रखने का सही तरीका

अक्सर लोगों को ये लगता है कि घर की परेशानियों, तनाव या लगातार बिगड़ते हालात की वजह बाहर की दुनिया होती है। लेकिन वास्तु और एनर्जी साइंस मानता है कि कई बार इसके पीछे घर में जमा हो चुकी नकारात्मक ऊर्जा होती है। इसे साफ करने के लिए लोग कई घरेलू उपाय करते हैं, जैसे सेंधा नमक रखना, फिटकरी इस्तेमाल करना या फिर 108 लैंप जलाना। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन उपायों को गलत जगह या गलत तरीके से रखने पर ये फायदे के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकते हैं? सलाह देते हैं कि टॉयलेट, स्टोररूम या बेडरूम में सेंधा





नमक के टुकड़े रख दो या फिटकरी रख दो – इससे नेगेटिव एनर्जी हटेगी। यह बात सही है कि सेंधा नमक और फिटकरी में माहौल की नकारात्मकता को खींचने की ताकत होती है। लेकिन इनका इस्तेमाल करने का भी एक तरीका होता है।

अगर आप सेंधा नमक या फिटकरी को किसी कोने में लंबे समय तक रख देते हैं तो वह पहले की जमा नेगेटिव एनर्जी को तो सोख लेता है, लेकिन कुछ घंटों बाद वही ऊर्जा फिर से उसी जगह फैलने लगती है। इसीलिए यह जरूरी है कि जब भी आप सेंधा नमक या फिटकरी का इस्तेमाल करें, तो उसे 2-3 घंटे बाद हटा दें या बहते पानी में बहा दें।

**कहां रखें, कितनी देर रखें?**

**-टॉयलेट या बाथरूम में:** सेंधा नमक का छोटा सा टुकड़ा किसी कटोरी में रख सकते हैं, लेकिन हर दो-तीन घंटे में उसे हटा दें या बदल दें।

**-स्टोररूम में:** अगर यहां रख रहे हैं तो शाम के समय रखकर रात में हटा लें।

**-बेडरूम में:** बेड के नीचे रखने की सलाह दी जाती है लेकिन पूरी रात नहीं। दो घंटे से ज़्यादा न रखें।

**क्यों जरूरी है समय का ध्यान रखना?**

ये उपाय तभी असरदार होते हैं जब इन्हें सीमित समय तक इस्तेमाल किया जाए। जैसे ही नमक या फिटकरी अपने अंदर ऊर्जा सोख लेता है, उसके बाद वह उल्टा असर दिखाने लगता है। कई बार लोग इसे हफ्तों तक रखे रहते हैं और सोचते हैं कि ये अभी भी काम कर रहा है, जबकि असल में वह नेगेटिविटी वापस वातावरण में छोड़ रहा होता है।

**क्या करें इन उपायों के बाद?**

**-इस्तेमाल किए गए सेंधा नमक को बहते पानी में बहा दें या जमीन में दबा दें।**

**-फिटकरी को अगली बार इस्तेमाल करने से पहले उसे धूप में रखकर शुद्ध करें।**

**-हर बार नया नमक या साफ की गई फिटकरी ही दोबारा प्रयोग करें।**

# शुभ या अशुभ! सपने में बारिश देखने का क्या मतलब?

हिन्दू धर्म में अनेक प्रकार के शास्त्र कहे गए हैं। उन्ही शास्त्रों मे से एक स्वप्न शास्त्र भी महत्वपूर्ण होता है। सोते समय में हम, जो सपने देखते हैं। उन सपनों का स्वप्न शास्त्र में अर्थ भी बताया गया है। देखा जाता है कई बार हमें सपने में बरसात दिखे, तो यह एक शुभ सपना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि सपने में बरसात का दिखना हमारे भाग्य से जुड़ा होता है। आइए जानते हैं उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से कि स्वप्न शास्त्र में इन सपनों के बारे में क्या कहा गया है।

सपने में बारिश देखना बेहद शुभ


इच्छापूरी होना – स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आप सपने में बारिश होते हुए देख रहे है, तो यह एक अच्छा संकेत है। शास्त्र के अनुसार इस सपने का मतलब है कि आपको जल्द से जल्द कुछ शुभ समाचार मिलने वाला है और आपके जीवन में कुछ अच्छा बदलाव होने की उम्मीद है। इसके अलावा यह सपना इशारा करता है कि आपका कोई रुका हुआ काम बन सकता है और मनचाही इच्छा भी जल्द पूरी हो सकती है।

आर्थिक समस्या – स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आप सपने में तेज या फिर झमाझम बारिश होते हुए देखते हैं तो यह एक शुभ संकेत है। इसका मतलब है कि धन की देवी मां लक्ष्मी आप पर मेहरबान होने वाली हैं जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं दूर हो सकती हैं और धन लाभ के नए रास्ते खुल सकते हैं।

नौकरी – अगर सपने में अगर आप खुद को बारिश में भीगते हुए देखते हैं तो इसका मतलब है कि आपको जल्द किसी काम में सफलता मिलने वाली है। जीवन की मुश्किियों से छुटकारा मिलने वाला है। नौकरीपेशा वाले लोगों की समस्याएं दूर हो सकती हैं या फिर नौकरी में प्रमोशन हो सकता है।

करियर – सपने में पानी देखना भी स्वप्नशास्त्र में शुभ बताया गया है। इसका अर्थ है कि आपको करियर में सफलता मिलने वाली है। आपको व्यापार में धन लाभ होगा। जीवन की परेशानियां दूर होंगी। सपने में बारिश और पानी का दिखाई देना आपके घर सुख-समृद्धि के आगमन का संकेत है। घर परिवार के सदस्यों के बीच मन मुटाव कम होगा और प्रेम बढ़ेगा, इसलिए बारिश का सपना आना शुभ सपनों में से एक है। इस सपने से हमारे जीवन में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

# इन वॉलपेपर से मोबाइल नहीं, आपकी किस्मत बिगड़ सकती है!



**धार्मिक स्थान का वॉलपेपर न लगाएं**

बहुत से लोग अपने मोबाइल पर मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद या किसी और धार्मिक जगह की फोटो लगा लेते हैं। लेकिन वास्तु अनुसार, यह सही नहीं है। मोबाइल को हम कभी भी और कहीं भी इस्तेमाल करते हैं – गंदे हाथों से, टॉयलेट में या बेड पर लेटे हुए। ऐसे में पवित्र स्थानों की तस्वीरों को स्क्रीन पर लगाना उन स्थानों के प्रति सम्मान की कमी मानी जाती है। इससे मानसिक अशांति भी हो सकती है।

**भावनात्मक या नेगेटिव इमोशन दिखाने वाले वॉलपेपर**

कुछ लोग अपने मूड के हिसाब से इमोशनल **वॉलपेपर लगा लेते हैं, जैसे –** उदासी, गुस्सा, जलन, रोना या तन्हाई दिखाने वाले फोटो। लेकिन ध्यान रहे कि ये इमेज हमारे मन पर असर डालती हैं। ऐसे वॉलपेपर देखने से हमारा मूड बार-बार वैसा ही हो जाता है और धीरे-धीरे मन में नकारात्मक सोच घर कर लेती है। इससे काम में मन नहीं लगता और आत्मविश्वास भी कम हो जाता है।

**देवी-देवताओं की तस्वीरों को स्क्रीन पर न लगाएं**

कई लोग भगवान की फोटो को शुभ मानकर वॉलपेपर बना लेते हैं, लेकिन यह वास्तु नियमों के खिलाफ है। मोबाइल का प्रयोग बहुत सामान्य और कभी-कभी अपवित्र जगहों पर भी होता है, जिससे देवी-देवताओं की तस्वीरों का अपमान होता है। इसके कारण ग्रहों से जुड़ी परेशानी और बाधाएं शुरू हो सकती हैं। ॉगहरे रंगों वाले वॉलपेपर से परहेज़ करें काला, गहरा नीला, जामुनी या भूरा रंग वास्तु के अनुसार नकारात्मक ऊर्जा बढ़ाते हैं। ये रंग दिमाग में भारीपन और थकावट की भावना लाते हैं। ऐसे वॉलपेपर से करियर, व्यापार या पढ़ाई में बाधाएं आ सकती हैं और सफलता मिलने में देरी हो सकती है।

# समाज का आईना हैं लडकियां

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक मीम काफी वायरल हो रहा है जिसमें शहर में काम कर रहा लडका अपने दोस्त से कहता है कि घरवाले फिर शादी की बात छेड रहे हैं। हद तो तब हो गई जब उन्होंने लडकी की फोटो भी भेज दिया है। लेकिन मैं इतना डर गया हूं कि शादी के नाम से घबराहट होने लगती है। जब दोस्त ने पूछा किस बात का डर है? कर ले शादी। लड़के ने जवाब दिया सोनम रघुवंशी वाला केस देखा तूने? घरवालों की मर्जी से अरेंज मैरेज हुई थी। लड़की हनीमून पर गई तो पति को ही मरवा दिया, वो भी अपने प्रेमी के साथ मिलकर। दोस्त ने हंसते हुए कहा, तो फिर लव मैरेज कर ले। अपनी पसंद की लड़की ढूंढ, बात कर, कर ले शादी। लड़का भड़क कर बोला और तू भूल गया मेरठ के 'नीले ड्रम' वाला केस? वो तो लव मैरेज ही थी। फिर भी लड़की ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। अब कहां मिलेंगी वो 'सुसंस्कारी, सुंदर, शालीन' लड़कियां। दोनों थोड़ी देर चुप रहे। फिर दोस्त ने भी सिर खुजाते हुए कहा, हां यार... अब तेरा क्या होगा? देखा जाए तो यह सिर्फ दो दोस्तों की बातचीत नहीं है। यह उस पूरे माहौल का असर है जो हर महिला अपराध की खबर के बाद और गहराता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की मिलीभगत ने ऐसा डर पैदा कर दिया है कि अब शादी के नाम से ही रूह कांपने लगती है। अब भ्रम फैलाया जा रहा है कि आज की लड़कियां बेलगाम हो चुकी हैं और पढ़ाई, आज़ादी और प्रेम ने उन्हें हिंसक बना दिया है। लेकिन इस पॉइंट पर एक बात स्पष्ट होनी चाहिए - हत्या, हत्या होती है। जघन्य अपराध। चाहे सोनम रघुवंशी हो या 'नीले ड्रम'वाली मुस्कान। अगर उन्होंने अपने पतियों की हत्या की है तो यह वीभत्स अपराध है और उन्हें कानून के मुताबिक सख्त सजा मिलनी ही चाहिए। कुछ महिलाओं के अपराध देखकर पूरी स्त्री जाति को ही दोषी बना देना ठीक नहीं है। सदियों से महिलाओं के खिलाफ अपराध होते आए - सती प्रथा, दहेज हत्या, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, तेज़ाब फेंकना, बलात्कार, भ्रूणहत्या, विधवाओं को गंजा करना या घर से निकाल देना, इज्जत के नाम पर हत्या के ज़्यादातर मामलों में अपराधी पुरुष ही होते रहे। तो क्या कभी किसी ने कहा कि 'पुरुष बेलगाम हो गए हैं'? क्या किसी पिता ने डरकर कहा कि 'अब तो बेटी को कुंवारी ही रहने दो, दामाद लाएंगे तो कौन जाने क्या निकले'? आज जब कोई लड़की अपनी शादी के फैसले खुद लेना चाहती है तो वही समाज जो उसे स्कूल भेजता था, अचानक कहता है - इन्हें पढ़ा-लिखाकर सिर पर चढ़ा लिया। भुगतो अब। बहरहाल, सोनम ने अपराध का रास्ता चुना जिसकी सज़ा अब उसे मिलेगी। लेकिन अक्सर घरवालों के न मानने पर प्रेमी के साथ घर छोड़ने या 'भाग' जाने पर यही समाज ऐसे लड़के-लड़कियों को ढूंढकर मार डालता है और फिर उस हत्या को नाम दे देता है आनर किलिंग। यानी लड़की अगर ज़बरदस्ती शादी में रहे तो समाज खुश, भले ही वह वहां पीड़ित हो रही हो, अगर हिम्मत करके घर से निकल जाए तो इज्जत का क़त्ल, तलाक ले ले तो चरित्रहीन और अगर अपराध करे तो फिर पूरे जेंडर पर लांछन। सवाल है कि क्या हम 'बेटियों को आज़ादी देने' पर पछताने लगते हैं? हर अपराधी को सजा मिलनी चाहिए। चाहे वह पुरुष हो या महिला। लेकिन अगर समाज अपराध से ज़्यादा डर महिला की आज़ादी से खाने लगे तो असली खतरा लड़की से नहीं, सोच से है। बेलगाम' लड़कियां समाज का संकट नहीं हैं बल्कि समाज का आईना हैं, जिसमें पुरुष अपना असली चेहरा नहीं देखना चाहते।

# सिस्टम नहीं बदला, तो हादसे रूटीन बन जाएंगे



सुरेश गांधी

अहमदाबाद में 12 जून बुधवार दोपहर 12:47 पर जब एआई171 उड़ान भरने को तैयार थी, तब किसी को अंदाज़ा नहीं था कि चंद मिनटों में यह उड़ान इतिहास की सबसे दर्दनाक त्रासदियों में बदल जाएगी। 43° सी तापमान, फुल लोडेड बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, और 10 क्रू व 232 यात्री, लेकिन टेकऑफ के 5 मिनट बाद ही, विमान महज़ 825 फीट की ऊंचाई पर रह गया और मेघानी नगर की बस्तियों पर आ गिरा। अब सवाल है : किसकी गलती थी? तकनीक की या इंसान की? जबकि गति : सिर्फ 174 नॉट्स (787 के लिए न्यूनतम), ऊंचाईः केवल 825 फीट. लैंडिंग गियर ऊपर नहीं हुआ, मेडे कॉल रिकॉर्ड हुई, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. मतलब साफ है या तो पायलट भूल गए, या इमरजेंसी के कारण जानबूझकर ऊपर नहीं किया। इन तीनों संकेतों से यह साफ़ झलकता है कि टेकऑफ सेटिंग, जिसमें फ्लैप्स, इंजन थ्रस्ट, रोटेशन स्पीड और गियर शामिल होते हैं, में कहीं न कहीं कॉन्फिगरेशन एरर हुई। यही त्रासदी की सबसे बड़ी संभावना मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, ये सभी संकेत एक कॉन्फ़िगरेशन एरर यानी टेकऑफ से पहले सेटिंग में गड़बड़ी की ओर इशारा करते हैं। बता दें, टेकऑफ के समय पायलट्स को कई चीज़ें एकदम सटीक तरीके से करनी होती हैं, फ्लैप सेटिंग : लिफ्ट पाने के लिए ज़रूरी. थ्रस्ट सेटिंग : ज़्यादा तापमान में ज़्यादा ताकत चाहिए, रोटेशन स्पीड : यदि समय से पहले नोज उठाया गया, तो विमान अस्थिर हो सकता है. गियर अप : उड़ान के तुरंत बाद गियर ऊपर न करना घातक हो सकता है. इनमें ज़रा सी चूक पूरे विमान को नीचे खींच सकती है। फिरहाल, हादसे की प्रारंभिक जांच और उपलब्ध डेटा से जो तस्वीर उभरती है, वह चौंकाने वाली है. विमान टेकऑफ के 5 से 9 मिनट के भीतर ही 174 नॉट्स (320 किमी/घंटा) की गति पर था, जबकि इस वजन पर उसे कम से कम 200 से 250 नॉट्स चाहिए होती है। ऊँचाई मात्र 825 फीट तक पहुंच पाई। लैंडिंग गियर नीचे ही था, हालांकि अहमदाबाद उस दिन 43° की गर्मी में झुलस रहा था। गर्म हवा पतली होती है, जिससे न तो लिफ्ट बनती है, न इंजन को पूरा जोर मिलता है। ऐसी स्थिति में टेकऑफ सेटिंग्स का सटीक होना ज़रूरी होता है. छोटी-सी चूक भी घातक साबित हो सकती है। संभावना है कि पायलट्स ने या तो फ्लैप्स की गलत सेटिंग ली, या इंजन की ताकत (थ्रस्ट) को कम (डीरेटेड थ्रस्ट) रखा। अगर टेकऑफ रनवे का पूरा हिस्सा नहीं लिया गया हो (जैसे इंटरसेक्शन टेकऑफ), तो स्थिति और बिगड़ जाती है। खास यह है कि इस विमान को उड़ा रहे थे कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर. दोनों ही अनुभवी पायलट्स। फिर भी ऐसा क्यों हुआ? ये बड़ा सवाल है. विशेषज्ञ मानते हैं कि हो सकता है किसी चेतावनी (वारनिंग), एटीसी कम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक चेकलिस्ट की जल्दबाज़ी में मानव त्रुटि हो गई हो। क्या वीआर यानी रोटेशन स्पीड का आंकलन गलत था? क्या किसी स्टॉल अलर्ट के कारण ध्यान भटका? क्या क्रू रिसोर्स मैनेजमेंट (सीआरएम) में कमी थी? क्या चेकलिस्ट फॉलो नहीं की गई? क्या गलत डेटा एफएमएस में डाला गया? क्या थकान या प्रेशर था? ऐ ऐसे सवाल है जो आज की उड़ानों में क्रू रिसोर्स मैनेजमेंट (सीआरएम) बेहद जरूरी है। यदि कोई एक पायलट गलती करे और दूसरा विरोध न करे, तो हादसा तय है। जो भी हो, यह साफ़ है कि पायलट्स का फोकस या तो बंटा हुआ था या उन्हें पूरी परफॉर्मेंस नहीं मिल रही थी। हालांकि हादसे से पहले एक मेडे कॉल भी की गई थी। मतलब साफ है पायलट्स को स्थिति की गंभीरता का एहसास हो गया था। लेकिन सिर्फ 5-9 मिनट में, वह कुछ कर नहीं सके। विमान गिर पड़ा।

दुसरा बड़ा सवाल है इंजन फेल? बर्ड स्ट्राइक? या कुछ और? जहां तक इंजन फेलियर का सवाल है तो मेडे कॉल और धीमी गति इस पर संकेत देते हैं, पर दोनों इंजन साथ फेल होना असंभव नहीं तो दुर्लभ ज़रूर है। बर्ड स्ट्राइक : अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास यह खतरा मौजूद रहता है, लेकिन अभी तक पुष्टि नहीं हुई। तकनीकी फेलियर : अभी तक कोई साक्ष्य नहीं मिला है, जांच के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है। संभावित कारणों में मानवीय चूक/कनफ़िगरेशन गलती 70 से 80 फीसदी, इंजन फेल या पावर लॉस 10 से 15 फीसदी, मौसम/गर्मी से प्रदर्शन में गिरावट 5 से 10 फीसदी तकनीकी खामी 2 से 3 फीसदी व आतंकी हमला/साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यदि टेकऑफ कनफ़िगरेशन में गलती हुई, तो यह केवल पायलट्स की नहीं, बल्कि सिस्टम की असफलता है. जहाँ चेकलिस्ट, और ट्रेनिंग को दोहराने की बजाए, 'रूटीन' बना लिया गया। "यह महज तकनीकी मामला नहीं. यह उस प्रणाली पर सवाल है जो अनुभव, प्रशिक्षण और सुरक्षा को फॉर्मेलिटी मान बैठी है।" जब तक यह देश विमानन को केवल यात्रा और आंकड़े समझता रहेगा, हादसे आँकड़े नहीं, ज़िंदगियां निगलते रहेंगे। हर विमान हादसे के बाद वही सवाल उठते हैं, "क्यों हुआ?", "कौन जिम्मेदार?", और सबसे बड़ा सवाल "आखिर कब तक?" तकनीकी प्रगति, अंतरराष्ट्रीय मानक, और सुरक्षा प्रणालियों के बावजूद भी भारत समेत दुनियाभर में विमान हादसे थम नहीं रहे। बीते वर्षों में हुई घटनाएं बताती हैं कि समस्या कहीं न कहीं प्रणालीगत और मानवीय चूक से जुड़ी है। यह रिपोर्ट न केवल भारत, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी विमान सुरक्षा की मौजूदा हालत को उजागर करती है।

दुतीसरा बड़ा सवाल है क्या हम हर उड़ान के साथ अपनी जान दांव पर लगा रहे हैं? क्या सरकार और एजेंसियां सिर्फ हादसे के बाद ही जागती हैं? अगर कनाडा में 1985 में हुआ आतंकी बमकांड अब तक नहीं भुलाया गया, तो क्या अहमदाबाद को भी हम सिर्फ आंकड़ों में गिनेंगे? फिरहाल, इस भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है. इस हादसे की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध रह गया है. विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिवारों के लिए यह खबर किसी बड़े झटके से कम नहीं है. देशभर के लोग इस हादसे के बारे में सुनकर दुख और चिंता में हैं. बता दें, लंदन जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट क्रैश हो गई. इस विमान में 242 लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू सदस्य शामिल हैं. हादसा अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुआ है. देखा जाएं तो यह पहला मामला नहीं है जब बोइंग के विमान क्रैश हुए हों. इससे पहले कई बार बोइंग के विमान क्रैश हो चुके हैं. इससे ठीक पहले साल 2024 में साउथ कोरिया में बोइंग का विमान क्रैश हुआ था, जिसमें लगभग 180 लोगों की जान चली गई. इसमें बोइंग का 737-800 एयरक्राफ्ट शामिल था, जो 737 मैक्स का एक नया वर्जन है.

वहीं पिछले साल जनवरी में एक अलग घटना में उड़ान के दौरान एक 737 मैक्स के दरवाजे का प्लग उड़ गया था. इसके अलावा, 2018 और 2019 में भी बोइंग 737 मैक्स का विमान क्रैश हुआ था, जिनमें लायन एयर फ्लाइट 610 और इथियोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 शामिल थीं, जिसके कारण विमान को बोइंग के इस विमान को रोकना पड़ा था और कंपनी को 30 अरब डॉलर तक का नुकसान हुआ था. 2018 और 2019 की दुर्घटना के दौरान 189 और 157 लोगों की जान गई थी. हालांकि अभी यह बोइंग 737- 800 से परिचालन में है. अहमदाबाद की उड़ती मौत ने फिर दिखा दिया कि आसमान में उड़ान अब महज विकास की निशानी नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण जोखिम बन चुकी है।

तकनीक, सुरक्षा और जिम्मेदारी : इन तीनों के तालमेल के बिना कोई भी उड़ान "उड़ता ताबूत" बन सकती है। क्या हमारा आसमान अब सुरक्षित नहीं रहा? क्या हर उड़ान एक जुआ बन चुकी है? विमान दुर्घटना होने के बाद जाँच समिति तो बनती है, पर क्या उसके सुझाव लागू होते हैं?

# क्या ट्रंप भारत विरोधी हो गए हैं ?



राजेश पासी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सवाल हर भारतीय के मन में उठ रहा है कि क्या ट्रंप भारत विरोधी हो गए हैं । यह सवाल सोशल मीडिया में मोदी विरोध में भी चलाया जा रहा है कि मोदी सरकार की असफल विदेश नीति के कारण अमेरिका पाकिस्तान के समर्थन में चला गया है । सरकार इस पर ज्यादा बोल नहीं सकती क्योंकि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते ऐसे हैं कि सिर्फ राष्ट्रपति के कारण उन्हें खराब नहीं किया जा सकता । पिछले कुछ सालों में भारत और अमेरिका एक दूसरे के बहुत नजदीक आ गए हैं क्योंकि वैश्विक राजनीति में दोनों के हित जुड़ते जा रहे हैं । जब पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था तब अमेरिका पूरी तरह से भारत के समर्थन में खड़ा दिखाई दे रहा था । पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के हमले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान आया था कि ये भारत-पाकिस्तान का आपसी मामला है, उन्हें आपस में निपटने दो । जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिये और भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध-विराम हो गया तो अचानक ट्रंप बदल गए । उन्होंने दोनों देशों के बीच हुए युद्ध-विराम का भी श्रेय लेने की कोशिश की । भारत के इनकार के बावजूद डोनाल्ड ट्रम्प भारत और पाकिस्तान के बीच समझौता कराने का बयान देते रहे ।

इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान को मिलने वाली अंतर्राष्ट्रीय मदद रूकवाने की कोशिश नहीं की बल्कि खुद भी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं । ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के एतराज के बावजूद पाकिस्तान को अरबों डॉलर का लोन मिलने वाला है । अमेरिका ने अपने आर्मी डे परेड में पाकिस्तानी सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर को शामिल होने का न्योता भेजा है । वास्तव में इस समय अमेरिकी ही डोनाल्ड ट्रंप से परेशान हैं । वो कब क्या करेंगे कोई नहीं जानता. वो अमेरिका को अपनी कंपनी की तरह चला रहे हैं और हर रिश्ते में आर्थिक फायदा-नुकसान देख रहे हैं । वो ये भी नहीं देख पा रहे हैं कि उनकी कार्यप्रणाली के कारण अमेरिका का फायदा कम, नुकसान ज्यादा हो रहा है । वो खुद को शक्तिशाली दिखाने के चक्कर में अमेरिका को कमजोर करते नजर आ रहे हैं । चीन को झुकाने के लिए उन्होंने उसके ऊपर भारी टैरिफ ठोक दिया लेकिन जब चीन ने उनकी नस दबाई तो उन्होंने चीन के सामने घुटने टेक दिए ।

ट्रंप ने चीन और भारत जैसे देशों को टैरिफ से डराने की कोशिश की लेकिन अभी तक कुछ कर नहीं पाए हैं । उनकी टैरिफ नीति अमेरिकी कंपनियों को पसंद नहीं आ रही है क्योंकि इससे उनका नुकसान हो रहा है । ट्रंप ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध रुकवाने की घोषणा की थी लेकिन ये युद्ध रूकने की जगह बढ़ते दिखाई दे रहे हैं । उनको सत्ता में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने वाले इलन मस्क भी उनसे दूर जा चुके हैं । उनकी छवि एक सनकी नेता की बनती जा रही है क्योंकि वो अपनी सनक में कुछ भी करते जा रहे हैं । जब ट्रंप सत्ता में आये थे तो भारत में बहुत खुशियां मनाई गई क्योंकि पिछले कार्यकाल को देखते हुए उनका झुकाव भारत की तरफ माना जा रहा था लेकिन उनका यह कार्यकाल भारत विरोधी नजर आ रहा है । उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि जब वो सत्ता में आयेंगे तो अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकाल देंगे । उन्होंने भारत के अवैध प्रवासियों को बेड़ियों और हथकड़ियों के साथ सैन्य विमान से वापिस भेजा । देखा जाये तो उन्होंने इसकी कोई परवाह नहीं की कि इससे भारतीयों का अपमान होगा । अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना हर देश का अधिकार है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को भारत-अमेरिका के रिश्तों को देखते हुए भारतीयों का ऐसा अपमान नहीं करना चाहिए था । आज वही अवैध प्रवासियों का मुद्दा उनके लिए गले की हड्डी बन गया है । इस मुद्दे के कारण लॉस एंजेलिस में दंगे भड़क गए हैं जिन पर काबू करना अमेरिका के लिए मुश्किल हो रहा है ।

ट्रंप अभी भी अमेरिका को महान बनाने के नाम पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं । यह मुहिम तो भारत भी चला रहा है लेकिन ऐसा हल्ला यहां नहीं मच रहा है और न ही प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप जैसा शोर मचा रहे हैं । अपने समर्थकों को खुश करने के चक्कर में डोनाल्ड ट्रंप अपने अभियान का प्रचार करते रहते हैं । इस मुहिम के विरोध में लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासी और उनके समर्थकों ने ये मुहिम चलाने वाले इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट के खिलाफ हिंसक संघर्ष शुरू कर दिया है । इसमें अजीब बात यह है कि ट्रंप न केवल अवैध प्रवासी भारतीयों बल्कि वैध प्रवासी भारतीयों को भी निशाना बना रहे हैं । इसकी वजह यह है कि भारतीय अमेरिकी नागरिक अपनी बुद्धि और मेहनत के बल पर अमेरिकियों पर भारी पड़ते हैं । डोनाल्ड ट्रंप यह देखने को तैयार नहीं है कि ज्यादातर अवैध प्रवासी भारतीय अमेरिका में वैध तरीके से गए थे लेकिन अमेरिकी सरकार ने उन्हें नागरिकता नहीं दी ।

डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाक मुद्दे पर न केवल युद्ध-विराम का श्रेय लेने की कोशिश की बल्कि उन्होंने इस मामले में दोनों देशों को बराबरी पर रख दिया । पाकिस्तान जैसे असफल और आतंकवादी देश की बराबरी भारत के साथ करना डोनाल्ड ट्रंप के भारत विरोधी रवैये प्रदर्शन है । उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों को अमेरिका के साथ व्यापार का लालच देकर युद्ध-विराम के लिए मनाया है । जिस पाकिस्तान को वो अपने पिछले कार्यकाल में अमेरिका को मूर्ख बनाकर पैसे वसूलने वाला देश बताते थे, अब वही देश उन्हें अमेरिका का सबसे अच्छा दोस्त दिखाई दे रहा है ।

ऐसा माना जा रहा है कि उनके बदले रवैये के पीछे उनके अपने निजी व्यापारिक हित छुपे हुए हैं । उनकी पारिवारिक क्रिप्टो कंपनी और पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल के बीच एक समझौता हुआ है । सवाल उठता है कि क्या डोनाल्ड ट्रंप सिर्फ अपने निजी हितों के लिए अमेरिकी हितों से समझौता कर रहे हैं । मेरा मानना है कि ऐसा नहीं है क्योंकि पाकिस्तान शुरू से ही अमेरिका का पिठ्ठू देश रहा है और आज भी है । अमेरिका की परेशानी यह है कि पाकिस्तान अब चीन की गोद में चला गया है । अमेरिका नहीं चाहता कि वो पाकिस्तान से इतने रिश्ते बिगाड़ ले कि वो पूरी तरह से चीन के खेमे में चला जाए ।

दूसरी वजह यह है कि भारत विरोध में अमेरिका पाकिस्तान से अपनी दोस्ती का प्रदर्शन कर रहा है। पाकिस्तान को भारत ने बहुत बुरी तरह से शिकस्त दी है इसलिए वो अमेरिका के साथ के लिए कुछ भी करने को तैयार है ।

# महान सौदेबाज़ ट्रंप की कूटनीति या प्रचारवादी आत्ममुग्धता?



प्रो. आरके जैन

जब कोई नेता अपनी समझ और संवेदनशीलता की सीमाओं को लांघकर जटिल वैश्विक मुद्दों में हस्तक्षेप करता है, तो वह केवल भ्रम और अस्थिरता का जाल बुनता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हालिया दावा कि वे भारत और पाकिस्तान को एक मंच पर लाकर कश्मीर विवाद का समाधान कर सकते हैं, न केवल तथ्यहीन और अव्यवहारिक है, बल्कि भारत की संप्रभुता, कूटनीतिक दृढ़ता और ऐतिहासिक संवेदनशीलता का घोर अपमान है। यह बयान ट्रंप की उस स्वघोषित 'महान सौदेबाज' छवि को उजागर करता है, जिसमें वे वैश्विक मंच को अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं और प्रचार के अखाड़े के रूप में इस्तेमाल करते हैं। कश्मीर कोई मनोरंजन कार्यक्रम, चुनावी नारा या अंतरराष्ट्रीय सौदेबाजी का मंच नहीं है। यह एक जटिल, ऐतिहासिक और गहरे जड़ों वाला मसला है, जिसका समाधान केवल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संवाद से संभव है। भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है, और किसी भी तीसरे पक्ष की दखलंदाजी अस्वीकार्य है। फिर भी, ट्रंप का यह दावा कि वे दोनों देशों को 'एक साथ लाएंगे', उनकी कूटनीतिक अपरिपक्वता और भारत की नीति के प्रति उनकी अवहेलना को उजागर करता है।

कश्मीर भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। यह कोई ऐसा विषय नहीं है, जिसे किसी विदेशी नेता की तथाकथित 'मध्यस्थता' से हल किया जा सके। भारत की विदेश नीति और कूटनीति दशकों से इस रुख पर अडिग रही है कि कश्मीर पर कोई भी चर्चा केवल भारत और पाकिस्तान के बीच होगी, बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के। ट्रंप का यह बयान न केवल भारत की इस स्पष्ट नीति की अनदेखी करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वे दक्षिण एशिया की जटिल भू-राजनीति को समझने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी एक ऐसे नेता की हताश कोशिश है, जो वैश्विक मंच पर चर्चा में बने रहने और अपनी छवि को चमकाने के लिए किसी भी संवेदनशील मुद्दे का इस्तेमाल करने से नहीं चूकता।

भारत ने ट्रंप के मध्यस्थता प्रस्ताव को ठुकराते हुए साफ कर दिया है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है, और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है।

इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि को और पेचीदा बनाता है पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर का प्रस्तावित अमेरिका दौरा। 14 जून, 2025 को वाशिंगटन में आयोजित अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में मुनीर के शामिल होने की संभावना की खबरें कई सवाल खड़े करती हैं। यह तारीख संयोगवश ट्रंप के 79वें जन्मदिन के साथ मेल खाती है। जिस समय ट्रंप भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर पर 'शांति' की बात कर रहे हैं, उसी समय भारत के कट्टर विरोधी देश का सैन्य प्रमुख अमेरिका के राष्ट्रीय समारोह में शिरकत करने की तैयारी कर रहा है। यह महज एक संयोग नहीं, बल्कि अमेरिका की दोहरी विदेश नीति का स्पष्ट संकेत है।

जनरल असीम मुनीर की अगवाइ में पाकिस्तानी सेना भारत के खिलाफ सीमा पर आतंकवाद को बढ़ावा देती है, युद्धविराम का उल्लंघन करती है, और कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उछालने की साजिश रचती है। हाल ही में 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए, को भारत ने मुनीर की भड़काऊ बयानबाजी से जोड़ा है। ऐसे व्यक्ति को अमेरिका द्वारा निमंत्रण देना भारत के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि मित्रता का दावा करने वाला अमेरिका अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं के लिए पाकिस्तान को फिर से गले लगा रहा है। भारत को यह समझना होगा कि जो देश हमारे कंधे से कंधा मिलाकर चलने का दावा करता है, वह हमेशा हमारे हितों का सच्चा साथी नहीं हो सकता।

अमेरिका की यह दोहरी नीति कोई नई बात नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक, अमेरिका ने अपने भू-राजनैतिक हितों के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है। चाहे वह पाकिस्तान को सैन्य सहायता देना हो या फिर आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में उसका साथ देना, अमेरिका ने बार-बार साबित किया है कि उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं।

जनरल मुनीर का प्रस्तावित दौरा और ट्रंप का कश्मीर पर बयान इस नीति की ताज़ा मिसाल है। यह भारत के लिए एक सबक है कि उसे अपनी विदेश नीति को किसी भी विदेशी शक्ति के इशारों पर नहीं, बल्कि स्वतंत्र और आत्मनिर्भरता के आधार पर संचालित करना चाहिए। खासकर तब, जब अमेरिका अपने सामरिक हितों के लिए पाकिस्तान के साथ निकटता बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, विशेष रूप से चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए।

ट्रंप की कथनी और करनी का यह विरोधाभास उनकी राजनीति का पुराना ढर्रा है। कभी वे उत्तर कोरिया के साथ शांति की बात करते हैं, तो कभी परमाणु धमकी देते हैं।

# खेती की रीढ़ बने फार्मपॉन्ड



राजेश खण्डेलवाल

भरतपुर जिले के खदराया समेत कई गांवों में बने फार्मपॉन्ड अब किसानों के लिए सिर्फ जल स्रोत नहीं, बल्कि आमदनी बढ़ाने का जरिया बन चुके हैं। इन जलाशयों से अब किसानों को सालभर सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है, साथ ही मछली पालन से भी अतिरिक्त आय हो रही है। पहले जहां नलकूप सूख जाते थे और किसान रबी फसलों की सिंचाई के लिए चिंतित रहते थे, लेकिन अब रबी की फसलें भी लहलहा रही हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत सरकार की 90 फीसदी सब्सिडी से बने ये फार्मपॉन्ड किसानों के लिए आसान हो गए हैं।

वाटरशेड विशेषज्ञों ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 और मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (एमजेएसए) के जरिए जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों ने भरतपुर जिले के किसानों की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया है। खदराया, महतौली, भुसावर, नदबई और वैर क्षेत्रों में करीब दो दर्जन से अधिक फार्मपॉन्ड और रिचार्ज सॉफ्ट जैसे जल संरक्षण ढांचे किसानों के लिए खेत की रीढ़ बनकर उभरे हैं।

एक फार्मपॉन्ड तैयार करने में करीब 10 बिस्वा जमीन में लगभग 3.50 लाख रुपए की लागत आती है लेकिन किसान को इसमें सिर्फ 10 प्रतिशत राशि देनी होती है। शेष 90 प्रतिशत खर्च केंद्र और राज्य सरकार मिलकर अनुदान के रूप में वहन करती हैं। यह योजना जल संकट झेल रहे किसानों के लिए वरदान बन चुकी है।

खदराया के किसान हरि मीणा के खेत में बना फार्मपॉन्ड अब साल भर 8 बीघा जमीन में तीन बार सिंचाई की सुविधा दे रहा है। हरि मीणा ने फार्मपॉन्ड में प्लास्टिक शीट डलवा कर वर्ष भर पानी संचित किया जिससे उन्हें मछली पालन से भी अतिरिक्त आय हो रही है। वहीं, किसान नत्थीलाल शर्मा बताते हैं कि फार्मपॉन्ड बनने के बाद अब वे रबी में सरसों और गेहूं की सफल फसल ले पा रहे हैं। पहले सूखे नलकूप के कारण केवल खरीफ की फसलें ही होती थीं। साथ ही, फार्मपॉन्ड से पशुओं के लिए भी सालभर पीने का पानी उपलब्ध रहता है। किसान दयाराम के खेत में बनाए गए रिचार्ज सॉफ्ट से वर्षा का पानी पाइप के माध्यम से सीधे भूजल में जाता है, जिससे आसपास के कुएं और नलकूप में भी फिर से जलस्तर बढने लगा है।

महतौली गांव के राजकीय महाविद्यालय भवन में 3 लाख रुपए की लागत से बनाए गए वर्षा जल संरक्षण टैंक में 30 हजार लीटर पानी संरक्षित होता है। इससे कॉलेज परिसर के पौधों की सिंचाई और अन्य कार्यों में पानी की जरूरत आसानी से पूरी हो जाती है।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और एमजेएसए के माध्यम से भरतपुर जिले के किसानों को जल संरक्षण की दिशा में स्थायी समाधान मिला है। वैर, भुसावर और नदबई जैसे जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में अब फार्मपॉन्ड और रिचार्ज टैंक जैसे निर्माण कार्यों से किसानों को खेती में राहत मिली है। फार्मपॉन्ड और जल संरक्षण संरचनाओं से आसपास की हरियाली बढ़ी है, जीव-जंतु और पशु-पक्षियों के लिए जल स्रोत उपलब्ध हुए हैं। यह सिर्फ खेती ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी बड़ा कदम साबित हो रहा है।

# फिर दोस्ती की राह पर भारत और मालदीव



राजेश जैन

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी लेकिन अब वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं।

साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार—जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

ऐसे बढ़ी रिश्तों में खटास

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ की विकास सहायता की घोषणा की—जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया और 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल की परिपक्वता अवधि एक साल और बढ़ा दी।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में बाड़मेर के एमबीबीएस स्टूडेंट की मौत

पाली, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना उपखंड के बोर चारणान गांव के एमबीबीएस स्टूडेंट्स जयप्रकाश चौधरी (20) की मौत हो गई। जयप्रकाश के चचेरे भाई मंगलाराम ने बताया- वह किचन मैस में था।

भाई मंगलाराम ने बताया- हादसे के कुछ मिनट पहले दोपहर 1 बजे उसका कॉल आया था। उसने बताया कि मैस में खाना खाने जा रहा हूं। फोन की बैटरी डाउन है। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया।

जयप्रकाश की बॉडी इस हादसे में 30 परसेंट जल गई। जलने और दीवार का मलबा गिरने से उसकी मौत हुई। सूचना मिलने पर परिवार गुरुवार देर रात अहमदाबाद पहुंचा था। शुक्रवार दोपहर बॉडी सौंपी गई। अब शुक्रवार शाम 5.30 बजे तक बाड़मेर पहुंच जाएंगे। गांव में



आज ही अंतिम संस्कार होगा।

**उड़ान भरने के 2 मिनट बाद क्रैश हुआ था प्लेन**

गुजरात में अहमदाबाद से लंदन के गेटविक एयरपोर्ट जा रहा एयर इंडिया का विमान गुरुवार को उड़ान भरने के 2 मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। यह विमान मेघाणी नगर में सिटी सिविल हॉस्पिटल और बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा।

जयप्रकाश इसी कॉलेज से एमबीबीएस कर रहा था। वह सेकेंड ईयर में था। घटना की जानकारी मिलने पर इसके परिवार के लोग गुरुवार रात को ही अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। गांव में जयप्रकाश के पड़ोस में रहने वाले ओमजी पूनिया ने बताया- गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे जयप्रकाश की परिवार से बात हुई थी। तब जयप्रकाश ने कहा था- मैं खाना खाने जा रहा हूं। मेरे मोबाइल की बैटरी डेड (डिस्चार्ज) हो रही है। इसके बाद से उसका फोन बंद ही पड़ा था।

पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी की बेटी एडवोकेट सुनीता चौधरी ने फेसबुक पर पोस्ट की थी। इसमें लिखा- अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की दुखद घटना में बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी निवासी एमबीबीएस स्टूडेंट जयप्रकाश के घायल होने की सूचना मिली।

जैसे ही मुझे यह खबर मिली, मैंने तत्काल अहमदाबाद के हॉस्पिटल के डॉक्टरों से फोन पर संपर्क किया। जयप्रकाश के समुचित व त्वरित इलाज के लिए अनुरोध किया। मैं स्वंय अहमदाबाद में मौजूद हूं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हूं।

# सास-ससुर से आशीर्वाद लेकर लंदन रवाना हुई थी खुशबू कंवर

**रोते हुए ससुर बोले- हमने तो राजी-खुशी रवाना किया था, पता होता तो भेजते ही नहीं**

पाली, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में अकाल मौत का शिकार हुई 21 साल की खुशबू कंवर राजपुरोहित का ससुराल पाली में है। वह 11 जून बुधवार को अपने सास-ससुर से आशावाद लेकर पिता और जेठ के साथ अहमदाबाद एयरपोर्ट गई थी। जहां से फ्लाइट लेकर लंदन जा रही थी। लेकिन प्लेन क्रैश होने से पति से मिलने का उसका सपना अधूरा रह गया।

इस हादसे से खुशबू कंवर के ससुराल और पीहर में मातम छाया हुआ है। सास-ससुर की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है। कहते है कि पता होता कि हमारी बहू के साथ ऐसा हादसा हो जाएगा, तो लंदन भेजते ही नहीं।

18 जनवरी 2025 को जोधपुर जिले के खाराबेरा पुरोहितान हाल पाली निवासी 25 साल के विपुल



सिंह पुत्र गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित की शादी बोलातरा के पास अराबा गांव की रहने वाली 21 साल की खुशबू कंवर राजपुरोहित के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी और उनके परिवार खुश थे।

दो महीने बाद विपुल वापस लंदन चले गए। वे लंदन के सरकारी हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। लेकिन अपनी पत्नी खुशबू से वादा कर गए कि जल्द ही उसे लंदन बुला लेंगे। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। लंदन में पति से मिलने से पहले खुशबू की प्लेन क्रैश होने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही विपुल भी लंदन से फ्लाइट पकड़कर इंडिया के लिए रवाना हो गए।

मृतका खुशबू के ससुराल वाले मूल रूप से जोधपुर जिले के खाराबेरा पुरोहितान गांव के रहने वाले है, लेकिन पिछले करीब 30 सालों से पाली शहर के जवाहर नगर मंडिया रोड क्षेत्र में रह रहे है। खुशबू के ससुर गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित पाली में कपड़ा व्यापारी है। उनके 2 बेटे और 2 बेटियां है। लंदन जाने से पहले खुशबू 11 जून को पाली अपने पिता के साथ आई थी। यहां सास-ससुर से आशीर्वाद लेकर वह अपने जेठ और पिता के साथ अहमदाबाद के लिए शाम करीब छह बजे रवाना हुई थी और 12 जून को अहमदाबाद से लंदन के लिए फ्लाइट पकड़ी थी।

हादसे के बाद गजेंद्रसिंह राजपुरोहित के परिवार को सांत्वना देने के लिए समाज के लोग, मोहल्लेवाले और जनप्रतिनिधि पहुंचे। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, कांग्रेस नेता महावीरसिंह सुकरलाई, पूर्व पार्षद शिवराम जाट, रमेश परिहार, एडवोकेट महेंद्रसिंह राजपुरोहित, राजू तिवारी, शांतिलाल चौपड़ा सहित कई जने गजेंद्रसिंह के घर पहुंचे और हादसे को लेकर दुख जताकर उन्हें सांत्वना देते नजर आए।

# मंत्री के छापों के बाद 11 अफसर सस्पेंड

**बीज कंपनियों से ऑफिसर्स की मिलीभगत सामने आने के बाद एक्शन, अब जांच होगी**

जयपुर, 13 जून (एजेंसियां)। कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के नकली खाद बीज वाली फैक्ट्रियों पर छापों के बाद अफसरों पर एक्शन हुआ है। कृषि विभाग के 11 अफसरों को सस्पेंड करके उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है।

कृषि आयुक्तालय से जारी आदेशों के मुताबिक सस्पेंड किए गए अफसरों की कंपनियों के साथ मिलीभगत थी। इसके साथ ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरती, अब इनके खिलाफ सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

कृषि विभाग में क्वालिटी कंट्रोल के तत्कालीन उपनिदेशक बंशीधर जाट, सहायक निदेशक



ज्वाला प्रताप सिंह, सहायक निदेशक पौध संरक्षण गोविंद सिंह, सहायक निदेशक मुकेश कुमार चौधरी को सस्पेंड किया गया है। वहीं, कृषि अधिकारी योजना राजवीर ओला, कृषि अधिकारी सौरभ गर्ग, मुकेश कुमार माली, आत्मा प्रोजेक्ट के उप परियोजना निदेशक कैलाश चन्द्र शर्मा को भी निलंबित किया गया है। जयपुर में कृषि मंत्री की छापेमारी के दौरान मौके पर नहीं पहुंचने पर तीन अफसरों को सस्पेंड किया है। सहायक कृषि निदेशक मुख्यालय लोकेन्द्र सिंह, कृषि अधिकारी (सामान्य) सुनील कुमार बरड़िया, कृषि अधिकारी (मिशन) प्रेम सिंह को निलंबित किया है। इन तीनों अफसरों को फर्टिलाइजर कंपनियों के अवैध भंडारण की शिकायत मिलने के बावजूद जांच नहीं करने और इंस्पेक्टरों को मौके पर नहीं भेजने के मामले में सस्पेंड किया गया है।

6 महीने पहले कृषि आयुक्तालय ने आधा दर्जन टीमें बनाकर इन फैक्ट्रियों की जांच के लिए भेजा था। उन जांच दल ने कोई एक्शन नहीं लिया। यहां तक कि क्लीनचिट दे दी गई थी।

आयुक्तालय के पास 6 महीने बाद भी उसका जवाब नहीं है। अजमेर में जहां मंत्री ने छापेमारी कर नकली खाद पकड़ी, उनमें से एक फैक्ट्री को तो विभाग ने ही क्लीन चिट दे दी थी।

कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल ने दो दिन पहले जयपुर और आसपास पेस्टिसाइड फैक्ट्रियों, गोदामों पर छापे मारे थे। इस दौरान ललित मोदी के परिवार की कंपनी इंडोफिल के गोदाम पर भी छापेमार कर सील किया था। किरोड़ी ने कहा था कि छापेमारी के दौरान कई जगह नकली माल मिला है, अवैध स्टोरेज पाया गया। कई पेस्टिसाइड बंद हो चुके फिर भी यहां बनाए जा रहे थे। किरोड़ी ने छापेमारी के दौरान अफसरों की मिलीभगत होने पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही थी।

कृषि मंत्री ने इससे पहले किशनगढ़ में नकली खाद और नकली जिप्सम बनाने वाली फैक्ट्रियों पर छापे मारे थे। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में नकली उर्वरक जब्त करके फैक्ट्रियों को सील किया गया था। श्रीगंगानगर में बीज गोदामों पर छापेमारी की थी।

# संत पर महिला से अश्लीलता का आरोप

**महिला ने एसपी को दी शिकायत; संत बोले-वीडियो कॉल आते थे, मकान मांग रही है**



भीलवाड़ा, 13 जून (एजेंसियां)। भीलवाड़ा में एक धर्मस्थल के संत(48) ने दो महिलाओं पर हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला गुरुवार 12 जून को दर्ज कराया है। संत का कहना है कि महिलाएं मकान खरीदकर देने का दबाव बना रही हैं। उधर, दोनों महिलाएं भी गुरुवार को भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह से मिली और शिकायत देकर कहा कि संत ने आश्रम ले जाकर उनसे अश्लील बातें और छेड़छाड़ की है। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है। भीमगंज थाना इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बताया- थाना इलाके के एक धर्मस्थल पर आश्रम बनाकर रह रहे संत ने कल (गुरुवार) रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में संत ने बताया- 3 महीने पहले रात 8 बजे एक महिला (42) का कॉल आया था। उसने अपना असली नाम छुपाकर नकली नाम से परिचय दिया। बताया कि वह आश्रम में पहले खाना पकाया करती थी। उसने बातचीत कर जान-पहचान बढ़ाने की कोशिश की।

संत ने पुलिस से कहा कि महिला फोन करती और अनावश्यक बातें करती। परेशान होकर उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद वह दूसरे मोबाइल नंबर से आए दिन वीडियो कॉल कर चिकनी-चुपड़ी बातें करने लगी। वह पर्सनली मिलना चाहती थी, लेकिन मैंने मना कर दिया।

3 दिन पहले सिटी कोतवाली थाने के पुलिसकर्मी आश्रम आए और बताया कि महिला ने रिपोर्ट दी है। इस पर आश्रम के कुछ अनुयायी ट्रस्टी कोतवाली पहुंचे। वहां आरोपी महिला नहीं मिली। एक महिला मिली, जिसने खुद को सेशन कोर्ट भीलवाड़ा का एडवोकेट बताया। एडवोकेट महिला ने ट्रस्टी को थाने से बाहर ले जाकर कहा कि संत से कहना कि हमें 15x30 फीट एरिया का मकान दिला दे।

# एक्सीडेंट में रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी की मौत

**खुला दूसरी शादी का राज, हॉस्पिटल में दूसरी पत्नी के साथ पहली पत्नी और बच्चों ने की मारपीट**

अजमेर, 13 जून (एजेंसियां)। अजमेर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने स्कूटर सवार रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से घायल को जेएलएन अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर उसकी दूसरी पत्नी अस्पताल पहुंची। उसने मृतक की पहली पत्नी और बच्चों को इत्तला दी। जब पहली पत्नी व उसके बच्चे आए तो उन्होंने मृतक की दूसरी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुचीं और बीच बचाव कर मामला शांत करवाया। इधर, क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस एक्सीडेंट की पड़ताल में जुटी है। वहीं, मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

पुलिस के अनुसार वैशाली नगर जनता कॉलोनी निवासी ईश्वरदास चेलानी एक्सीडेंट का शिकार हो गए। अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर गणेश गुवाड़ी निवासी महिला पहुंची थी। जिसने मृतक की पहली पत्नी और उसके बच्चों को सूचना दी।

सूचना पर मृतक की पहली पत्नी बच्चों के साथ जेएलएन अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी के बाहर दूसरी पत्नी के साथ पहली पत्नी और उसके बच्चों और पुत्रवधू ने मारपीट करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। दूसरी पत्नी का दावा था कि 22 साल पहले ईश्वर दास ने उसके साथ शादी की थी। जिसे गणेश गुवाड़ी में रखा था। दोनों पक्ष के हंगामा करने के बाद पुलिस ने बीच बचाव किया।

# जिसके घर चोरी, उसी ने ढाई साल बाद पकड़ा चोर

**जयपुर में लाखों के गहने ले भागा था आरोपी, बाजार में मिला तो पकड़ लिया**

जयपुर, 13 जून (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर में एक घर में हुई चोरी और चोर को पकड़ने का रोचक मामला सामने आया है। ढाई साल पहले एक घर से लाखों रुपए के गहने चोरी हो गए। वारदात को घरेलू नौकर ने ही अंजाम दिया था।

ढाई साल तक पुलिस चोर के बारे में कोई सुराग नहीं जुटा पाई। एक दिन अचानक पीड़ित दंपती को आरोपी घरेलू नौकर बाजार में घूमते मिल गया। दंपती ने नौकर को पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। जयपुर के निर्माण नगर स्थित गौतम मार्ग के मकान नंबर डी 68 में रहने वाले 60 वर्षीय जुगलकिशोर शर्मा ने 27 अक्टूबर 2022 को पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि वे और उनके परिवार वाले भाईदूज के पर्व पर अपनी बहन के घर गए हुए थे। घर पर नौकर था, जिसे कुछ दिनों पहले ही काम पर रखा था। शाम को जब लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था।



कमरों में आलमारियों के गेट भी टूट हुए थे। चोर 8 तोले की सोने की गले की आड़, 15 तोले सोने की हंसली, 6 तोले का गले और कान का सेट, एक तोले सोने की कान की बालियां, 2 सोने की अंगूठी, एक माथे का सोने का बोरला, 2 सोने के माथे के टीके चोरी कर ले गया था। आरोपी ने 2.5 तोले सोने का हाथ का कड़ा, 2 नाक की नथ, चांदी के कड़े, चांदी की 4 पायल, छोटे बच्चे के हाथों के चांदी के कड़े, चांदी के बर्तन भी चुराए थे।

जुगल किशोर ने नौकर विष्णु पर चोरी का संदेह जताया। उनकी पत्नी इंदु शर्मा ने बताया कि जब विष्णु काम मांगने आया था, तब हमने वेरिफिकेशन नहीं कराया था। विष्णु ने पांच सात दिन तक घर में काम किया था।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं पीड़ित परिवार भी चोर को ढूंढ़ने में लग गया। पीड़ित जुगल किशोर शर्मा की पत्नी इंदु शर्मा ने बताया कि वारदात के बाद घर के आसपास के इलाकों के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इस दौरान कुछ लोगों ने सीसीटीवी फुटेज देखने दिए लेकिन कई लोगों ने इनकार भी किया। वारदात के 2–3 दिन बाद के एक सीसीटीवी में आरोपी नौकर विष्णु सुशीलपुरा नाले के पास नजर आया। इसके बाद वह किसी फुटेज में नहीं दिखा। काफी समय तक आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चला तो हमने भी हिम्मत हारकर कोशिशें छोड़ दीं।

हाल ही में पीड़ित जुगल किशोर शर्मा अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर श्याम नगर की ओर जा रहे थे। अचानक से एक शख्स पर नजर पड़ी। दिखने में वो उनके नौकर विष्णु की तरह ही लग रहा था। पहचानने के बाद दंपती ने उसे पकड़ लिया।

पकड़े जाने के बाद भी विष्णु घटना से अनजान होने का नाटक करता रहा। इस दौरान आसपास चल रहे राहगीरों ने भी गरीब आदमी को परेशान करने के ताने देने शुरू कर दिए। फिर जब उन्हें पुराने वीडियो दिखाए तो राहगीर चले गए।

# रेप के दो मामलों और नशे की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर भागा था, 1 महीने में पकड़ा**

बाड़मेर, 13 जून (एजेंसियां)। बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत रेप के 2 मामलों और अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। वांटेड सिवाना वृत ऑफिस के टॉप-10 आरोपियों में शामिल है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 मई को थानाधिकारी देवकिशन मय टीम ने सिणधरी में दबिश देकर मादक पदार्थ तस्करी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ किया था। दबिश के दौरान मुख्य तस्कर खेताराम कासनिया अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था। जबकि उसका साथी गोरधनराम पुत्र राणाराम निवासी भूंका को मौके से गिरफ्तार किया था।

खेताराम व गोरधनराम के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी, मिलावट के लिए पाउडर, पैकिंग सामग्री तथा एक बाइक जब्त की गई। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इन मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक व्यक्ति व एक नाबालिग के परिजन के किडनैपिंग व रेप के संबंध में 2 अलग-अलग रिपोर्ट पुलिस थाना सिणधरी में दी थी। इस पर पुलिस ने पोक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सिवाना डीएसपी की ओर से की गई। आरोपी खेताराम आले दर्जे का बदमाश है। मादक पदार्थ तस्कर व शातिर अपराधी है जो घटना के गिरफ्तारी के भय से फरार हो गया था। इस पर मुख्य आरोपी को सिवाना पुलिस वृत की टॉप-10 आरोपियों में शामिल किया गया। टीम सूचना व तकनीकी आधार पर संबंधित ठिकानों पर दबिशें देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# पितराणी दादी मंदिर में चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुए दो नकाबपोश, केयरटेकर ने थाने में दर्ज करवाया मामला**

झुंझुनूं, 13 जून (एजेंसियां)। मंडावा कस्बे के वार्ड नंबर 6 स्थित श्री पितराणी दादी मंदिर में बीती रात चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर में चोरी की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो चोरों को मंदिर में घुसते और दान पात्र सहित अन्य सामान चुराते साफ देखा जा सकता है। मंदिर के केयरटेकर मनीष लाटा ने बताया कि दो अज्ञात चोर मंदिर के पीछे की ओर से आए और मुख्य द्वार का ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया।

चोरों ने अपने चेहरे ढक रखे थे ताकि पहचान न हो सके। मंदिर में प्रवेश करते ही उन्होंने सबसे पहले वहां लगे एक दान पात्र का ताला तोड़ा। लोहे की रॉड की मदद से ताले को तोड़कर दान पात्र को खंगाला गया।

इसके बाद चोर मुख्य प्रतिमा स्थल की ओर बढ़े और वहां लगे एक और दान पात्र का ताला तोड़कर उसे उठाकर अपने साथ ले गए। यही नहीं मंदिर परिसर में स्थापित चांदी के दो छत्र भी चोरों ने चुरा लिए। चोरों की इन हरकतों से यह स्पष्ट है कि वे मंदिर की संरचना और उसमें रखी वस्तुओं से भली-भांति परिचित थे।

उस अलमारी में एक सफेद कपड़े में बंधा कुछ सामान रखा हुआ था, जिसे चोर अपने साथ ले गए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उस बंडल में क्या था क्योंकि अलमारी की चाबी कोलकाता में रह रहे मालिकों के पास है। उनसे संपर्क होने के बाद ही बंडल की असलियत सामने आ सकेगी।

# रेप के बाद लड़की ने फंदा लगाकर किया था सुसाइड

**आधी रात जंगल में मिले थे दोनों; 5 साल बाद कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा**

जालोर, 13 जून (एजेंसियां)। जालोर के सायला थाना क्षेत्र में 5 साल पुराने रेप और लड़की के सुसाइड के मामले में दोषी युवक को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। रेप के बाद लड़की ने रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी थी। आरोपी ने भी सुसाइड की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुआ था। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीत सिंह राजपुरोहित ने बताया- सायला थाना इलाके के एक गांव में 22 साल की लड़की परिवार के साथ रहती थी। 16 जुलाई 2020 की लड़की के चाचा सायला थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। रिपोर्ट में चाचा ने बताया कि 15 जुलाई की रात परिवार के लोग घर के आंगन में सो रहे थे। रात 2.30 बजे बारिश आई तो सभी घर के अंदर चले गए। सुबह 7 बजे परिवार के लोग जागे तो भतीजी गायब मिली।

इसके बाद सायल पुलिस ने पुलिस ने छानबीश शुरू की। लड़की की कॉल डिटेल निकाली गई। आरोपी युवक को डिटेन कर पूछताछ की गई। जानकारी मिली की लड़की ने गांव के बाहर गोचर भूमि पर सुनसान जगह सुसाइड कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

गुमशुदगी दर्ज होने के दूसरे दिन 17 जुलाई 2020 को लड़की के चचेरे भाई ने सायला थाने में गैंगरेप और मर्डर की रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट में बताया- मेरी बहन गांव में रहकर ही मजदूरी का काम करती थी। हमारे ही गांव का आरोपी लड़का मेरी बहन का हमेशा पीछा किया करता था। वह उसके फोन पर लगातार फोन-मैसेज कर तंग किया करता था।

# आठ जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**22 जिलों में लू की भी चेतावनी; कल से प्री-मानसून बरसात होगी, 20 जून तक जयपुर भी कवर**

जयपुर, 13 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। प्रदेश में 14-15 जून से प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। कोटा, उदयपुर संभाग से बारिश का दौर शुरू होगा, जो 20 जून तक बढ़ते-बढ़ते जयपुर, भरतपुर संभाग के एरिया को कवर करेगा।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में 19 जून के बाद ही मानसून की एंट्री होने की संभावना है। राज्य में मानसून की एंट्री का समय 25 जून निर्धारित है। वर्तमान में मानसून महाराष्ट्र में मुंबई, अहमदनगर और पूर्वोत्तर भारत में सिलीगुड़ी के आसपास अटका हुआ है। इन एरिया में मानसून 29 मई के बाद से आगे नहीं बढ़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 20 जून तक राज्य में औसत बारिश और 20 जून के बाद 26 तक औसत से ज्यादा बारिश होने का अनुमान जताया है। प्रदेश में 15 जून तक हीटवेव का असर रहेगा।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, कोटा, अजमेर, गंगानगर, बीकानेर समेत कई जिलों में तेज गर्मी और लू का प्रकोप रहा।

# मंदिर पर्यटन को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए : कोंडा सुरेखा

## मंत्री ने सचिवालय में बंदोबस्ती सीजीएफ समिति की बैठक में भाग लिया



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बंदोबस्ती, वन और पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि राज्य भर में मंदिर पर्यटन को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मंत्री ने जोर देकर कहा कि बंदोबस्ती विभाग के अधिकारियों को इस मुद्दे पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बार वारंगल के भद्रकाली मंदिर में आषाढ़ बोनालु को भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका इरादा राज्य के हर त्योहार और संस्कृति को लोगों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हमारे राज्य के लोगों को धार्मिक सोच की ओर ले जाने के लिए पूरा प्रयास करेगी। मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को मंदिरों के व्यापक विकास के लिए सीजीएफ फंड का पारदर्शी तरीके से उपयोग करने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को डॉ. बीआर अंबेडकर तेलंगाना सचिवालय में बंदोबस्ती विभाग सीजीएफ समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंत्री सुरेखा ने की, जिसमें धर्मस्व विभाग की प्रधान सचिव शैलजा रामैयार, धर्मस्व विभाग के निदेशक वेंकट राव, अतिरिक्त आयुक्त कृष्णवेणी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, ईओ और सीजीएफ समिति के सदस्य शामिल हुए। मंत्री कोंडा सुरेखा ने राज्य में छोटे मंदिरों के विकास के लिए दिए जाने वाले फंड की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि मंदिरों के विकास के लिए विभाग के ईओ और वरिष्ठ अधिकारियों के प्रयास जरूरी हैं। सीजीएफ के तहत अधिकारियों ने मंत्री सुरेखा को छोटे मंदिरों के विकास के लिए दिए जाने वाले फंड के बारे में बताया।

मंत्री ने बजट स्वीकृतियों और सीजीएफ फंड के लिए प्राप्त अपीलों पर अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। शुक्रवार को आयोजित सीजीएफ बैठक में कुल 72.47 करोड़ रुपये की 297 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री सुरेखा ने कहा कि ईओ को राज्य सरकार के आदेशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर सीजीएफ कार्यों में लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सीजीएफ कार्यों के लिए प्रस्ताव दो बार न भेजे जाएं। यदि कोई प्रस्ताव है तो उसे एक बार में ही भेज दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुमान बड़ी संख्या में न भेजे जाएं, बल्कि फील्ड स्तर पर जांच कर सही अनुमान बनाए जाएं। ईओ फील्ड में गहनता से जांच कर उचित अनुमान तैयार करें। मंदिर पर्यटन सर्किट पर कवायद अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्रदेश के मंदिरों में श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने और मंदिरों के विकास तथा आय के स्रोतों को बढ़ाने की योजना बनाकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि मंदिर पर्यटन सर्किट पर और अधिक कवायद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे एक जिले के तीन प्रमुख मंदिरों को मिलाकर एक सर्किट बनाने की योजना बना रहे हैं और यह प्रक्रिया तीन चरणों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रसिद्ध मंदिरों में ले जाने के अलावा रास्ते में आने वाले पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने की भी योजना बना रहे हैं।

# पेट्रोल पंप में आग लगने से दो लोग घायल

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर के अत्तापुर में एक पेट्रोल पंप में वेल्डिंग कार्य के दौरान आग लगने से दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय घटी जब दोनों श्रमिक गैस सिलेंडर का उपयोग करके भूमिगत ईंधन टैंकर के ढक्कन और वाल्व की वेल्डिंग का काम कर रहे थे। चिंगारी से आग भड़क उठी। विस्फोट तो नहीं हुआ, लेकिन आग से मौके पर मौजूद दो मजदूर घायल हो गए। सतर्क कर्मचारियों ने तुरंत अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग बुझा दी, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। राजेंद्रनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों का इलाज पास के निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# जगतियाल में सर्जरी के दौरान महिला की मौत

**परिजनों ने चिकित्सा लापरवाही को ठहराया जिम्मेदार**

जगतियाल, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जगतियाल कस्बे के एक निजी नर्सिंग होम में सर्जरी के दौरान 42 वर्षीय महिला ऐत्ता राजव्वा की कथित तौर पर मौत हो गई। सारंगपुर मंडल के पोचमपल्ली की निवासी राजव्वा बांझपन के इलाज के लिए पल्लवी नर्सिंग होम पहुंची थीं। मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने उनके गर्भाशय में ट्यूमर का पता लगाया और सर्जरी करके उसे निकालने की सलाह दी। हालांकि, ऑपरेशन के दौरान राजव्वा की मौत हो गई।

घटना से गुस्साए उसके परिवार वालों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज को एनेस्थीसिया दिए जाने के बाद दिल का दौरा पड़ा और सर्जरी शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के हस्तक्षेप और पीड़ित परिवार को न्याय का आश्वासन देने के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

# पावरग्रिड राजभाषा नोडल अधिकारी की दो-दिवसीय कार्यशाला सह बैठक



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दिनांक 13-14 जून के दौरान द.क्षे.-1 के अधीनस्थ उपकेंद्रों के "राजभाषा नोडल अधिकारी की दो-दिवसीय कार्यशाला सह बैठक" कार्यक्रम का आयोजन वरंगल (तेलंगाना) में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि रामुलु रामावत, उप-महाप्रबंधक (प्रभारी) वरंगल उपकेंद्र के कर-कमलों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य के रूप में प्रथम दिन के दौरान (1) डॉ. प्रेम सिंह, संयुक्त निदेशक (राजभाषा)-से.नि., गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा नीति, अधिनियम एवं नियम, वर्तनी की अशुद्धियां, संशोधित वार्षिक कार्यक्रम एवं तिमाही रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा पर सत्र का आयोजन किया गया एवं द्वितीय दिवस के दौरान (2) डॉ. राजनारायण अवस्थी, सदस्य सचिव (नराकास-उपक्रम) हैदराबाद-सिकंदराबाद एवं प्रबंधक (राजभाषा), ईसीआईएल हैदराबाद द्वारा संसदीय राजभाषा समिति की संशोधित निरीक्षण प्रश्नावली भरने हेतु ध्यान देने योग्य बातें एवं सम्बंधित विभिन्न दस्तावेजों का रखरखाव आदि विषयों पर सत्रों का संचालन किया जा रहा हैं।

# निजी अस्पताल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। नारायणगुडा के वेंकटेश्वर कॉलोनी में स्थित एक निजी अस्पताल की इमारत में आग लग गई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, आग लगने पर कर्मचारियों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग के कर्मचारी दमकल की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आसपास फैले धुएं के कारण अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि आग में कोई कर्मचारी या मरीज घायल नहीं हुआ और फर्नीचर तथा अन्य ज्वलनशील सामग्री को नुकसान पहुंचा है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के महाभियोग पर फंसेगा पेच! : कपिल सिब्बल के सुर में सुर मिला रही कांग्रेस

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। ऐसी अटकलें हैं कि केंद्र सरकार जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनी जांच समिति की रिपोर्ट को महाभियोग की कार्यवाही का आधार बना सकती है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के बाद कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने भी इसका विरोध कर दिया है। कांग्रेस नेता ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक रिपोर्ट के आधार पर महाभियोग नहीं चलाया जा सकता। इसके लिए जज जांच अधिनियम के तहत उचित प्रक्रिया का पालन करना होगा।

जस्टिस वर्मा पर महाभियोग के लिए कांग्रेस अभी तैयार नहीं :

कांग्रेस के कानूनी जानकारों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट की जांच के आधार पर आगे बढ़ना कानूनी रूप से सही नहीं होगा। कांग्रेस सरकार को भी यही बात बताएगी। वरिष्ठ वकील और कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की जांच रिपोर्ट सिर्फ पेशेवर कदाचार के मामलों में संस्थान की एक प्रक्रिया है। यह कानूनी प्रक्रियाओं का विकल्प नहीं हो सकती। सिंघवी ने कहा कि जज जांच अधिनियम के तहत तीन सदस्यों की एक जांच समिति बनाना जरूरी है। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट का एक सदस्य, एक हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होने चाहिए। उन्होंने टीओआई को बताया, कानून के अनुसार तीन सदस्यों की समिति जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट की आंतरिक जांच कानूनी रूप से जरूरी नहीं है, लेकिन यह सुप्रीम कोर्ट की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह पूरी तरह से सुप्रीम कोर्ट का तरीका है।

**संवैधानिक प्रक्रियाओं की पवित्रता को लेकर कांग्रेस चिंतित :**

वहीं तन्खा ने धनखड़ को लिखा, महाभियोग एक बहुत ही गंभीर मामला है। इसमें हमें आरोपों को स्पष्ट रूप से बताना होता है। इसलिए, यह टीवी पर होने वाली बहस, सोशल मीडिया पर चल रही बातों या बिना जांचे हुए क्लिपिंग के आधार पर नहीं हो सकता। आप खुद एक जाने-माने कानूनी विशेषज्ञ हैं, हमें विश्वास है कि आप संवैधानिक प्रक्रियाओं की पवित्रता को लेकर हमारी चिंता को समझेंगे। असंबद्ध राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भी कुछ नियमों का हवाला देकर जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ अभी महाभियोग लाने का विरोध किया है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने 611 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

## जब्त संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य 1000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने एग्री गोल्ड समूह की कंपनियों द्वारा शुरू की गई पोंजी योजनाओं के पीड़ितों को 611 करोड़ रुपये (अटैचमेंट के समय संपत्ति का मूल्य) की जब्त संपत्ति वापस दिलाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। जब्त संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य 1000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। मई 2025 में, ईडी ने हैदराबाद के मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश की विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 8(8) के तहत प्रतिपूर्ति आवेदन दायर किया, ताकि अपराध जांच विभाग (सीआईडी), आंध्र प्रदेश (जहां तक ऐसी संपत्तियां ए.पी. सीआईडी द्वारा भी कुर्क की गई थीं) को उसके द्वारा कुर्क की गई चल और अचल संपत्तियों को मुक्त किया जा सके, ताकि ऐसी कुर्क की गई संपत्तियों को आंध्र प्रदेश वित्तीय प्रतिष्ठानों के जमाकर्ताओं के संरक्षण (एपीपीडीएफई) अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के तहत कृषि स्वर्ण पोंजी योजनाओं के पीड़ितों को वापस किया जा सके। न्यायालय ने 10 जून आदेश के तहत ईडी द्वारा दायर प्रतिपूर्ति याचिका को अनुमति दे दी है, जिससे पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियों की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। जिन कुर्क संपत्तियों के लिए न्यायालय द्वारा प्रतिपूर्ति की अनुमति दी गई है, उनमें कृषि भूमि के 397 पार्सल, आवासीय/वाणिज्यिक भूखंड और अपार्टमेंट शामिल हैं। कुर्क की गई 397 अचल संपत्तियों में से 380 आंध्र प्रदेश, 13 तेलंगाना और चार कर्नाटक में हैं। ईडी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा और अंडमान और निकोबार में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर 2018 में मेसर्स एग्री गोल्ड ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ जांच शुरू की थी। एग्री गोल्ड ग्रुप ऑफ कंपनीज ने उच्च रिटर्न या आवासीय प्लॉट का वादा करके रियल एस्टेट निवेश के नाम पर लगभग 19 लाख ग्राहकों और 32 लाख खाताधारकों से जमा राशि एकत्र की थी।

ईडी की जांच में पता चला कि एग्री गोल्ड ग्रुप ने रियल एस्टेट कारोबार की आड़ में फर्जी सामूहिक निवेश योजना चलाई, जिसके लिए 130 से अधिक कंपनियां बनाई गईं। ये कंपनियां जमाकर्ताओं से 'प्लॉट के लिए अग्रिम' के रूप में जमा राशि एकत्र करती थीं, जबकि कंपनी के पास उचित जमीन उपलब्ध नहीं थी। इस कारोबारी मॉड्यूल का पालन करके, आरोपियों ने लाखों भोले-भाले लोगों को लालच दिया और उनसे जमा राशि प्राप्त की। इसके बाद इन निधियों को जमाकर्ताओं की जानकारी के बिना बिजली/ऊर्जा, डेयरी, मनोरंजन, स्वास्थ्य (आयुर्वेदिक), कृषि भूमि उपक्रम आदि जैसे विभिन्न उद्योगों में डायवर्ट कर दिया गया और कंपनियों ने जमा राशि को नकद या वस्तु के रूप में वापस करने में चूक की, जैसा कि सहमति हुई थी। लोगों को लुभाने के लिए एग्री गोल्ड समूह ने हजारों कमीशन एजेंटों को नियुक्त किया और वे 32 लाख से अधिक निवेशकों के खातों से लगभग 6380 करोड़ रुपये एकत्र करने में सफल रहे। पीएमएलए जांच के दौरान, ईडी द्वारा विभिन्न राज्यों में फैली लगभग 4141.2 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियां जब्त की गईं। ईडी ने दिसंबर 2020 में अव्वा वेंकट रामा राव, अव्वा वेंकट शेषु नारायण राव और अव्वा हेमा सुंदर वर प्रसाद को भी गिरफ्तार किया था और फरवरी 2021 में 14 आरोपी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ विशेष पीएमएलए कोर्ट, नामपल्ली, हैदराबाद के समक्ष अभियोजन शिकायत दर्ज की थी। सभी आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध का संज्ञान 29 अगस्त, 2023 को न्यायालय द्वारा लिया गया था। इसके बाद, 22 आरोपियों के खिलाफ 28 मार्च, 2024 को पूरक अभियोजन शिकायत दर्ज की गई और उसी का संज्ञान 4 नवंबर, 2024 को न्यायालय द्वारा लिया गया है। मौजूदा मामले में, ईडी ने पहले फरवरी 2025 के महीने में 3339 करोड़ रुपये (वर्तमान बाजार मूल्य 6000 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां बहाल की थीं। 3950 करोड़ (वर्तमान बाजार मूल्य 7000 करोड़ रुपये से अधिक)। यह प्रतिपूर्ति अभ्यास ईडी द्वारा उनके वास्तविक दावेदारों को संपत्ति वापस करने और यह सुनिश्चित करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है कि अपराध की आय प्रभावित लोगों को वापस कर दी जाए।

# नागार्जुन सागर विवाद बढ़ा

## आंध्र प्रदेश ने दाएं नहर विनियामक पर नियंत्रण मांगा, तेलंगाना ने जताई चिंता



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। नागार्जुन सागर बांध के परिचालन नियंत्रण को लेकर विवाद एक बार फिर बढ़ गया है, आंध्र प्रदेश ने नहर के दाएं हेड रेगुलेटर को अपने नियंत्रण में लेने की मांग की है। इस कदम से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच चल रहे जल-बंटवारे के विवाद में तेजी आई है। आंध्र प्रदेश ने कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) को स्वतंत्र रूप से दाएं नहर के गेटों का प्रबंधन करने के अपने इरादे से अवगत करा दिया है। इसने तेलंगाना की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। आंध्र प्रदेश जल संसाधन विभाग ने आंध्र प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (एपीएसपीएफ) को भी पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि जून के अंत तक सीआरपीएफ के वापस चले जाने के बाद दाएं नहर के हेड रेगुलेटर पर तैनाती की जाए। ऐतिहासिक रूप से, नागार्जुन सागर बांध 2014 के विभाजन के बाद से विवाद का विषय रहा है, जिसमें नागार्जुन सागर का परिचालन नियंत्रण तेलंगाना को और श्रीशैलम का संचालन नियंत्रण आंध्र प्रदेश को दिए जाने के समझौते के तहत किया गया था।

अक्टूबर 2023 में तनाव बढ़ गया, जिसके कारण बांध पर सीआरपीएफ की निगरानी शुरू हो गई। सीआरपीएफ ने अप्रैल 2025 में परियोजना के तेलंगाना वाले हिस्से से अपनी टुकड़िया वापस बुला लीं, लेकिन अब वह जून के अंत तक बांध के आंध्र प्रदेश वाले हिस्से से हटने की तैयारी कर रही है। आंध्र प्रदेश ने सीआरपीएफ की जगह एपीएसपीएफ कर्मियों की तैनाती पर जोर दिया है, वहीं तेलंगाना ने गंभीर चिंता जताई है। तेलंगाना राज्य का तर्क है कि आंध्र प्रदेश पहले से ही कृष्णा नदी के अपने आवंटित हिस्से से ज़्यादा पानी खींच रहा है। इससे तेलंगाना के किसानों को उनके हक से वंचित होना पड़ रहा है। आंध्र प्रदेश द्वारा नहर के दाहिने गेट पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए हाल ही में उठाए गए कदम से यह आशंका और बढ़ गई है कि तेलंगाना के जल अधिकार पर और समझौता हो सकता है। यह विवाद व्यापक जल-बंटवारे असंतुलन का हिस्सा है, जिसमें तेलंगाना को कृष्णा नदी के जल का अपने हिस्से से कम पानी लगातार मिल रहा है।

# रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर हमला

## भारत की नाराजगी के बाद आया बांग्लादेश का रिएक्शन

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारत ने बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में की गई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की और देश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से इस घटना में शामिल चरमपंथी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। अब इस मामले पर बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय का रिएक्शन भी सामने आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश के लोग और सरकार कवि रवींद्रनाथ टैगोर को सर्वोच्च सम्मान देते हैं और हमारी भाषा, साहित्य और संस्कृति में उनके योगदान का गहरा सम्मान किया जाता है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बांग्लादेश सरकार का ध्यान बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में प्रतिष्ठित बंगाली नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर से संबंधित सरकारी स्वामित्व वाली संपत्ति में हुई एक कथित घटना की ओर आकर्षित किया गया है। यह घटना कुछ दिनों पहले दो विजिटर्स और प्रॉपर्टी के रखवाले के बीच हुए विवाद पर केंद्रित है। इसका मैनेजमेंट सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा किया जाता है।

इस मामले में दो लोगों को किया गया गिरफ्तार :

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, इस घटना के बाद 10 जून को स्थानीय पुलिस में एक मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा एक स्थानीय जांच बोर्ड का गठन भी किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बांग्लादेश के लोग और सरकार कवि रवींद्रनाथ टैगोर को सर्वोच्च सम्मान देते हैं और हमारी भाषा, साहित्य और संस्कृति में उनके योगदान का गहरा सम्मान किया जाता है। बांग्लादेश की सरकार और लोग उनके योगदान को संजोए रखेंगे और यह दोहराना चाहेंगे कि बांग्लादेश के राष्ट्रीय और सांस्कृतिक क्षेत्र में इस विषय पर विवाद को बढ़ावा देने के लिए किसी भी विभाजनकारी और प्रेरित प्रयास की कोई गुंजाइश नहीं है।

भारत ने जताई थी नाराजगी :

8 जून को बांग्लादेश में भीड़ द्वारा रवींद्र नाथ टैगोर के घर पर हमला किया गया और तोड़फोड़ की गई। इस पर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम 8 जून 2025 को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर भीड़ द्वारा किए गए घृणित हमले और तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं।

# 21 ग्राम एमडीएमए के साथ एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों ने एमडीएमए ड्रग के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके पास से 21.3 ग्राम एमडीएमए जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन दल ने उप्पल निवासी के. वेंकट कुमार को उस समय पकड़ लिया, जब वह अपने ग्राहकों को ड्रग्स देने जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, वेंकट ने बेंगलुरू से 3,000 रुपये प्रति ग्राम की दर से यह दवा खरीदी थी और वह इसे 5,000 रुपये प्रति ग्राम की प्रीमियम कीमत पर ग्राहकों को बेचने की योजना बना रहा था। जब्त की गई दवा की कीमत 1.5 लाख रुपये है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

निर्मल, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। दिलावरपुर मंडल के कलवा और बीरावेली गांवों के बीच एक ऑटो-रिक्शा के पलट जाने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सारंगपुर मंडल के थांड्रा गांव के दिहाड़ी मजदूर कोप्पुला आशन्ना (55) को तिपहिया वाहन पलटने से गंभीर चोटें आईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार चार महिलाएं भी घायल हो गईं।

उनकी हालत स्थिर बताई गई है। समूह ने निर्मल से थांड्रा तक यात्रा करने के लिए वाहन किराए पर लिया था। पुलिस को संदेह है कि चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। आशन्ना की पत्नी मुत्तव्वा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। डोनीगांव के ऑटो रिक्शा चालक श्रवण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच चल रही है।

# लोकेश ने वाईएसआरसीपी नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

विजयवाड़ा, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने चेतावनी दी है कि वाईएसआरसीपी नेताओं को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, जिन्होंने दावा किया है कि तल्ली दीवेना योजना के तहत बच्चों की माताओं को 18,000 रुपये दिए गए और उनके बैंक खाते में 2,000 रुपये जमा किए गए। उन्होंने चेतावनी दी, उन्हें साबित करना चाहिए कि मेरे खाते में 2,000 रुपये जमा किए गए थे या उन्हें माफी मांगनी चाहिए और अपना बयान वापस लेना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि झूठे आरोपों को पहले की तरह नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग निराधार आरोप लगाते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। लोकेश ने कहा कि राज्य के 80 प्रतिशत स्कूली छात्रों को किट उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा, हमने स्कूल खुलने के पहले दिन छात्रों को यह मुहैया कराया। हम इस महीने की 20 तारीख तक शेष 20 प्रतिशत को यह मुहैया करा देंगे। हम एक परिवार में जितने बच्चे हैं, उतने बच्चों को इस योजना के तहत पैसा देंगे। कुछ बैंक खाते सक्रिय नहीं हैं और धनराशि को उनकी निष्क्रिय स्थिति में वापस कर दिया गया है। हम माताओं से उन बैंक खातों को सक्रिय करने के लिए कह रहे हैं। एक बार बैंक खाते सक्रिय हो जाने पर हम उनके खातों में पैसा जमा कर देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी छात्रों को मध्याह्न भोजन में अच्छी गुणवत्ता वाला चावल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। हमने 9,600 स्कूलों में एक कक्षा-एक शिक्षक मॉडल लाया है। हम एक साल में दिखा देंगे कि एपी मॉडल शिक्षा क्या है। हम सभी सरकारी स्कूलों को मुफ्त बिजली मुहैया करा रहे हैं। हम सोमवार तक शिक्षकों के तबादले पूरे कर लेंगे। लोकेश ने खुलासा किया कि मेगा डीएससी भर्ती प्रक्रिया चल रही उन्होंने कहा कि तल्ली दीवेना योजना आंगनवाड़ी बच्चों के लिए लागू नहीं है। लोकेश ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी शासन के दौरान शिक्षा विभाग को बर्बाद कर दिया गया था और कहा कि उन्हें पूर्व शिक्षा मंत्री द्वारा अतीत में किए गए कार्यों के बारे में पता नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाने में 100 दिन लगेंगे कि सरकारी स्कूलों में कितने बच्चे पढ़ रहे हैं।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# मार्नस लाबुशेन का डाइविंग कैच, कमिंस के 300 विकेट पूरे

## > साउथ अफ्रीका ने 13 रन बनाने में 5 विकेट गंवाए



लंदन, 13 जून (एजेंसियां)।, लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जा रहा है। मुकाबले के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 144 रन बना लिए। टीम ने 218 रन की बढ़त बना ली है। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने 300 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। उनकी गेंदबाजी के दम पर टीम ने साउथ अफ्रीका के आखिरी 5 विकेट महज 13 रन के अंदर गिरा दिए। मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा।

**लाबुशेन का डाइविंग कैच**

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को पहला विकेट मार्नस लाबुशेन के बेहतरीन डाइविंग कैच की बदौलत मिला। 40वें ओवर की दूसरी बॉल पैट कमिंस ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। टेम्बा बावुमा ने कवर ड्राइव खेला, वहां शॉर्ट कवर्स पर मौजूद लाबुशेन ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। बावुमा 36 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी डेविड बेडिंघम के साथ 64 रन की पार्टनरशिप भी टूटी।

**डीआरएस के कारण ऑस्ट्रेलिया को मिला विकेट**

ऑस्ट्रेलिया को साउथ अफ्रीका का छठा विकेट डीआरएस लेने के कारण मिला। ओवर की तीसरी बॉल पैट कमिंस ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। गेंद सीधे विकेटकीपर काइल वेरियन के पैड्स पर लगी। कमिंस ने एलबीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने मना कर दिया। कप्तान कमिंस ने रिव्यू लिया, रिप्ले में पता चला कि गेंद स्टंप्स को लग रही है। फील्ड अंपायर ने अपना फैसला बदला और वेरियन को 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।



**कमिंस का बेहतरीन कॉट एंड बोल्ड**

52वें ओवर में पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए। उन्होंने काइल वेरियन को बोल्ड करने के बाद आखिरी गेंद पर मार्को यानसन का अपनी ही गेंद पर बेहतरीन कैच पकड़ लिया। कमिंस ने गुड लेंथ पर इनस्विंगर फेंकी, यानसन डिफेंड करने गए, लेकिन गेंद कमिंस की ओर ही चली गई। कमिंस ने संभलते हुए बेहतरीन कैच पकड़ा और यानसन को खाता खोले बगैर पवेलियन लौटना पड़ा।

**कमिंस के 300 टेस्ट विकेट पूरे**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टेस्ट करियर में अपने 300 विकेट भी पूरे कर लिए। कमिंस के नाम अब 68 टेस्ट की 126 पारियों में 300 विकेट हो गए। उनके नाम 14 बार पारी में 5-विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। वे अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 2023 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप भी जिता चुके हैं। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में आखिरी 5 विकेट महज 13 रन बनाने में गंवा दिए।

# एलन ने टी20 की एक-पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाए

## मेजर लीग क्रिकेट में 19 छक्के जड़े; क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा




नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के बैटर फिन एलन टी-20 में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए हैं।

उन्होंने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के उद्घाटन मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलते हुए वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 51 गेंदों में 151 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 19 छक्के जड़ कर क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा।

गेल ने साल 2017 में बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैच में रंगपुर राइडर्स की तरफ से खेलते हुए ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ 18 छक्के जड़े थे। वहीं साहिल ने इस्टोनिया के लिए खेलते हुए साल 2024 में टी-20 मैच में साइप्रस के खिलाफ 18 छक्के जड़े थे। फिन एलन ने इस पारी में 296.07 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और केवल 34 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर दिया। वे टीम के लिए ओपनिंग करने आए थे। एलन ने 151 रन की पारी में 19 छक्का के अलावा 5 चौका भी जड़ा।

**सिर्फ 25 रनों से नहीं तोड़ पाए एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड**

एलन सिर्फ 25 रनों से टी-20 क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने के क्रिस गेल के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए।

गेल ने आईपीएल 2013 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 175 रन बनाए थे। अब ये रिकॉर्ड 25 रनों से बचा गया, क्योंकि फिल एलन ने 151 रनों की पारी खेली है।

**सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने 123 रन से जीता मैच**

सैन फ्रासिस्को यूनिकॉर्न्स ने इस मैच को 123 रन से जीत लिया। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाए। वहीं, 270 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वाशिंगटन फ्रीडम ने 13.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी।

# इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटी टीम इंडिया

## कुलदीप-जडेजा पर होगी नजर




नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया अंतिम तैयारियों में जुट गई है। टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। आज से सीनियर टीम बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वॉड मैच में भारत ए का सामना करेगी। यह मैच 3 बजे से खेला जाएगा। इस मैच का लाइव नहीं होगा।

यह मैच भारत ए की इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के बाद हो रहा है। दोनों मैच ड्रॉ हुए थे। भारत एक टीम के लिए सीनियर टीम से 18 में से 7 प्लेयर्स को चुना गया था, जिसमें कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन, केएल राहुल, करूण नायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, शार्दूल ठाकुर और नीतीश कुमार रेड्डी शामिल थे।

कुलदीप -जडेजा पर रहेगी निगाहें

इस मैच में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। क्योंकि इसमें कोई बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाता है, तो उसे फिर से अपने को साबित करने का मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन

## बेल्जियम को लगातार तीसरे मैच में हराया

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है और उसने बेल्जियम के खिलाफ लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। यूरोप के अपने मौजूदा दौरे पर भारतीय टीम ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी।

सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें मिनट) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा।

# नेपाल–वेस्टइंडीज के बीच पहली बाइलेटरल टी–20 सीरीज सितंबर में

## न्यूट्रल वेन्यू पर नेपाल करेगा मेजबानी; शारजाह में 27, 28 और 30 सितंबर को होंगे मैच

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। नेपाल और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीमों के बीच सितंबर में शारजाह में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। यह दोनों देशों के बीच पहली बाइलेटरल सीरीज होगी। हालांकि, मैच न्यूट्रल ग्राउंड पर खेले जाएंगे, नेपाल इस सीरीज की मेजबान टीम होगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इस सीरीज को क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। ये मैच 27, 28 और 30 सितंबर को खेले जाएंगे। इस सीरीज के बाद नेपाल को इसी साल पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालीफायर में भाग लेना है।



**सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी बोले- यह सीरीज क्रिकेट के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का जश्न**

सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहरिंग ने कहा कि यह सीरीज सिर्फ अंतरराष्ट्रीय मैचों का एक सेट नहीं है। यह क्रिकेट के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का जश्न है। वर्तमान में वेस्टइंडीज की टी-20 टीम आयरलैंड में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है, जिसका पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। वहीं नेपाल की टीम स्कॉटलैंड में नीदरलैंड्स के साथ टी20 त्रिकोणीय सीरीज खेल रही है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता वेस्टइंडीज वर्तमान में टी-20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं, जबकि नेपाल 18वें स्थान पर है।

# इंग्लैंड दौरे से अचानक भारत वापस आए मुख्य कोच गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अचानक भारत लौट आए हैं। उन्होंने पारिवारिक आपातकाल को वजह बताया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को इसकी जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां की देखभाल के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड में है।




**डेशकाटे फिलहाल टीम की देखरेख करेंगे**

सूत्र ने बताया, 'गंभीर पारिवारिक आपात स्थिति के कारण वापस (भारत) चले गए हैं।' गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे शुक्रवार से भारत और भारत ए के बीच शुरू होने वाले चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान टीम की देखरेख करेंगे। उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक जैसे अन्य कोचिंग स्टाफ से सहायता मिलेगी। अगर उनके घर पर सब कुछ ठीक रहा तो गंभीर के एक सप्ताह के भीतर इंग्लैंड लौटने की उम्मीद है।

**तैयारियों को परखना चाहेगी भारतीय टीम**

भारतीय टीम इंट्रा स्क्वॉड मैच खेलकर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले तैयारियों को अंतिम रूप देगी। भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे और उसमें बल्लेबाजों ने अपना दम दिखाया था। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके।

**कुलदीप-जडेजा पर रहेगी निगाहें**

इस मैच में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे टीम मैनेजमेंट को सुलझाना होगा।

**तेज गेंदबाजों पर भी रहेंगी निगाहें**

इसी तरह इस मैच से टीम मैनेजमेंट और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा।

# विंबलडन की इनामी राशि में हुआ इजाफा, विजेता को मिलेंगे अब करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। विंबलडन के मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपये) कर दी गई है जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है।

# पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा, रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद बनी वजह?

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे, तब तक वे राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे। पोलैंड को फिनलैंड से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।



# हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन

बिलासपुर, 13 जून (एजेंसियां)। चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी। गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा।



हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं। स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गईं खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी। 22 गज की पिच पर आठ साल की माधवी गिल्लियां बिखेर रही हैं। खास बात यह है कि माधवी यह प्रदर्शन अंडर-19 टीम के लिए कर रही हैं। इन दिनों अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। माधवी को चंबा जिले की टीम में बतौर तेज गेंदबाज जगह दी गई है। माधवी अपनी से दोगुना उम्र की क्रिकेटरों को टक्कर दे रही हैं।

# परिवहन मंत्री पोन्नम ने केजीबीवी स्कूल का दौरा किया



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूलों के फिर से खुलने के अवसर पर सिद्दीपेट शहरी मंडल के मिट्टापल्ली केजीबीवी स्कूल का दौरा किया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने छात्रों के साथ नाश्ता किया। इसके बाद, वे कक्षाओं में गए और छात्रों से अच्छी तरह से अध्ययन करने और उच्च ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के लिए सभी स्कूलों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी और आहार प्रसाधन सामग्री के शुल्क में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में, छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने पूछा कि छात्र कौन से खेल खेल रहे हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार छात्रों को मुफ्त किताबें, वर्दी और गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करेगी। स्कूल में नाश्ता और दोपहर का भोजन कैसा है? उन्होंने स्कूल में समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वैज्ञानिक रूप से नवीनता, बदलते समय के अनुरूप तकनीकी रूप से उन्नत तरीके से भर्ती की जा रही है और उन्हें न केवल पढ़ाई बल्कि खेल और पाठ्येतर गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए।छात्रों को बोलने का कौशल, ड्राफ्टिंग कौशल और किसी भी कठिनाई से निपटने की क्षमता सिखाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मनु चौधरी, अतिरिक्त कलेक्टर गरिमा अग्रवाल, डीईओ श्रीनिवास रेड्डी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीआरएस नेता ने अपने खिलाफ झूठे प्रचार को लेकर पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता मेदय राजीव सागर ने अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ गलत प्रचार करने के आरोप में साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने चेवेल्ला के पास ड्रग से जुड़ी घटना में अपने नाम और तस्वीर के इस्तेमाल की निंदा की और इसे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की जानबूझकर की गई कोशिश करार दिया।

गुरुवार को शिकायत दर्ज कराने के बाद मीडिया से बात करते हुए राजीव सागर ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाने वाले उनके जैसे विपक्षी नेताओं के खिलाफ गलत प्रचार कर रही है और उनका चरित्र हनन कर रही है।

# तेलंगाना हाईकोर्ट ने की राज्य सरकार की खिंचाई

## मेट्रो रेल फेज II कार्यों पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने में विफल रही सरकार



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति रेणुका यारा ने गुरुवार को नौ बार स्थगन लेने के बावजूद जवाबी हलफनामा दाखिल करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई और तदनुसार हैदराबाद मेट्रो रेल चरण- II के कॉरिडोर 6 - महात्मा गांधी बस स्टेशन (एमजीबीएस) से चंद्रायनगुट्टा तक - के साथ निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने के अंतरिम आदेश पारित किए, जब तक कि प्रासंगिक विरासत संरक्षण कानूनों का अनुपालन नहीं हो जाता।

यह निर्देश एक्ट पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन (एपीडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष मोहम्मद रहीम खान द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) में जारी किया गया था, जिसमें प्रस्तावित मेट्रो मार्ग को चुनौती दी गई थी, जो याचिकाकर्ता के अनुसार, चारमीनार, फलकनुमा, दारुल शिफा, मुगलपुरा मकबरे और अजाखाना-ए-ज़हरा सहित कई अधिसूचित विरासत परिसरों से होकर गुज़रता है।

याचिकाकर्ता ने प्रस्तुत किया कि परियोजना तेलंगाना हेरिटेज अधिनियम, 2017 और प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत अनिवार्य हेरिटेज प्रभाव आकलन (एचआईए) के बिना आगे बढ़ी थी। यह भी आरोप लगाया गया कि संरक्षण अधिकारियों से अपेक्षित वैधानिक अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया था। जनहित याचिका में मेट्रो संरेखण की जांच करने और सुरक्षात्मक उपायों की देखरेख करने के लिए हेरिटेज पेशेवरों, योजनाकारों और पर्यावरण विशेषज्ञों वाली एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के गठन की भी मांग की गई। इसने हैदराबाद की विरासत की रक्षा के लिए हुडा ज़ोनिंग रेगुलेशन, 1981 के विनियमन 13 को बहाल करने या उपयुक्त नियामक ढांचे का भी अनुरोध किया।

कार्यवाही के दौरान, न्यायालय ने पाया कि यद्यपि याचिका 31 जनवरी को दायर की गई थी, लेकिन राज्य ने जवाब देने में विफल रहा और अब अतिरिक्त तीन सप्ताह का समय मांगा है। देरी पर असंतोष व्यक्त करते हुए न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि कॉरिडोर 6 पर तब तक कोई और निर्माण गतिविधि नहीं की जाएगी जब तक कि राज्य अपना जवाब दाखिल न कर दे और लागू विरासत कानूनों का पालन न करे। मामले को आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# रक्षा मंत्रालय को 435 एकड़ जमीन दे सकती है तेलंगाना सरकार

## दो एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए दे सकती है जमीन



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल-मलकाजगिरी जिले के शमीरपेट के प्रमुख क्षेत्र में स्थित 435 एकड़ सरकारी भूमि का एक हिस्सा सिकंदराबाद छावनी में दो एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय को हस्तांतरित किए जाने की संभावना है। इस भूमि का उपयोग पहले भारतीय सेना द्वारा फील्ड फायरिंग और तोपखाने अभ्यास के लिए किया जाता था, लेकिन आसपास के क्षेत्र में आवासीय बस्तियां विकसित होने के बाद इसे बंद कर दिया गया। प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर, पैराडाइज जंक्शन से ओआरआर जंक्शन (शमीरपेट के पास) और परेड ग्राउंड से सिकंदराबाद छावनी में हाकिमपेट वायुसेना स्टेशन तक, के लिए राज्य सरकार को सिकंदराबाद छावनी बोर्ड (एससीबी) और सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों की भूमि के अलावा 95 एकड़ रक्षा भूमि की आवश्यकता है।

इन दोनों खंडों पर किए गए विस्तृत सर्वेक्षण के बाद, यह पाया गया कि एचएमडीए द्वारा 90 एकड़ रक्षा भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, जिसके बाद रक्षा मंत्रालय ने अपने कार्य अनुमति आदेशों में 'भूमि के समान मूल्य' (ईवीएल) को अनिवार्य बना दिया। एचएमडीए, राजस्व और स्थानीय सैन्य प्राधिकरण (एलएमए) द्वारा किए गए संयुक्त निरीक्षण के बाद, राज्य सरकार सैद्धांतिक रूप से रक्षा मंत्रालय के साथ रक्षा भूमि के हस्तांतरण के बदले भूमि का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत हो गई, जो अब अपने अंतिम चरण में है। एक बार जब रक्षा अधिकारी अपनी भूमि एचएमडीए को हस्तांतरित कर देंगे, तो शमीरपेट की भूमि का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है।

एचएमडीए सूत्रों ने को बताया कि सरकारी भूमि हस्तांतरित करने का यह निर्णय चल रही बातचीत में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भूमि अदला-बदली सौदा राज्य सरकार और रक्षा अधिकारियों के बीच भूमि संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। सूत्रों ने बताया कि कागजी कार्रवाई को छोड़कर, रक्षा अधिकारियों को 435 एकड़ भूमि हस्तांतरित करने की शेष प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## हैदराबाद में रातभर हुई झमाझम बारिश



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में भारी तूफान और तेज हवाओं का कहर जारी है और गुरुवार रात को कई मुख्य इलाकों में भारी बारिश हुई। हैदराबाद मौसम विभाग ने भारी गरज और तेज़ हवाओं की चेतावनी जारी की है। रात में मुशीराबाद, हिमायतनगर, सिकंदराबाद सहित मध्य क्षेत्रों के साथ-साथ उप्पल, एलबी नगर, सरूरनगर और कर्मनघाट जैसे पूर्वी इलाकों में भारी बारिश हुई।

तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी (टीएसडीपीएस) के आंकड़ों के आधार पर, जवाहर नगर सामुदायिक हॉल क्षेत्र, मुशीराबाद में स्थापित मौसम स्टेशनों ने 41.8 मिमी वर्षा दर्ज की, जबकि मुशीराबाद में टीएसआरटीसी कर्मचारी भवन विद्यानगर में 36.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिन अन्य क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा हुई उनमें उस्मानिया विश्वविद्यालय (33.8 मिमी), वनस्थलीपुरम में मॉडल मार्केट एनजीओ कॉलोनी (32.8 मिमी), हयातनगर (31.3 मिमी), उप्पल (30.5 मिमी), बौद्ध नगर, सिकंदराबाद (27.5 मिमी) और नचाराम वार्ड कार्यालय शामिल हैं, जहां 26.3 मिमी वर्षा हुई।

## रेलवे स्टेशन पर बेटी को आत्महत्या से बचाने की कोशिश में पिता की भी मौत

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के संजीवैया पार्क रेलवे स्टेशन पर एक 50 वर्षीय व्यक्ति अपनी बेटी को आत्महत्या के प्रयास से बचाने की कोशिश करते समय तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह त्रासदी 8 जून को हुई, जब मोहम्मद (50) को पता चला कि उनकी बेटी, 30 वर्षीय आलिया बेगम, वैवाहिक मुद्दों से परेशान थी और अपनी जान लेने का इरादा रखती थी। शाम को स्टेशन की ओर भागते हुए, मोहम्मद ने उसे चलती हुई लोकोमोटिव के सामने कूदने से रोकने का प्रयास किया।

सिकंदराबाद में सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार, मोहम्मद ने अपनी बेटी को ट्रेन के रास्ते से दूर खींचने की कोशिश की। जीआरपी अधिकारी ने कहा, 'उसे तेज गति से आ रहे लोको इंजन से दूर खींचने की कोशिश में वह भी चपेट में आ गया। हालांकि वह अपनी बेटी तक पहुंचने में कामयाब रहा, लेकिन पिता और बेटी दोनों को गंभीर चोटें आईं।' आलिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहम्मद गंभीर रूप से घायल होकर पटरियों पर गिर गया। आसपास खड़े लोगों ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी और उसे गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। जीआरपी सिकंदराबाद ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

# कांग्रेस कृषि और शिक्षा को संकट में धकेल रही है : केटीआर



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस सरकार पर तेलंगाना में कृषि और शिक्षा दोनों क्षेत्रों की अनदेखी करने का आरोप लगाया, जिससे दोनों क्षेत्र संकट में फंस गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने न तो कृषि क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है और न ही शिक्षा प्रणाली के प्रति जिम्मेदारी दिखाई है। वानाकालम (खरीफ) सीजन की शुरुआत की ओर इशारा करते हुए, रामा राव ने फसल ऋण माफी, रैतु भरोसा वित्तीय सहायता वितरित करने और रैतु बीमा बीमा योजना को लागू करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार आश्वासन के बावजूद किसान अभी भी सहायता का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बीआरएस शासन के दौरान, कृषि को एक त्यौहार की तरह मनाया जाता था। आज, कांग्रेस के शासन में, यह गिरावट में है।'

उन्होंने शिक्षा के प्रति सरकार की उदासीनता पर भी निशाना साधा और कहा कि स्कूल फिर से खुलने के बावजूद कांग्रेस सरकार उदासीन बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'बीआरएस के तहत, तेलंगाना की शिक्षा प्रणाली ने एक हज़ार से ज़्यादा कल्याणकारी गुरुकुलों की शुरुआत के साथ शिखर देखा। लेकिन अब, वही व्यवस्था संकट में है।'

# आरटीए ने वाहनों की फिटनेस जांच के लिए विशेष अभियान शुरू किया



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। शैक्षणिक वर्ष के लिए स्कूलों के फिर से खुलने के साथ, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) और हैदराबाद यातायात पुलिस ने छात्रों को ले जाने वाली स्कूल बसों और अन्य वाहनों की सुरक्षा और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किए हैं। ये अभियान सिकंदराबाद, खैरताबाद, पंजागुट्टा, वनस्थलीपुरम, बंदलागुडा, मलकपेट, मियापुर और राजेंद्रनगर सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह-सुबह शुरू हुए, जिसमें वाहनों की फिटनेस, चालक लाइसेंस की जांच और ओवरलोडिंग तथा कम उम्र में वाहन चलाने की रोकथाम सहित यातायात नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया।

हैदराबाद में कम से कम 17 स्कूल बसों को जब्त कर लिया गया, जिनके पास वैध फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं थे और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए। अधिकारियों ने पीक आवर्स के दौरान रोजाना निरीक्षण करने के लिए विशेष टीमें बनाई हैं और सुरक्षा मानकों को पूरा न करने वाली स्कूल और कॉलेज बसों के खिलाफ उल्लंघन के मामले दर्ज किए जाएंगे।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा मानकों को पूरा न करने वाली स्कूल और कॉलेज बसों के खिलाफ उल्लंघन के मामले दर्ज किए जाएंगे।

इस बीच, अभिभावकों को वाहनों में क्षमता से अधिक सामान लादने के खतरों के बारे में भी बताया गया तथा उन्हें सलाह दी गई कि वे अपने बच्चों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहन के चालकों की प्रमाणिकता तथा वाहन की फिटनेस की जांच अवश्य कर लें।

आरटीए और यातायात पुलिस प्राधिकारियों ने नागरिकों को स्कूल परिवहन से संबंधित किसी भी यातायात उल्लंघन की रिपोर्ट यातायात पुलिस के फेसबुक पेज, ट्विटर और समर्पित हेल्पलाइन जैसे विभिन्न माध्यमों से करने के लिए प्रोत्साहित किया। शहर के बाहरी इलाकों शमशाबाद, शादनगर, आरामगढ़, चेवेल्ला और करीमनगर, जनगांव, रंगारेड्डी और वारंगल जिलों में भी जांच की गई। आरटीए के अनुमान के अनुसार, इस शैक्षणिक वर्ष में कुल 5,000 शैक्षणिक संस्थानों की बसों ने अभी तक अपने फिटनेस प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण नहीं कराया है।

# एआईएमआईएम विधायक जाफर हुसैन को स्थानीय लोगों ने घेरा



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) याकूतपुरा के विधायक जाफर हुसैन मेराज और उनके समर्थकों को उस समय मुश्किल हालात का सामना करना पड़ा, जब मौला का चिल्ला में स्थानीय लोगों ने उन्हें घेर लिया, जब वे बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा करने गए थे। भारी बारिश के दौरान याकूतपुरा मदीना कॉलोनी, मौला का चिल्ला व अन्य इलाकों में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया। स्थानीय जीएचएमसी कर्मचारियों द्वारा पानी के मुक्त प्रवाह के लिए अवरोधों को हटाने में विफल रहने के बाद स्थानीय लोग स्वयं मौला का चिल्ला स्थित नाले में उतर गए थे।

एआईएमआईएम याकूतपुरा विधायक नुकसान का निरीक्षण करने गए थे, तभी स्थानीय लोगों ने उनसे समस्याओं के बारे में शिकायत की। एक समय ऐसा भी आया जब स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों को कथित तौर पर धमकाने की कोशिश की तो लोग नाराज हो गए और विधायक के सामने ही स्थानीय नेताओं को घेर लिया तथा आरोप लगाया कि वे जनता की समस्याओं को सुलझाने में रुचि नहीं रखते।

बाद में विधायक को उनके सुरक्षाकर्मी वहां से ले गए। विधायक ने बाद में बताया कि जीएचएमसी नाले को चौड़ा करने का काम कर रही है और यह एक बड़ी परियोजना है, जो समय लेने वाला काम है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों ने पहले मौके का दौरा किया था और काम में तेजी लाने का आश्वासन दिया था।

# एनआईआरडी एंड पीआर ने बिहार के मुखियाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजन किया



हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एंड पीआर) ने अपने हैदराबाद परिसर में बिहार के ग्रामीण शासन नेताओं के लिए तीन दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 89 मुखिया (ग्राम पंचायत अध्यक्ष) और बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बीआईपीएआरडी) के तीन युवा पेशेवर शामिल हुए, जिसमें कुल 92 प्रतिभागी शामिल हुए। एनआईआरडी एंड पीआर में एसोसिएट प्रोफेसर और पंचायती राज, विकेन्द्रीकृत योजना और सामाजिक सेवा वितरण (सीपीआरडीपी एंड एसएसडी) केंद्र के प्रमुख डॉ अंजन कुमार भांजा ने डॉ चिन्नादुरई, डॉ प्रत्युष्ना पटनायक, डॉ अरुणा जयमणि, श्री अजीत कुमार सिंह और तेलंगाना के कडथल ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्री जी लक्ष्मी नरसिम्हा रेड्डी सहित प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के साथ औपचारिक रूप से पहल का शुभारंभ किया।

अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ अंजन कुमार भांजा ने पंचायती राज में उत्कृष्टता स्कूल (एसओईपीआर) के माध्यम से देश भर में ग्राम पंचायतों को मजबूत करने के लिए एनआईआरडी एंड पीआर की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जिसमें संस्थान के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया जिसमें निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम, ई-सक्षमता पहल, ईग्राम प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म और ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) दिशानिर्देश शामिल हैं डॉ. चिन्नादुरई ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतिभागियों को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में शासन और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम के दौरान देखी गई सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। 14 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में मॉडल ग्राम पंचायतों के क्षेत्र का दौरा शामिल है। तेलंगाना में, प्रतिभागियों ने तूप्रान मंडल में मलकापुर जीपी, मुचिनथल जीपी और शमशाबाद मंडल में नारुखुदा जीपी का दौरा किया, जबकि आंध्र प्रदेश में नंदयाल जिले में पांडुरंगपुरम जीपी, पेद्देटकुरु और कर्नूल जिले में पसुपुला जीपी का दौरा शामिल था। फील्ड ट्रिप प्रतिभागियों को अनुकरणीय शासन मॉडल और अभिनव ग्रामीण विकास प्रथाओं के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

## नलगोंडा में फर्जी डॉक्टरों का भंडाफोड़

**बिना मेडिकल डिग्री के नेत्र चिकित्सक को आंखों की सर्जरी करते पकड़ा गया**

हैदराबाद, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मेडिकल काउंसिल (टीएमसी) की निरीक्षण टीमों ने ऑप्टोमेट्रिस्ट आर रमेश को 'अक्षरा हॉस्पिटल' नामक एक पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का संचालन करते हुए पकड़ा, जहां वह नलगोंडा के देवरकोंडा में आंखों की सर्जरी कर रहा था और मरीजों को एंटीबायोटिक्स दे रहा था। एक अन्य व्यक्ति, रमेश, कथित तौर पर एमबीबीएस, एमडी, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में खुद को 'पद्मावती अस्पताल' चला रहा था। टीएमसी ने कहा, 'जब मेडिकल काउंसिल की जांच टीम के सदस्यों ने रमेश से पूछताछ की तो उसने दावा किया कि उसने रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है, लेकिन वह कोई डिग्री प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका।' परिषद की निरीक्षण टीमों ने चार अन्य व्यक्तियों को भी पकड़ा जो एलोपैथिक सुविधाएं संचालित कर रहे थे और 'प्राथमिक उपचार' या 'सीमित दायरे का उपचार' देने का दावा कर रहे थे। इनमें राजेश्वर राव भी शामिल है, जो कथित तौर पर मॉल टाउन में राजेश्वर राव क्लिनिक चला रहा था। जहांगीर, जो एक फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में प्रैक्टिस कर रहा था और फर्जी बीपीटी (फिजियोथेरेपी में स्नातक) की डिग्री के साथ एक एलोपैथी क्लिनिक चला रहा था; पद्मावती मॉल टाउन में श्रीनिवास पॉली क्लिनिक चला रही थी; और संतोष, जो वेंकट रेड्डी नामक एक एमबीबीएस डॉक्टर के पर्चे का उपयोग करके 'महर्षि क्लिनिक' के नाम से एलोपैथी दवाइयां लिखता पाया गया। टीएमसी के उपाध्यक्ष डॉ. गुंडागानी श्रीनिवास ने कहा, 'ये लोग मरीजों को उनकी बीमारी की परवाह किए बिना एंटीबायोटिक इंजेक्शन, स्टेरॉयड इंजेक्शन और गोलियों की उच्च खुराक देते पाए गए। ऐसा कोई कानून नहीं है जो उचित लाइसेंस और योग्यता के बिना 'प्राथमिक चिकित्सा केंद्र' या 'प्राथमिक उपचार केंद्र' की आड़ में 'सीमित दायरे वाले एलोपैथिक उपचार' को परिभाषित या अनुमति देता हो।' डॉ. श्रीनिवास और डॉ. विष्णु, जिन्होंने छापेमारी की थी, ने कहा कि इन व्यक्तियों के खिलाफ एनएमसी अधिनियम की धारा 34 और 54 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा, जिसमें एक वर्ष की कैद और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत्त कर्मचारी की मौत

कोत्तागुडेम, 13 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के बर्गमपद मंडल के सरपाका में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की मौत हो गयी। मृतक, सरपका निवासी गंगुला राजेश्वर राव (73) दोपहिया वाहन पर यात्रा कर रहे थे, जब लोहे की छड़ों से लदे एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह भद्राचलम पेपरबोर्ड्स लिमिटेड (बीपीएल) में मैनेजर के पद पर काम करता था। स्थानीय पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।

भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम, रक्षा मंत्रालय)
गच्ची बौली, हैदराबाद-500 032

संदर्भ: बीडीएल/सीसी/ओटी/जीटी/001/2025-26 दि.14/06/2025

ई-प्रोक्योरमेन्ट संक्षिप्त निविदा सूचना
स्वदेशी प्रतिस्पर्धात्मक बोली के लिए आमंत्रण

| क्रम सं. | टेन्डर आयडी | कार्य विवरण | अनुमानित लागत |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | 66314 | बीडीएल-केबीयू में रेडोम फेसिलिटी की स्थापना हेतु सीपी-2 जीएमएस बिल्डिंग में संशोधन या माडिफिकेशन करना। | रु181.29 लाख |

विस्तृत विवरण हेतु कृपया **वेबसाइट:** https://bdltenders.abcprocure.com का अवलोकन करें, डैशबोर्ड पर आफलाईन टेन्डर्स या निविदाओं का चयन करें। बोलियों या बिड्स को केवल आफलाईन पर ही प्रस्तुत करना चाहिए। शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल हमारे ई-पोर्टल पर ही जारी किया जायेगा तथा इसे दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

बोलीदातागण या बिड्डर्स से अनुरोध है कि,बीडीएल के (आनलाइन विक्रेता पंजीकरण)आनलाईन वेन्डर रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट: https://bdl-india.in/registration-contractors प्रासपेक्टस के माध्यम से ही आवेदन करें।

हस्ता./- अपर महाप्रबंधक (कार्पो. वाणिज्य)

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.


# कंपनी नंबर-7 की 'गद्दारी' से मारा गया नक्सली लीडर बसवाराजू

**बसवाराजू एनकाउंटर**



तारीख
21 मई, 2025

मारे गए नक्सली
27




19 मई को दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर से DRG के जवान अबूझमाड़ के कुडमेल- कलहाजा जाटलूर इलाके में ऑपरेशन पर निकले थे

यहां बसवाराजू के मौजूद होने की सूचना मिली थी, 21 मई को मुठभेड़ हुई, जिसमें 27 नक्सलियों की डेडबॉडी मिली

26 मई तक 20 नक्सलियों की बॉडी उनके परिवार को दे दी गई, 7 का अंतिम संस्कार प्रशासन ने करवाया

**बरामद हथियार**




| AK-47 राइफल | SLR | इंसास राइफल |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 |
| **कार्बाइन** | **303 राइफल** | **BGL लॉन्चर** |
| 1 | 6 | 1 |

इनमें से कुछ हथियार 2010 में ताड़मेटला और 2017 में बुरकापाल मुठभेड़ के बाद जवानों से लूटे गए
(नारायणपुर SP प्रभात कुमार के मुताबिक)

नारायणपुर, 13 जून (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 18 मई, 2025, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवानों ने नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगलों में तीन तरफ से घुसना शुरू किया। उन्हें एक करोड़ के इनामी नक्सली लीडर बसवाराजू का ठिकाना पता चल गया था। बसवाराजू के साथ उसकी सुरक्षा करने वाली कंपनी नंबर-7 के लोगों ने ही गद्दारी की थी। 40 साल से इन जंगलों में छिपा हुआ बसवाराजू 21 मई को कलेकोट की पहाड़ी पर मारा गया।

टीम उसी जगह पहुंची, जहां बसवाराजू के साथ 26 और नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ। यहां हमें गुंडेकोट गांव का रमेश (बदला हुआ नाम) भी मिला। रमेश इस एनकाउंटर के वक्त मौजूद था। रमेश के मुताबिक, एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं। फिर नारों की आवाज आई और फायरिंग बंद हो गई। बाद में पता चला कि बसवाराजू की मौत हो गई है।

इस एनकाउंटर साइट पर हर तरफ पेड़ों पर गोलियों के निशान नजर आते हैं। मारे गए नक्सलियों का सामान बिखरा पड़ा है। बसवाराजू का सामान सिक्योरिटी फोर्स साथ ले गई। इसमें एक डायरी भी है। अफसरों का दावा है कि इसमें बसवाराजू ने साथियों के लिए लिखा- 'प्रिय कॉमरेड, आप लोग कहीं भी छिप जाओ, डीआरजी फोर्स आप लोगों को खोजकर मारेगी।'

**बसवाराजू के साथ मौजूद नक्सली को ट्रैक कर रही थी फोर्स**

सिक्योरिटी फोर्स के पास इनपुट था कि बसवाराजू गुंडेकोट गांव के पास छिपा है। जवान उसके साथ मौजूद एक नक्सली को एक महीने से ट्रैक कर रहे थे। इसी से बसवाराजू की लोकेशन पता चल गई। उसकी तलाश में शुरू किए ऑपरेशन को 'अबूझ-723' नाम दिया गया। डीआरजी की 3 टुकड़ियां बसवाराजू के तलाश में थीं।

बसवाराजू की तलाश इसलिए भी मुश्किल थी क्योंकि बसवाराजू सिक्योरिटी फोर्स से सीधे नहीं भिड़ता था। इससे उसकी लोकेशन पता नहीं चलती थी। दूसरी बात कि फोर्स की भनक लगते ही वो जगह बदल लेता था।

आखिर 21 मई को तलाश खत्म हुई। सुबह 6:30 बजे घने जंगल से जवानों पर गोलियां बरसने लगीं। इससे उन्हें पता चल गया कि नक्सली कहां छिपे हैं। एक घंटे चली फायरिंग के बाद जंगल में सन्नाटा पसर गया। इसी के साथ 2001 से नक्सलियों की लड़ाकू विंग संभाल रहे बसवाराजू की कहानी खत्म हो गई।

**कंपनी नंबर-7 के नक्सलियों ने बसवाराजू से की गद्दारी**

नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई के लिए नारायणपुर में पुलिस ने वॉर रूम बना रखा है। यहां से लगातार सिक्योरिटी फोर्स के ऑपरेशन की मॉनिटरिंग की जा रही है। 12 से 14 घंटे सिर्फ स्ट्रैटजी पर काम होता है।

इस ऑपरेशन की सबसे अहम कड़ी खुफिया जानकारी थी, जो बसवाराजू की टीम के अंदर से ही डीआरजी को मिली थी। बीते 6 महीनों में बसवाराजू की सुरक्षा करने वाली पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की सबसे खास 'कंपनी नंबर 7' के कुछ लड़ाकों ने सरेंडर किया था। इस कंपनी का काम सीपीआई (माओवादी) के टॉप लीडर यानी महासचिव और सेंट्रल कमेटी सदस्यों की सुरक्षा करना है।

एक अधिकारी बताते हैं, 'सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने शुरुआत में झूठ बोला कि वे कंपनी-1 से हैं। हमने पहले सरेंडर कर चुके नक्सलियों से उनकी पहचान कराई, तो सच सामने आ गया। लंबी पूछताछ के बाद उन्होंने माना कि वे कंपनी-7 में थे।'

'उन्हीं से हमें बसवाराजू की सिक्योरिटी, रहने के तौर-तरीके और उस इलाके की सटीक जानकारी मिली। इस जानकारी के हिसाब से ही हमने पूरी स्ट्रैटजी तैयार की।'

**बसवाराजू के सामान से डीआरजी को क्या-क्या मिला**

सिक्योरिटी फोर्स के एक अधिकारी दावा करते हैं कि एनकाउंटर साइट से बसवाराजू का निजी सामान भी मिला है। इसमें उसकी दवाइयां, मेमोरी कार्ड और एक डायरी का पेज शामिल है।'

अधिकारी बताते हैं, 'अबूझमाड़ के जंगलों में छिपे नक्सली काफी अपडेट रहते हैं। एनकाउंटर साइट पर बंदूक के ऊपर लगने वाले टेलिस्कोप के डिब्बे मिले हैं। इससे लगता है कि बसवाराजू यहां पुराने हथियारों की रेंज बढ़ाने पर काम कर रहा था।' अभी मेमोरी कार्ड की जांच की जा रही है।

बसवाराजू के एनकाउंटर को माओवादी संगठन 'गुंडेकोट हत्याकांड' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि सुरक्षाबलों ने बसवाराजू को जिंदा पकड़ा था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। वे इसे फेक एनकाउंटर बता रहे हैं।

हम एनकाउंटर साइट पर गए, तब हमारे साथ गुंडेकोट गांव के रमेश भी थे। उन्हीं ने हमें पूरा एरिया दिखाया। एनकाउंटर वाले दिन रमेश सुरक्षाबलों की तरफ थे। हम उनकी पहचान उजागर नहीं कर रहे हैं। रमेश ने बताया कि करीब एक घंटे तक गोलियां चलीं।

फायरिंग बंद होने के बाद पता चला कि बसवाराजू की मौत हो गई है। बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज ने भी माओवादियों के आरोपों को इज्जत बचाने के लिए बोला गया झूठ कहकर खारिज कर दिया।

एनकाउंटर के बाद बसवाराजू के संगठन सीपीआई (माओवादी) की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने दावा किया था कि बसवाराजू के साथ कुल 35 नक्सली थे। इनमें से 7 बचकर निकल गए। 28 की मौत हो गई।

हालांकि, फायरिंग रुकने के बाद जवान नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे, तो 27 नक्सलियों की डेडबॉडी मिलीं। इन्हीं में 70 साल का बसवाराजू भी था।

ऑपरेशन से जुड़े सूत्र बताते हैं, 'नक्सलियों को लगा कि वे घिर गए हैं, तो उन्होंने बसवाराजू को सुरक्षा घेरे में ले लिया। बाहर की तरफ मौजूद नक्सली जवानों पर गोलियां चला रहे थे। इसी दौरान बसवाराजू को गोलियां लगीं और वो वहीं ढेर हो गया।'

'पुलिस के पास बसवाराजू की काफी पुरानी तस्वीर थी। इसलिए पुलिसवालों ने उसकी पहचान सरेंडर कर चुके नक्सलियों से कराई। इसके बाद ही अफसरों ने उसके मारे जाने की पुष्टि की।'

बसवाराजू तक पहुंचने के लिए चले ऑपरेशन अबूझ की तैयारी एक महीने पहले शुरू हो गई थी। इसके बारे में हमें छत्तीसगढ़ पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया। सुरक्षा कारणों की वजह से हम उनकी पहचान उजागर नहीं कर रहे हैं।

अधिकारी बताते हैं, 'हमारे पास पुख्ता जानकारी थी। हमें पता था कि बसवाराजू गुंडेकोट और आसपास के गांवों से बाहर नहीं जा सकता। वो लंबे समय से वहीं छिपा था। फिर भी ऑपरेशन आसान नहीं था।'

'इससे ठीक पहले हमारे जवान कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिन ऑपरेशन (ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट) चलाकर लौटे थे। वे थके हुए थे, लेकिन हमें मिले इनपुट पर तुरंत कार्रवाई करना जरूरी था। हम जानते थे कि अगर अभी एक्शन नहीं लिया, तो यह मौका हाथ से निकल जाएगा।'

**बसवाराजू के पुराने साथी से भी मिली सटीक जानकारी**

ऑपरेशन अबूझ से जुड़े एक सीनियर अधिकारी बताते हैं, 'इस ऑपरेशन में तकनीक का भरपूर इस्तेमाल हुआ, लेकिन ये कामयाबी सिर्फ सैटेलाइट और ड्रोन से नहीं मिली। ये मुखबिरी पर टिकी थी।

ऑपरेशन का खाका तैयार करने में बसवाराजू का एक पुराना साथी काम आया। वो अब सरेंडर कर चुका है। उसने बसवाराजू के सुरक्षा घेरे, 2016 से अबूझमाड़ में छिपे होने और लगातार ठिकाने बदलने जैसी अहम बातें बताई थीं।

बस्तर के आईजी पी. सुंदर राजू बताते हैं, 'ऑपरेशन के बाद माओवादी संगठन ने अपनी इस बड़ी हार के लिए सुरक्षाबलों से ज्यादा अपने लोगों को जिम्मेदार ठहराया। उसने बयान जारी कर कहा कि कुछ समझौता करने वालों और बसवाराजू की सुरक्षा में लगी कंपनी नंबर 7 के कुछ सदस्यों की गद्दारी की वजह से ही उनका सबसे बड़ा नेता मारा गया।'

सिक्योरिटी फोर्स के एक अधिकारी बताते हैं, '2024 के पहले तक अबूझमाड़ सीपीआई (माओवादी) के बड़े लीडर्स का सुरक्षित ठिकाना था। यहां उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं होती थी। उनके डॉक्यूमेंट्स से पता चलता है कि ये लोग इस भरोसे में थे कि अबूझमाड़ में पुलिस नहीं आ सकती। इसे उन्होंने शांत क्षेत्र घोषित किया था।'

'यहां वे पुलिस से भिड़ते भी नहीं थे। उन्हें लगता था कि अगर सिक्योरिटी फोर्स से भिड़ेंगे तो जवान जंगल के अंदर आ जाएंगे।

मार्च, 2024 तक अबूझमाड़ में सेंट्रल कमेटी मेंबर्स का मूवमेंट होता था। अप्रैल, 2024 में हमने 25 लाख के इनामी स्टेट जोनल कमेटी मेंबर जोगन्ना को मार गिराया।

इसके बाद वे लोग समझ गए कि एक जगह डेरा नहीं डालना है।'

**नक्सलियों का कंपनी सिस्टम**




पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी या PLGA CPI (माओवादी) की ऑर्म्ड विंग है

स्थापना : दिसंबर 2000

**PLGA की तीन फोर्स**

मेन फोर्स | सेकेंडरी फोर्स | बेस फोर्स




**मेन फोर्स में चार तरह की यूनिट**

1 कंपनी
2 प्लाटून
3 स्पेशल एक्शन टीम
4 इंटेलीजेंस यूनिट

डिवीजनल कमेटी लेवल पर कंपनी और एरिया कमेटी लेवल पर प्लाटून होती हैं

एक कंपनी में 50 से 70 और प्लाटून में 15 से 20 हथियारबंद मेंबर होते हैं

दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमिटी में 9 डिवीजन हैं, इनमें से 7 में एक कंपनी तैनात है

**कंपनी नंबर-7**




इसका काम CPI (माओवादी) के टॉप लीडर यानी महासचिव और सेंट्रल कमेटी सदस्यों की सुरक्षा करना है

ये कंपनी आमतौर पर सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शामिल नहीं होती

## शहीद एएसपी आकाश केस, एसआईए करेगी इन्वेस्टिगेशन

### स्पेशल टीम में एसपी, एएसपी और टीआई समेत एएसआई प्रेशर आईईडी ब्लास्ट करने वाले नक्सलियों का लगाएंगे पता

रायपुर, 13 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा डिवीजन में 9 जून को प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव की शहादत हो गई। अब केस की जांच की जिम्मेदारी स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) को सौंपी गई है। गृह विभाग ने जांच को लेकर आदेश जारी किया है।

डीजीपी अरुण देव गौतम और एसआईए डायरेक्टर अंकित गर्ग ने जांच टीम को विशेष निर्देश दिए हैं। आदेश के मुताबिक एसपी नीरज चंद्राकर टीम को लीड कर रहे हैं। टीम में 6 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिसमें एसपी, एएसपी, टीआई और एसआई शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक एसआईए की टीम अगले दो दिनों में सुकमा रवाना होगी। एसआईए की टीम घटना स्थल से सबूत जुटाएगी। साथ ही आईईडी ब्लास्ट करने वाले नक्सलियों का पता लगाकर गिरफ्तारी करेगी।

दरअसल, 9 जून को कोंटा-एर्राबोर मार्ग के डोंड्रा गांव में आईईडी विस्फोट के दौरान एएसपी आकाश राव के दोनों पैर उड गए थे। विस्फोट में एसडीओपी चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाला भी घायल हुए थे। हादसे के बाद एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने इस घटना को नक्सलियों का ट्रैप बताया था।

नक्सलियों ने वारदात को अंजाम देने के लिए 8 जून की रात को डोंड्रा गांव की खदान में जेसीबी और अन्य मशीनों में पहले आग लगाई थी। आग लगाने के बाद जेसीबी से कुछ दूरी पर जमीन के 2 फीट अंदर आईईडी प्लांट किया था।

9 जून की सुबह एएसपी आकाश राव की टीम नक्सल वारदात की जांच करने पहुंची थी। इसी दौरान वापस लौटते समय विस्फोट हुआ। विस्फोट में एएसपी, एसडीओपी और टीआई घायल हुए। एएसपी ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। एसडीओपी और टीआई का इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है।

आईईडी विस्फोट में घायल हुए निरीक्षक सोनल ग्वाला ने अफसरों को विस्फोट के बाद गोली चलने की बात भी बताई थी। बेहोश होने के बाद जब उनकी आंख खुली तो वो अस्पताल में थे। पुलिस अधिकारियों का मानना है, कि घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर पर थाना था, इसलिए नक्सली दोबारा हमला नहीं कर पाए।

## रायपुर-दुर्ग समेत 14 जिलों में यलो-अलर्ट, बिजली गिरेगी



रायपुर, 13 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आज मौसम में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। तापमान सामान्य से कम रहेगा। कई जगहों पर बादल गरजने और बिजली गिरने जैसी एक्टिविटी दिखेगी। इसके अलावा हल्की बारिश भी हो सकती है। इसके बाद यानी 14 जून यानी कल से मानसून फिर सक्रिय हो सकता है।

मौसम विभाग ने आज दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। बिजली गिर सकती है। कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ सकती है। इसके अलावा उत्तर के इलाकों में कोई खास बदलाव नहीं होंगे। मौसम सामान्य रहेगा। बारिश की एक्टिविटी अभी लोकल सिस्टम की वजह से हो रही है। पिछले कुछ दिनों से बस्तर में अटका मानसून दो दिनों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इसके लिए फेवरेबल कंडीशन बन रहे हैं।

## शादी समारोह में बलवा, गाड़ियां जलाई

### बिजली लाइन काटकर घुसे, मेहमानों को पीटा, पुलिस बोली- महिलाओं पर कमेंट से शुरू हुआ विवाद

रायपुर, 13 जून (एजेंसियां)। रायपुर में शादी समारोह में असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया है। आरोपियों ने हमले से पहले बिजली लाइन काटकर मीटर को तोड़ दिया। फिर घर के अंदर घुसकर मेहमानों को पीटा। बाहर खड़ी बाइक और कार में तोड़फोड़ कर जला दिया।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि विवाद लड़कों के बीच महिलाओं पर कमेंट करने से शुरू हुआ। 17 आरोपियों की पहचान की गई है। यह पूरा मामला धरसींवा थाना क्षेत्र के नगरगांव का है।

धरसींवा थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान से मिली जानकारी के मुताबिक, गजानंद निषाद ने थाने में शिकायत की, जिसमें बताया कि 11 जून को रात 9:30 बजे घर पर उनके बेटे रूपेंद्र कुमार निषाद का विवाह समारोह था। तभी गांव के 12 से ज्यादा लोगों ने घर के भीतर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए।

इस दौरान आरोपियों ने बिजली कनेक्शन काट दिया और मीटर को भी तोड़ दिया। गजानंद ने बताया कि घर के लोग डर गए और सभी पत्थरों से बचने के लिए अंदर की ओर भागने लगे।

आगे गजानंद ने बताया आरोपियों ने घर के भीतर घुसने के लिए दरवाजा तोड़ दिया। फिर सभी मेहमानों को जान से मारने की धमकी दी।

कुछ मेहमानों ने जब विरोध किया तो लाठी और पत्थरों से उनसे मारपीट की गई। फिर घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट, स्कॉर्पियो आधे दर्जन से ज्यादा दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान आरोपियों ने गाड़ियों में आग भी लगाई। जिसे परिवार के लोगों ने बुझाया।

आरोपियों ने शादी में दंपती को मिले गिफ्ट सामान को भी तोड़फोड़ दिया। पीड़ित के मुताबिक, करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। उसका कहना है कि इस घटना के बाद परिवार बुरी तरह डरा हुआ है।

उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस ने मुकेश शर्मा, मुकुंद वर्मा, झुमूक निषाद, प्रदीप निषाद, मनीष साहू समेत 17 आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि यह पूरा विवाद महिलाओं पर कमेंट से शुरू हुआ था। शुरुआत में लड़ाई लड़कों के बीच थी।

## रामगढ़ रेलवे साइडिंग में फायरिंग, दहशत में लोग

रामगढ़, 13 जून (एजेंसियां)। रामगढ़ के भदानीनगर ओपी स्थित भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में शुक्रवार को फायरिंग की घटना सामने आई। बाइक सवार दो अपराधियों ने करीब 5 राउंड गोलियां चलाई और भाग निकले। इस घटना को रंगदारी की मांग से जोड़ कर देखा रहा है। भुरकुंडा कोयला रैक लोडिंग साइडिंग भदानीनगर ओपी के अपोजिट है और मात्र डेढ़ से सौ मीटर की दूरी पर है। ऐसे में अपराधियों का दुस्साहस देखने को मिला। अपराधियों द्वारा भदानीनगर ओपी के सामने साइडिंग में गोलियां चलाई गईं। इससे दहशत का माहौल बन गया।

साइडिंग इंचार्ज भोला यादव ने बताया कि गोलीबारी के दौरान वो ऑफिस के बाहर कुर्सी में बैठे हुए थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और गोलियां चलाई। फायरिंग में भोला यादव बाल-बाल बचे।

## टीपीसी के एरिया कमांडर समेत 5 उग्रवादी गिरफ्तार

हजारीबाग, 13 जून (एजेंसियां)। हजारीबाग पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तरहेसा जंगल के घाटगोसाई इलाके से टीपीसी के एरिया कमांडर प्रशांत जी उर्फ अवधेश सिंह समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक अमेरिकी एआर-15 एम-4 कार्बाइन राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

12 जून की रात एसपी अंजनी अंजन हजारीबाग को सूचना मिली थी कि टीपीसी के 7-8 उग्रवादी बड़ी घटना की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसपी हजारीबाग के तकनीकी शाखा के सहयोग से एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। सशस्त्र बलों के साथ मिलकर इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें पांच उग्रवादी गिरफ्तार किए गए।

गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रशांत जी उर्फ अवधेश कुमार सिंह के अलावा आदित्य गंझू, देवेन गंझू, धरम गंझू और रूपलाल गंझू शामिल हैं। इनके पास से एक अमेरिकी कार्बाइन राइफल, एक मैगजीन, एक देशी पिस्टल (7.62 मिमी), तीन देशी कट्टा, 28 जिंदा कारतूस, 9 मोबाइल, टीपीसी के 10 पर्चे, एक मैगजीन पाउच और एक चितकबरा रंग का पिठ्ठू बैग बरामद किया गया है।

प्रशांत जी पर पहले से हत्या, फायरिंग, फिरौती और सीएलए एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। 1 जून को केरेडारी थाना क्षेत्र में बीजीआर माइनिंग कंपनी के दो वाहनों को जलाकर उड़ाने की घटना में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। उस घटना के बाद एसआईटी का गठन किया गया था। पुलिस की इस कार्रवाई से बड़कागांव अनुमंडल क्षेत्र में संभावित बड़ी उग्रवादी घटना टल गई।

## सरना धर्म कोड की मांग पर प्रदर्शन

धनबाद, 13 जून (एजेंसियां)। धनबाद में सोनोत संथाल समाज के बैनर तले सरना धर्म कोड को मान्यता दिलाने की मांग पर प्रदर्शन हुआ। आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोग पारंपरिक परिधानों में सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने शहर में जुलूस निकाला। वे रणधीर वर्मा चौक पर एकत्र होकर धरना दिया।

प्रदर्शन में ढोल-नगाड़े बजे और पारंपरिक गीत गाए गए। आदिवासी समाज ने अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए आवाज उठाई।

सोनोत संथाल समाज के प्रमुख रमेश टुडू और रतीलाल टुडू ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज वर्षों से सरना धर्म कोड की मान्यता की मांग कर रहा है। केंद्र सरकार इस मांग की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है।

## कार में बच्ची की लाश लेकर घूमता रहा

कोरबा, 13 जून (एजेंसियां)। जांजगीर चांपा जिले से लापता 6 साल की मासूम का शव कोरबा जिले में एक कार से बरामद हुआ है। 12 जून की शाम जांजगीर के बलौदा थाना क्षेत्र के बछौद मार्ग पर मासूम को कार सवार ने टक्कर मार दी, फिर सड़क पर पड़ी बच्ची को इलाज के बहाने जांजगीर चांपा ले आया था। मामला कोरबा के हरदी बाजार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 6 साल की पूनम पटेल घर के पास ही खेल रही थी, घटना के वक्त और भी बच्चे थे, उन्हीं बच्चों को कार ड्राइवर ने बताया कि इसे हॉस्पिटल ले जा रहा हूं और कार में ले गया।

पुलिस के मुताबिक, कार में जब बच्ची ने कुछ रिस्पोंस नहीं किया तो कार ड्राइवर डर गया और रात भर गाड़ी का एसी चलाकर घुमाते रहा। कार चालक ने शव को कार की पीछे सीट में रखा और उसे चादर से ढक दिया था।

## शराब घोटाला केस, ईडी ने कांग्रेस दफ्तर किया अटैच

रायपुर, 13 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी ने कवासी लखमा और बेटे हरीश लखमा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुकमा में लखमा के मकान और रायपुर के बंगले को भी ईडी ने अटैच किया है। इसमें हरीश लखमा की भी संपत्ति अटैच है। इसके साथ ही ईडी ने सुकमा कांग्रेस पार्टी के कार्यालय को भी अटैच किया है। विभागीय सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। जल्द ही ईडी संपत्तियों के अटैचमेंट को लेकर आधिकारिक बयान जारी करेगी। वहीं ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसियां अपनी सीमाओं को पार कर रही हैं। आज कांग्रेस के जिला कार्यालय सुकमा को ईडी ने अटैच कर लिया। यह भाजपा की राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

इस पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल के शासनकाल में लगातार भ्रष्टाचार होते रहे। कुछ जेल में हैं, कुछ बेल में हैं, किसी पर कार्रवाई चल रही है। आबकारी घोटाले में कवासी लखमा और उनके बेटे की 6 करोड़ की संपत्ति अटैच हुई है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए हमने आलीशान शंकर नगर में कार्यालय बनाया, हम अपना हिसाब दे देंगे, लेकिन क्या ईडी में साहस है कि वह भाजपा के तमाम जिलों में बनाए गए कार्यालयों का हिसाब लेगी।

150 करोड़ रुपए से बनाए गए कुशाभाऊ ठाकरे कार्यालय का हिसाब लेगी क्या ईडी, या सिर्फ विपक्ष को बदनाम करने की साजिश रचेगी।

# राज की रिक्वेस्ट-सोनम के साथ अफेयर से नाम हटा दो

## इंदौर में देवास नाके पर फ्लैट में ठहरी थी सोनम, राज–विशाल ने कराया रेंट एग्रीमेंट



इंदौर, 13 जून (एजेंसियां)। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में आरोपियों से पूछताछ में नई बातें सामने आ रही हैं। शिलॉन्ग पुलिस जिस दिन आरोपी राज कुशवाह को अपने साथ लेकर गई, उससे पहले इंदौर क्राइम ब्रांच के अफसरों से राज ने हाथ जोड़ते हुए कहा था कि उसका नाम सोनम के साथ अफेयर से हटा दिया जाए। यह सच है कि वह इस हत्याकांड में शामिल है, लेकिन प्रेम संबंधों की बात से उसे दिक्कत है।

राजा की हत्या के मुख्य आरोपी राज कुशवाह को शिलॉन्ग पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया था। इंदौर क्राइम ब्रांच के दफ्तर में राज और अन्य आरोपियों से शुरुआती पूछताछ हुई थी।

इंदौर क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया - जब राज से पूछा कि सोनम से तुम्हारा अफेयर नहीं तो वह किससे प्यार करती थी। इस पर राज चुप हो गया था। उसने कहा कि वह हत्या की पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। लेकिन राज को सोनम से अफेयर वाली बात पर क्या परेशानी थी, इसके बारे में अफसर अभी पता नहीं लगा पाए।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी के अनुसार, इंदौर से शिलॉन्ग जाने के पहले क्राइम ब्रांच के अफसर और शिलॉन्ग पुलिस के सामने राज ने यह बात कबूल कर ली थी कि हत्याकांड के बाद सोनम देवास नाके पर एक कार शोरूम के पास होटल में ठहरी थी। उसने अंजली नाम की लड़की की आईडी लगाई थी। लेकिन पुलिस जांच में यह सूचना गलत पाई गई। दरअसल, सोनम 26 मई से 7 जून तक देवास नाका स्थित एक बिल्डिंग के फ्लैट में ठहरी थी। फ्लैट किराए पर देने वाले सिलोम जैम्स के अनुसार, राज कुशवाह नाम का युवक विशाल के साथ यहां आया था और किराया देकर एग्रीमेंट कर चला गया था। इसके बाद फ्लैट में सोनम या कोई अन्य रुका या नहीं, इसकी जानकारी उसे नहीं है। सिलोम ने राज द्वारा किए गए एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेजों की कॉपी पुलिस को देने की बात कही है। यह बिल्डिंग लोकेंद्र सिंह तोमर के नाम पर है।

जानकारी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच की टीम बुधवार को मौके पर जांच के लिए पहुंची थी। टीम ने 25 से 27 मई तक की बिल्डिंग की एंट्री और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें सोनम के वहां ठहरने की पुष्टि हुई थी। हालांकि पुलिस ने अब तक सोनम के वहां ठहरने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

राज ने क्राइम ब्रांच और शिलॉन्ग पुलिस के सामने कहा था, सोनम देवास नाके पर कार शोरूम के पास जिस होटल में फर्नीचर का काम चल रहा था, वहां ठहरी थी। क्राइम ब्रांच टीम इस बात की पुष्टि करने मौके पर पहुंची थी। पहले टीम डॉमिनोज के पास स्थित होटल में पहुंची।

यहां 26 मई की रात विशाल और अंजलि नाम के कपल के रुकने की जानकारी सामने आई। दोनों ने अपना पता गोविंद नगर लिखवाया था। दोनों रात 2 बजे होटल पहुंचे और करीब 4 घंटे बाद वहां से चले गए। रजिस्टर में भी आधार कार्ड की एंट्री मिली। वहीं जो मोबाइल नंबर लिखाया था, वह गलत निकला।

लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई कि यहां अंजलि नाम से रुकने वाली युवती सोनम ही थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उस होटल का भी पता लगाया जहां फर्नीचर बन रहा था। हालांकि राज शिलॉन्ग पुलिस को उस होटल का नाम नहीं बता पाया था।

क्राइम ब्रांच के अफसरों ने सीधे तौर पर होटल की चेकिंग करने की बात से इनकार किया है।

# ट्रम्प का पाक प्रेम बढ़ रहा, मुनीर को न्योता दिया

## यूएस आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल होंगे, इमरान की पार्टी विरोध करेगी

वॉशिंगटन, 13 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। वे शनिवार यानी 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल होंगे। इस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस मौके पर राजधानी वॉशिंगटन में एक परेड का आयोजन होगा।

मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा 2023 में हुआ था, तब उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की थी।

उस वक्त भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद का समर्थन और क्रॉस-बॉर्डर हमलों को लेकर हमारी चिंताएं जगजाहिर हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ गंभीरता से कदम उठाएंगे।

मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस दौरे के दौरान प्रदर्शन की धमकी दी है।



पीटीआई के ओवरसीज अफेयर्स सेक्रेटरी सज्जाद बुरकी ने शनिवार को वॉशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर प्रदर्शन की अपील की है। उन्होंने X पर लिखा- व्हाइट हाउस को बताएं कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

**अमेरिकी मिलिट्री अफसर बोले- पाकिस्तान मजबूत सहयोगी**

मुनीर के दौरे से पहले पाकिस्तान को लेकर अमेरिका के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला का कहना है कि अमेरिका को भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रिश्ते बनाए रखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना इस्लामी स्टेट खुरासान (आईएसआई-के) के खतरे से निपटने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह बयान मंगलवार को हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान दिया।

जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत सहयोगी बताया। उन्होंने कहा- अमेरिका को पाकिस्तान और भारत दोनों से रिश्ते रखने होंगे। ये बाइनरी स्विच नहीं है कि एक से रिश्ता रखेंगे तो दूसरे से नहीं रख सकते। हमे रिश्तों के फायदों को देखना चाहिए।

जनरल कुरिल्ला के बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला सीमा पार आतंकवाद का हालिया उदाहरण है।

जायसवाल ने कहा कि अमेरिका ने ही 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड पाकिस्तानी मूल के कनाडाई तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत प्रत्यर्पित किया है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी।

**रिपोर्ट्स का अनुमान- मुनीर के दौरे के पीछे चीन फैक्टर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुनीर के दौरे की वजह चीन से भी जुड़ी हो सकती है। बीते कुछ वक्त में पाकिस्तान और चीन की नजदीकी बढ़ गई है। अमेरिका मुनीर को अपने यहां परेड में शामिल करके अमेरिका चीन के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकता है।

इसके अलावा पाकिस्तान में लीथियम, तांबा, सोना और दुर्लभ खनिजों का भंडार है, लेकिन उसके पास जरूरी टेक्नोलॉजी और लागत की कमी है। ऐसे में पाकिस्तान में अमेरिका के लिए निवेश का मौका बन सकता है। मुनीर का दौरा अमेरिका और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण सुरक्षा संबंधों को सुधारने की कोशिश भी हो सकता है।

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को पिछले महीने प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च पद है। मुनीर का ये प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया।

# एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

## बम होने की सूचना, फुकेट से दिल्ली आ रहा था, 156 यात्री सवार थे




बैंकॉक, 13 जून (एजेंसियां)। थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर 'फ्लाइट्रेडर24' के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था।

विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है।

नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (एसीपी) एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

एअर इंडिया का विमान 12 जून को अहमदाबाद में क्रैश हुआ था। इसमें अब तक 265 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था।

विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर आ रही है।

एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर फ्लाइट एआई-171 ने गुरुवार दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी थी।

इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। दो मिनट बाद ही फ्लाइट क्रैश हो गई। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। मृतकों में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जबकि सिर्फ एक यात्री की जान बची है।

# हेगसेथ बोले- जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड-पनामा पर कब्जा करेंगे

## सिग्नल चैट के इस्तेमाल पर जवाब देने से इनकार

वाशिंगटन, 13 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक कब्जा करने की योजना बनाई है। कांग्रेस की तीखी बहस के दौरान बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जब उनसे सिग्नल चैट के इस्तेमाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया।

अमेरिकी संसदीय समिति- हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हेगसेथ से कई तीखे सवाल पूछे। सबसे कठिन सवाल सैन्य दिग्गजों की ओर से पूछे गए। इस दौरान हेगसेथ ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के बारे में पूछे गए कई सवालों के सीधे जवाब देने से बचने की कोशिश की, जिससे बहस और तेज हो गई।

प्रतिनिधि एडम स्मिथ ने हेगसेथ से जब पूछा कि क्या पेंटागन ने ग्रीनलैंड या पनामा पर जबरन कब्जा करने की कोई योजना बनाई है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'हमारा काम हर संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना होता है।'

यह सामान्य बात है कि पेंटागन कई ऐसे संघर्षों की योजना बनाता है जो हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन जब हेगसेथ ने इस पर बार-बार गोलमोल जवाब दिए, तो एक रिपब्लिकन सांसद माइक टर्नर ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, 'आपकी गवाही का मतलब यह नहीं है कि पेंटागन ग्रीनलैंड पर हमला करने की तैयारी कर रहा है, सही है?'

जैसे ही हेगसेथ ने आकस्मिक योजनाओं के बारे में फिर से वही जवाब दोहराया, तो टर्नर ने जोर देकर कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा ही कहेंगे।' इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया, 'हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ताकि वो किसी भी संभावित खतरे से सुरक्षित रहे।

# इजरायल से खून का बदला खून

## टॉप कमांडरों की हत्या के बाद ईरानी आर्मी और खामेनेई का ऐलान, बड़े हमले की तैयारी



तेहरान, 13 जून (एजेंसियां)। इजरायल के हमले के बाद ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बदला लेने की कसम खाई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने भी इजरायल को सजा दिए बिना नहीं छोड़ने की बात कही है। ईरान के सशस्त्र बलों ने इजरायल को चेताते हुए कहा है कि उससे तेहरान पर हमले का हिसाब खून के बदले खून की तर्ज पर लिया जाएगा। इजरायल के हमले के कुछ घंटे बाद ही ईरान की ओर से करीब 200 ड्रोन भेजे हैं। ईरान ने कथित तौर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले की भी तैयारी कर ली है।

इजरायल ने शुक्रवार तड़के ईरान की परमाणु और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया है। इन हमलों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर-इन-चीफ जनरल हुसैन सलामी और ईरानी सेना के चीफ मोहम्मद बाघेरी की मौत हो गई है। ईरान के दो परमाणु वैज्ञानिकों की जान भी इजरायल के हमले में गई है। इससे ईरान की सेना भड़की हुई है और जवाबी हमले की तैयारी में है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेकरची ने कहा है कि इजरायल को अपने एक्शन की भारी कीमत चुकानी होगी।

उन्होंने कहा कि तेहरान में आम लोगों को निशाना बनाया गया है। ईरान अब जवाबी हमले के लिए पूरी तरह तैयार है। शेकरची ने इजरायल के हमले को बर्बर और सुनियोजित बताते हुए इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की मदद से ही से इजरायल ने ये सब किया है।

शेकरची ने ईरानी आर्मी चीफ और आईआरजीसी हेड की मौत की ओर इशारा करते हुए कहा कि इजरायल की आक्रामकता के नतीजे में हमारे कई कमांडरों और नागरिकों की मौत हुई है। इजरायल ने हमारे लोगों को निशाना बनाकर एक भयानक गलती कर दी है। अब उसे एक कठिन प्रतिक्रिया का इंतजार करना होगा। हम उसे छोड़ेंगे नहीं और खून का बदला खून से लेंगे।

# दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से अब तक 78 मौतें

केप टाउन, 13 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा शुक्रवार को देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के उन इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हाल की विनाशकारी बाढ़ में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य चौथे दिन भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

राष्ट्रपति रामाफोसा पूर्वी केप प्रांत के म्थाथा शहर जाएंगे, जहां मंगलवार की सुबह बाढ़ ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। रामाफोसा की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब आपदा के शुरुआत में प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना हो रही है। अत्यधिक खराब मौसम को आपदा का कारण माना जा रहा है। तीव्र बारिश, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग ने पिछले हफ्ते ही खराम मौसम की चेतावनी दी थी। प्रांतीय सरकार के प्रमुख ने बताया कि बाढ़ आने के बाद शुरुआती कुछ घंटों में राहत कार्य लगभग रुक गया था क्योंकि वहां विशेष बचाव दल, गोताखोर और खोजी कुत्तों वाली टीम जैसे पर्याप्त संसाधन नहीं थे। पूर्वी केप प्रांत देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। पूर्वी केप प्रांत के प्रमुख ऑस्कर माबुयाने ने बताया कि इस 72 लाख की आबादी वाले प्रदेश में केवल एक ही बचाव हेलीकॉप्टर है, जो भी 500 किलोमीटर दूर एक अन्य शहर से लाया गया। बाढ़ सुबह के समय आई, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। कई लोग बाढ़ में बह गए और उनके घर व सामान भी बह गए। अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे खोज जारी है, और शव मिल सकते हैं क्योंकि बचावकर्मी बाढ़ के पानी और तबाह हुए घरों की जांच कर रहे हैं।

# एफ-35 स्टील्थ फाइटर, एफ-16 इजरायल ने 200 विमानों से ईरान में 100 ठिकानों पर गिराए 330 बम

तेल अवीव/ईरान, 13 जून (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा है कि इजराइल के हमले के बाद ईरान की तरफ से जवाबी कार्रवाई में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे गये हैं। जबकि उन्होंने इजरायली हमले के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि इजरायल ने ईरान पर हमला करने के लिए 200 लड़ाकू विमानों का बेड़ा भेजा था। इन फाइटर जेट्स में एफ-35 स्टील्थ फाइटर के अलावा एफ-16 जैसे लड़ाकू विमान शामिल थे। इन फाइटर जेट्स के जरिए इजरायल ने ईरान में 100 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए और इस दौरान 330 बमों को गिराया गया। इजराययूल ने कहा है कि उसका ऑपरेशन अभी बंद नहीं हुआ है। इजरायल के हमले में ईरान के परमाणु केन्द्र नतांज को गहरा नुकसान पहुंचा है। इजरायल ने यहां पर कई राउंड में बमबारी की है।

**कितना विनाशक था हमला?**



इजरायल के हमले में ईरान के कई सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई है। ईरान के आईआरजीसी के प्रमुख होसैन सलामी और ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी सहित कई सैन्य कमांडर मारे गए हैं। हमले में संयुक्त राज्य अमेरिका की संलिप्तता का दावा करते हुए ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने सरकारी टीवी से कहा है कि इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका को इस हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। शुक्रवार सुबह आईडीएफ के प्रवक्ता एफी डैफ्रिन ने प्रेस कांफ्रेंस में खुलासा किया कि इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के 200 से ज्यादा फाइटर जेट ने ईरान में 100 से ज्यादा लक्ष्यों पर हमला किया। इन विमानों ने अब तक 330 से ज्यादा गाइडेड म्यूनिशन गिराए हैं।

एफ-35आई अधिरः इस ऑपरेशन में इजरायल ने अपनी सबसे बड़ी ताकत एफ-35आई अधिर स्टील्थ फाइटर जेट का इस्तेमाल किया था। ये अमेरिकी एफ-35 प्लेटफॉर्म का इजराइल-स्पेसिफिक वैरिएंट है। जीबीयू-39 एसडीबी ग्लाइड बम को इसी से गिराया गया होगा।

# चलती ट्रेन से धक्का देकर की थी पत्नी की हत्या

## पति गिरफ्तार, मर्डर को दुर्घटना का रूप देने की थी योजना, आरोपी पहले भी जा चुका है जेल



लातेहार, 13 जून (एजेंसियां)। बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के टोरी-चेटर रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को एक महिला का शव मिला था। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया। चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह के अनुसार, नगर उंटारी, गढ़वा निवासी महादेव सिंह ने अपनी पत्नी जूही देवी को चलती ट्रेन से धक्का देकर मार डाला था।

पुलिस जांच में सामने आया कि जूही की मौत ट्रेन से गिरने की दुर्घटना नहीं थी। महादेव सिंह ने पारिवारिक कलह के चलते आवेश में आकर यह कदम उठाया। हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए उसने धुरकी थाने में पत्नी के ट्रेन से गिरने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस को शक होने पर कड़ी पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

धुरकी पुलिस की सूचना पर चंदवा पुलिस ने आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लिया। कार्रवाई के बाद उसे मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक हत्या का आरोपी महादेव सिंह पहले भी जेल जा चुका है।

# रायपुर की मेडिकल स्टूडेंट ने लगाई फांसी

कोरबा, 13 जून (एजेंसियां)। कोरबा जिले में मेडिकल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान छाया गौतम (22) के रूप में हुई है। वह पिछले 5 सालों से रायपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। 13 जून को छाया का शव उसके घर में मिला। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। छाया लगभग 15 दिन पहले रायपुर से कोरबा आई थी। रायपुर से लौटने के बाद से वह मानसिक तनाव में थी। उसने अपने पिता शशि भूषण गौतम को बताया था कि पढ़ाई के दौरान उसे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिता ने उसका कोरबा के एक निजी अस्पताल में इलाज भी शुरू करवाया था।

# इजरायल के लिए ढाल बना ये मुस्लिम देश

## अपने हवाई स्पेस में मार गिराए ईरान के भेजे ड्रोन, किंग हैं पैगंबर मोहम्मद के वंशज

तेल अवीव, 13 जून (एजेंसियां)। ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देते हुए ड्रोन हमले किए हैं। हालांकि ईरान की ओर से दागे गए सभी ड्रोन को इजरायल और जॉर्डन की सेनाओं ने सफलतापूर्वक रोक दिया है। इजरायल की सेना ने ईरानी ड्रोन को रोकने में जॉर्डन से खास मदद मिल रही है। जॉर्डन क्षेत्र में इजरायल का खास सहयोगी है और लगातार उसकी मदद करता रहा है। बीते साल भी इजरायल की ओर जाती हुई कई मिसाइलों और ड्रोन को जॉर्डन की सेनाओं ने रोका था। मुस्लिम बाहुल्य जॉर्डन के बारे में एक खास बात ये भी है कि इसके किंग अब्दुल्ला को पैंगबर मोहम्मद का वंशज माना जाता है।

इजरायल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर ने बताया है कि इजरायल ने सीरिया के ऊपर ईरान के ड्रोन इंटरसेप्ट किए हैं। जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि उसकी आर्मी आज सुबह अपनी हवाई सीमा में प्रवेश करने वाली कई मिसाइलों और ड्रोन को इंटरसेप्ट किया है। इनसे ईरान ने इजरायल पर हमला किया था लेकिन जॉर्डन ने इनको हवा में ही मार गिराया। जॉर्डन ने अपने एयरस्पेस को भी अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है।

**हमारा हवाई स्पेस युद्ध का मैदान नहीं बनेगा**

जॉर्डन ने कहा कि वह अपने हवाई क्षेत्र को युद्ध का मैदान नहीं बनने देगा और अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगा। ईरान और इजरायल की तनातनी के बीच जॉर्डन का ये बयान आया है। जॉर्डन के एक तरफ इजरायल और उसके कब्जे वाला वेस्ट बैंक है तो दूसरी तरफ ईरान का पड़ोसी इराक है। ऐसे में ईरान की ओर से इजरायल पर हमले के लिए उसका एयर स्पेस अहम है।

जॉर्डन ने 1994 में इजरायल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। वह ऐसा करने वाला दूसरा अरब देश बना था।

# दो लोगों ने महिला को जलाया जिंदा

## जबरन जमीन जोतने को लेकर मारपीट, भागती हुई महिला का वीडियो आया सामने

समस्तीपुर, 13 जून (एजेंसियां)। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के रूप नारायणपुर बेला गांव में पाटीदारों के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। इसमें हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गए। एक पक्ष से दो जबकि दूसरे पक्ष से महिला जख्मी हुई है। महिला ने दूसरे पक्ष पर जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है।

जख्मी महिला रूबी देवी के अलावा दूसरे पक्ष के चंद्र मोहन झा और इंद्र मोहन झा का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना में आग से झुलस रही महिला भागती हुई नजर आ रही है। घटना के संबंध में रूबी देवी का कहना है कि वह अपने हिस्से की जमीन को जोतवाने के लिए परिवार के साथ गए हुए थे। उधर से इंद्रमोहन झा आए और पेट्रोल छींट दिए। मेरे ऊपर आग लगा दिए। जलता हुआ मेरा एक वीडियो भी है।

महिला ने कहा कि पाटीदार चंद्र मोहन झा, इंद्र मोहन झा आदि आ पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने का भी प्रयास किया है।

दूसरे पक्ष के जयवर्धन झा ने कहा कि ये हमारे चचेरे भाई है। दोनों आदमी खेत में काम करने के लिए गए थे। जमीन का विवाद चल रहा है। खेत घूमने गए थे। पाटीदार ललन झा ने फायरिंग की है। करीब एक बीघा जमीन पर इन लोगों का कब्जा चल रहा है। कोर्ट से भी इन्हें डिग्री मिली हुई है। पिछले 55 सालों से उस जमीन को यह जोते आ रहे हैं।

आज रितेश झा ललन झा ,रूबी देवी आदि जबरन जमीन को जोतने के लिए पहुंची थी। जब उनके भाई चंद्र मोहन झा, इंद्र मोहन झा आदि रोकने के लिए पहुंचे, तो उनके साथ मारपीट की गई। रॉड से वार किया गया। गोली भी चलाई गई।

बाद में जब ग्रामीणों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर इन्हें अस्पताल पहुंचाया है।



## 'हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार'

मुंबई, 13 जून (एजेंसियां)। एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट गुरुवार दोपहर को टेक ऑफ करने के तुरंत बाद क्रैश हो गई। यह फ्लाइट रिहायशी इलाके में क्रैश हुई, इस पर कुल 242 लोग सवार थे।

ये खबर सुनते ही हर कोई सदमे में है। इस भयावह घटना पर कई लोग अपने रिएक्शन दे रहे हैं। इसी बीच बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने भी इस हादसे पर दुख जताया है और कहा कि हम हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चैयरमेन और एमडी मुकेश अंबानी ने लिखा, "नीता और मैं तथा पूरा रिलायंस परिवार अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में हुई जानमाल की भारी क्षति से अत्यंत दुखी हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर क्यूआर फीडबैक सिस्टम लागू

## अब हर तीर्थयात्री देंगे सफाई पर रेटिंग

पहलगाम, 13 जून (एजेंसियां)। ग्रामीण विकास (आरडीडी) और पंचायती राज विभाग के सचिव मोहम्मद ऐजाज असद ने वीरवार को श्री अमरनाथ जी यात्रा-2025 की तैयारियों के तहत पहलगाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्वच्छता सुविधाओं का व्यापक मूल्यांकन किया और अधिकारियों के उचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

उन्होंने नुनवान बेस कैंप से चंदनवाड़ी होते हुए पिस्सू टॉप, जोजीबल, वावबल और शेषनाग तक विभिन्न शिविर स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। सचिव के साथ महानिदेशक ग्रामीण स्वच्छता अनु मल्होत्रा, एसीडी अनंतनाग शफीक अहमद, बीडीओ पहलगाम सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। सचिव ने यात्रा मार्ग पर शौचालय, स्नानगृह, कूड़ेदान, जल निकासी और अपशिष्ट पृथक्करण स्थलों की स्थापना और कार्यक्षमता की समीक्षा की। उन्होंने नुनवान और यात्रा मार्ग के अन्य स्थानों पर कूड़ेदानों की संख्या बढ़ाने, शून्य-लैंडफिल नीति को लागू करने और कचरा स्रोत पर ही अलग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रे वाटर प्रबंधन के लिए जलभराव से बचाव और पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट निपटान पर विशेष ध्यान देने को कहा। सचिव ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, चिकित्सा और जलापूर्ति जैसी आवश्यकताओं पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने क्यूआर कोड-आधारित फीडबैक प्रणाली के तहत तीर्थयात्रियों से स्वच्छता पर रीयल टाइम प्रतिक्रिया प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक यात्री को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

अंत में सचिव ने पहलगाम हेलीपैड पर यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तीर्थयात्री-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए।

# अहमदाबाद हादसे के बाद बीमा कंपनियों को कितना करना पड़ेगा भुगतान?




नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास गुरुवार को हुआ एयर इंडिया विमान हादसा देश में अब तक का सबसे महंगा विमान हादसा साबित हो सकता है। ऐसी आशंका बीमा कंपनी और एयरलाइन के बीच करार को देखते हुए आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इस हादसे के बाद बीमा कंपनियों को को एविएशन इंश्योरेंस क्लेम के रूप में अभूतपूर्व राशि चुकानी पड़ सकती है। अहमदाबाद विमान हादसे में विमान पर सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई और विमान पूरी तरह तबाह हो गया। हादसे की चपेट में आकर कई आम लोग भी अपनी जान गंवा बैठे।

एविएशन उद्योग के जानकारों का मानना है कि एयर इंडिया का हादसे का शिकार प्लेन बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 था। इस जेट के क्रैश से जुड़ा इंश्योरेंस क्लेम 21 करोड डॉलर से 28 करोड़ डॉलर के बीच हो सकता है। भारतीय मुद्रा में यह राशि 2,400 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। विमान हादसों के मामलों में एयरलाइन कंपनियां आमतौर पर एयरक्राफ्ट हुल इंश्योरेंस, स्पेयर पाट्र्स इंश्योरेंस और कानूनी जिम्मेदारियों (लीगल लायबिलिटी) के लिए इंश्योरेंस लेती हैं। इस मामले में एयर इंडिया की ओर से लिया गया इंश्योरेंस दोनों ही हिस्सों- यानी विमान की क्षति और यात्रियों की मौत, दोनों को कवर करता है। खबरों के अनुसार एअर इंडिया ने अपने विमान का बीमा जीआईसी आरई और टाटा एआईजी से करा रखा है। ऐसे में हादसे के बाद इंश्योरेंश क्लेम की राशि इन्ही दोनों कंपनियों को चुकानी है।

एविएशन इंश्योरेंशन से जुड़े जानकारों के अनुसार, ऐसे मामलों में एयरक्राफ्ट का घोषित मूल्य इंश्योरेंस कंपनी को बताया जाता है और उसी के आधार पर नुकसान का मूल्यांकन होता है। इस हादसे में शामिल एयरक्राफ्ट (VT-ABN) एक 2013 मॉडल का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर था। इसकी इंश्योरेंस वैल्यू वर्ष 2021 में करीब 115 मिलियन डॉलर थी। हालांकि इस क्लास के विमानों की मौजूदा वैल्यू 211 से 280 मिलियन डॉलर के बीच मानी जा रही है, जो उसकी उम्र और कॉन्फिगरेशन पर निर्भर करती है।

जानकार बताते हैं कि एयरलाइंस कंपनियां आमतौर पर एक अतिरिक्त कवर भी लेती हैं जिसे हुल वॉर रिस्क इंश्योरेंस कहा जाता है। अगर







दुर्घटना आतंकवादी हमले या युद्ध जैसे हालातों की वजह से होती है, तो यह कवर भी एक्टिवेट हो सकता है। हालांकि, इस मामले में ऐसी कोई पुष्टि नहीं की गई है। इस दुर्घटना में सबसे बड़ा क्लेम यात्रियों और थर्ड पार्टी के नुकसान को लेकर होगा। चूंकि विमान रिहायशी इलाके में गिरा, इससे थर्ड पार्टी को भी नुकसान हुआ है। इस तरह के क्लेम अक्सर कई इंश्योरेंस और रीइंश्योरेंस कंपनियों में बांटे जाते हैं।

चूंकि एयर इंडिया अब टाटा ग्रुप का हिस्सा है, इसलिए समूह ने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक यात्री के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की अंतरिम सहायता देने की घोषणा की है। हालांकि अंतिम मुआवजा इंश्योरेंस के नियमों के तहत तय होगा।

इंश्योरेंस इंडस्ट्री से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह हादसा भारत के एविएशन इंश्योरेंस सेक्टर के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हो सकता है। वर्तमान में भारत का एविएशन इंश्योरेंस मार्केट लगभग 900 करोड़ रुपये का है। हालांकि बड़े क्लेम सामान्यतः रीइंश्योर्ड होते हैं, फिर भी इस दुर्घटना के कारण भविष्य में प्रीमियम की दरों में बढ़ोतरी की आशंका है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष में | वृष--- | 04-28 बजे |
| चंद्र- | मकर में | मिथुन.. | 05-48 बजे |
| मंगल | सिंह में | कर्क--- | 08-01 बजे |
| बुध- | मिथुन में | सिंह--- | 10-12 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | कन्या... | 12-19 बजे |
| शुक्र- | मीन में | तुला.... | 14-26 बजे |
| शनि- | मीन में | वृश्चिक.. | 16-34 बजे |
| राहु- | कुंभ में | धनु..... | 18-48 बजे |
| केतु- | सिंह में | मकर... | 20-58 बजे |
| | | कुंभ... | 22-45 बजे |
| | | मीन.... | 00-23 बजे |
| | | मेष..... | 01-59 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2082**
शक संवत् **-1947**, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् **-2551**
कलियुग अवधि-**432000** | सूर्योदय - 05-44 | सूर्यास्त - 18-46
भोग्य कलि वर्ष-**426874**
कलियुग संवत् **-5126** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् **-1972949126**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885126**
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया **15-47** तक उपरान्त चतुर्थी
मास - आषाढ़ कृष्ण, शनिवार **14 June**
नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा **00-21** तक उपरान्त श्रवण
योग - ब्रह्म **13-12** तक उप ऐन्द्र
करण- विष्टी **15-46** तक उप बव
विशेष:- व्रत-त्योहार - आषाढ़ी चतुर्थी व्रत

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 08:59 से 10:38 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05:44 - 07:21 | अशुभ | लाभ | 18:46 - 20:12 | शुभ |
| शुभ। | 07:21 - 08:59 | शुभ | उद्वेग | 20:12 - 21:33 | अशुभ |
| रोग | 08:59 - 10:38 | अशुभ | शुभ | 21:33 - 22:55 | शुभ |
| उत्पात | 10:38 - 12:16 | अशुभ | अमृत | 22:55 - 00:17 | शुभ |
| चंचल | 12:16 - 13:55 | शुभ | चंचल | 00:17 - 01:38 | शुभ |
| लाभ | 13:55 - 15:33 | शुभ | रोग | 01:38 - 02:59 | अशुभ |
| अमृत | 15:33 - 17:12 | शुभ | काल | 02:59 - 04:21 | अशुभ |
| काल | 17:12 - 18:46 | अशुभ | लाभ | 04:21 - 05:44 | शुभ |

# सोना ऑल टाइम हाई पर-1,715 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये पहुंचा

> इस साल अब तक 23,000 रुपये महंगा > चांदी के दाम 742 रुपये बढ़े > 1.06 लाख रुपये किलो हुई

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। सोना आज (13 जून, शुक्रवार) ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, सोना का भाव 1,715 रुपये बढ़कर 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

बीते दिन सोने की कीमत 97,455 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं इससे पहले 21 अप्रैल को सोना 99,100 रुपये पर पहुंचा था।


चांदी में भी आज तेजी देखने को मिल रही है। ये 742 रुपये बढ़कर 1,06,240 रुपये किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,05,498 रुपये प्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रुपये

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपये

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपये



**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपये

**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रुपये

**इस साल अब तक 23,000 रुपये महंगा हो चुका है सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,008 रुपए बढ़कर 99,170 रुपए पर पहुंच गया है।


वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,223 रुपए बढ़कर 1,06,240 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**इस साल 1 लाख 3 हजार रुपये तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। हालांकि, आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम होने के आसार हैं। इससे चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ेगी। इससे चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार प्रति किलो तक जा सकती है।

# सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 पर बंद

**इजराइल के ईरान पर हमले का असर, निफ्टी भी 169 अंक फिसला; एयरलाइन कंपनियों के शेयर टूटे**




मुंबई इजराइल के ईरान पर हमले के बाद आज यानी 13 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी करीब 169 अंक की गिरावट रही, ये 24,718 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 4 में तेजी और 26 शेयर में गिरावट रही। बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, ऑटो और IT शेयर ज्यादा गिरे। कल के एअर इंडिया के विमान के क्रैश होने के बाद एयरलाइन कंपनियों के शेयर भी टूटे हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का शेयर 4% गिरा है। स्पाइसजेट 1.61% टूटा है। वहीं एअर इंडिया को ऑपरेट करने वाले टाटा ग्रुप के सभी शेयर नीचे रहे।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आज आप बदली हुई भूमिका में हैं ,आप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं,अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं एक चालीस वर्षीय महिला आपकी बहुत मदद करेगी ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपको आज खुद का ही चिंतन करना है आपके जीवन में इस समय सब कुछ सही चल रहा है ,फिर भी आपको एक प्रकार की बेचैनी महसूस हो रही है जिसे आप व्यक्त नही कर पा रहे इसका एकमात्र समाधान यह है कि आप खुद के बारे में शांत दिमाग से सोचें जिससे आपको अपनी स्थितियों को बेहतर तरीके से देखने में मदद मिलेगी और आप सही समाधान खोज पायेंगे ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप नए दोस्त बना सकते हैं और नए काम हाथ में ले सकते हैं हमेशा की तरह अपने आप में यकीन बनाये रखें इससे आप अपने लिए हर तय मंजिल तक पहुच पायेंगे भविष्य की योजनायें बनाने के लिए बहुत अच्छा समय है,लेकिन वित्तीय स्थिति का ध्यान रखें ,जरुरत पड़ने पर ही खर्च करें ।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
आप आज सकारात्मक उर्जा से भरे हुए हैं हालाँकि आपका उद्देश्य अच्छा है परन्तु आपकी बातों का हर स्थान पर स्वागत नही होगा आपको अपनी प्रवृति का उपयोग अपने आप को ख़ुशी देने के लिए भी करना चाहिए और आज आप अपने ऊपर अच्छी खासी रकम खर्च कर सकते हैं।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
आज आप किसी बड़े सम्मेलन या सेमिनार की मेजबानी कर सकते हैं लेकिन आपके मनचाहे समय पर स्थान की उपलब्धता के कारण हुई हल्की सी ग़लतफ़हमी से आपको शर्मिंदगी महसूस होगी और आपको कार्यक्रम रद्द करना पड़ सकता है आपको ऐसे समय में शांति बनाये रखनी होगी और सकारात्मक कोशिशें करते रहनी होंगी।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी ।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
आज आप एडजस्ट करने के मूड में रहेंगे आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए और सारे कार्यक्रम तय योजना के अनुसार अच्छे से पूरा हो जाए ।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आज आपकी किस्मत आपके साथ है आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगें आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा खुश रहें और अपनों के साथ ख़ुशी बाँटें आज कोई दोस्त मिल सकता है दिन कुल मिलाकर मजेदार रहेगा।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है।

**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप किसी करीबी को कोई सलाह देंगे और वह इसे बहुत कृतज्ञता के साथ स्वीकार करेगा आप आज बहुत अच्छे और नरम मूड में हैं ,आज का दिन अपने पुराने दोस्तों से सम्पर्क स्थापित करने के लिए बहुत अच्छा है अपने किसी पुराने स्कूल के दोस्त से फोन पर बाते क्र लें,आपको बहुत अच्छा लगेगा पिछले मतभेदों को भुलाकर आगे बढने के लिए भी अच्छा समय है ।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
एक ऐसा व्यक्ति जो काफी लम्बे समय से आपके आस पास है लेकिन उस पर आप अधिक ध्यान नही दे रहे थे,आज से आप उसके बारे में गंभीरता से सोचना शुरू करेंगे यह महज एक उभरता हुआ रोमांस नही है,बल्कि मन और आत्मा का मिलन है जिससे आप खासे प्रभावित होंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# 2030 तक ईवी सेक्टर को चाहिए 6,900 एकड़ जमीन और 9 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) क्रांति तेजी से आकार ले रही है और इससे जुड़ा बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भूमि और पूंजी निवेश की जरूरत होगी। एक ताज़ा रिपोर्ट में इस दिशा में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं-साल 2030 तक ईवी निर्माण इकाइयों, बैटरी उत्पादन और चार्जिंग नेटवर्क के लिए 6,900 एकड़ जमीन और 9 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 75,000 करोड़ रुपये) का निवेश जरूरी होगा।

**भारत में ईवी ग्रोथ को चाहिए बड़ी तैयारी**

रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कंपनी साविल्स इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईवी निर्माण, लिथियम-आयन बैटरियों के उत्पादन और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए अगले पांच वर्षों में बेहद ठोस तैयारी की ज़रूरत है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि ईवी अपनाने की रफ्तार तेज बनी रही तो लगभग 6,852 एकड़ भूमि और 9 अरब डॉलर का निवेश आवश्यक होगा। वहीं यदि



विकास मध्यम गति से हुआ, तब भी करीब 7.5 अरब डॉलर और 5,760 एकड़ भूमि की ज़रूरत पड़ेगी। सरकारी नीतियां, 2. ईंधन की बढ़ती कीमतें, 3. पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता, 4. तकनीकी उन्नति और बाज़ार की मांग। सरकार की ओर से फेम जैसी योजनाओं और राज्य सरकारों के अनुदान ने इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास को गति दी है। रिपोर्ट में यह भी रेखांकित किया गया है कि भारत सरकार ने 2030 तक 30% ईवी पैठ का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को देखते हुए रियल एस्टेट सेक्टर में भी इंडस्ट्रियल और वेयरहाउसिंग स्पेस की मांग में तेज़ी आएगी। ईवी फैक्ट्रियों, असेंबली यूनिट्स, कंपोनेंट स्टोरेज और बैटरी प्लांट्स के लिए बड़े भूखंडों की ज़रूरत होगी। सैविल्स इंडिया के इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हेड श्रीनिवास एन के अनुसार, यह रुझान रियल एस्टेट निवेशकों और डेवलपर्स के लिए एक नया अवसर लेकर आया है। ईवी सेक्टर के सप्लाई चेन को मज़बूती देने के लिए देशभर में रणनीतिक रूप से स्थित लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयरहाउस हब्स की स्थापना जरूरी होगी। इससे निर्माण इकाइयों से डीलरशिप और अंतिम उपभोक्ता तक ईवी और बैटरियों की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी। ईवी भविष्य नहीं, वर्तमान है। लेकिन इस भविष्य को सफल बनाने के लिए भारत को न केवल पूंजी, बल्कि समर्पित भू-स्थान और दीर्घकालिक नीति समर्थन की ज़रूरत है।

# अमेरिका में बिकने वाले 97% आईफोन भारत में बने

## इस साल 37 हजार करोड़ रुपये के फोन भेजे; ट्रम्प ने कहा था-अमेरिका में बनाओ फोन

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। एपल को ट्रम्प की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईफोन भारत में बन रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एपल ने मार्च से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए, उनमें से 97% अमेरिका भेजे गए हैं। इनकी कीमत 3.2 बिलियन डॉलर (27,000 करोड़ रुपए) रही। सिर्फ मई में ही करीब 1 बिलियन डॉलर यानी 8,600 करोड़ के आईफोन भारत से अमेरिका भेजे गए हैं। यानी एपल अब भारत में आईफोन एक्सक्लूसिव तौर पर अमेरिकी बाजार के लिए बना रहा है।

जनवरी से मई 2025 तक भारत से अमेरिका को 4.4 बिलियन डॉलर(37 हजार करोड़ रपये) के आईफोन एक्सपोर्ट हो चुके हैं। ये आंकड़ा 2024 के 3.7 बिलियन एक्सपोर्ट से भी ज्यादा है। 2024 तक अमेरिका में बेचे जाने वाले 50% आईफोन भारत में बनते थे।



डोनाल्ड ट्रम्प ने 23 मई को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25% का टैरिफ लगाया जाएगा। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी देते हुए ट्रम्प ने 15 मई को कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, तुम 500 बिलियन डॉलर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो। उन्होंने आगे कहा कि अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज़्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है।

भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील ऑफर की है। इसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, देखो, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी प्रोजेक्ट्स को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में प्रोडक्शन करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है।

## 'भारत में अगले 6 महीनों में महंगाई दर औसतन 2.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद'

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसियां)। भारत में महंगाई दर अगले छह महीनों में औसतन 2.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो आरबीआई के 3.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान से कम है। यह जानकारी एचएसबीसी की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, "हमें लगता है कि कम मुद्रास्फीति के आंकड़े पिछले साल के उच्च आधार के कारण हैं। जून के पहले 10 दिनों में सब्जियों की कीमतों में 0-13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मानसून का मौसम जल्दी शुरू हो गया, लेकिन उसके बाद से बारिश धीमी हो गई है। इसके बावजूद, गर्मियों की फसल, खासकर चावल और दालों की बुवाई अच्छी चल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल के मजबूत अनाज उत्पादन का मतलब है कि अन्न भंडार भरे हुए हैं और सरकार 2 साल की अवधि में अनाज की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए स्टॉक को धीरे-धीरे जारी करने का विकल्प चुन सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे एसटीपी का उद्घाटन

## कुर्जी नाले को दीघा एसटीपी से जोड़ने की तैयारी



पटना, 13 जून (एजेंसियां)। बिहार राज्य शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, (बुडको) ने दीघा में बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। सबसे पहले कुर्जी नाले को दीघा एसटीपी से जोड़ा जाएगा। सबसे अंत में इससे मंदिरी नाला को जोड़ा जाएगा। 20 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एसटीपी के उद्घाटन की तैयारी चल रही है।

**पहलवान घाट के पास बन रहा संप हाउस**

मंदिरी नाले का पानी दीघा एसटीपी तक लाने के लिए पहलवान घाट पर संप हाउस का निर्माण किया जा रहा है। मंदिरी नाला का पानी सबसे पहले पाइप के माध्यम से पहलवान घाट लाया जाएगा। वहां से संप के माध्यम से इसे दीघा एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। मंदिरी नाला का पानी दीघा एसटीपी तक पहुंचाने में अभी समय लगेगा।

**300 किलोमीटर नेटवर्क एरिया है दीघा एसटीपी का**

दीघा एसटीपी का नेटवर्क एरिया 300 किलोमीटर निर्धारित है। यहां पर दीघा नहर से लेकर गोलघर तक के घरों का गंदा पानी शुद्ध करने की व्यवस्था की गई है। यहां पर घरों से निकलने वाले गंदे पानी को शुद्ध करने की व्यवस्था की गई है। दीघा एसटीपी राज्य का सबसे बड़ा एसटीपी बनकर तैयार हुआ है। इसकी क्षमता 100 एमएलडी निर्धारित की गई है। दीघा एसटीपी को चालू होने के बाद राजधानी के आसपास गंगा में बढ़ रहे फीकल कालीफार्म की मात्रा में कमी आने की उम्मीद की जा रही है। गंगा के पानी में प्रदूषण का मूल कारण फीकल काली फार्म है, जो मानव मल-मूत्र से पैदा होता है। इसी के मद्देनजर नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत इसे रोकने की कोशिश की जा रही है।

## भोजपुर में तस्कर मां-बेटा गिरफ्तार

भोजपुर, 13 जून (एजेंसियां)। भोजपुर में टाउन थाना पुलिस ने हेरोइन की खेप के साथ मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। 66.88 ग्राम हेरोइन और 12,977 रुपए कैश बरामद हुआ है। तस्करों की पहचान पुष्पा देवी और बिट्टू भगत के तौर पर हुई है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुप्त सूचना मिली थी कि गौसगंज मोहल्ले में उमेश माली की पत्नी और पुत्र दोनों घर में हेरोइन की खरीद-बिक्री कर रहे है। इसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। वहीं, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बिट्टू भगत पहले भी जेल जा चुका है। भोजपुर पुलिस और एसटीएफ ने अनाइठ से हेरोइन की खेप पकड़ा था। तस्करी में इस्तेमाल कार को भी जब्त किया गया था।

# गलत हलफनामे पर डीएम बिजनौर ने हाईकोर्ट से मांगी माफी

## हाईकोर्ट में कहा-सम्मान को ठेस पहुंचाने का सपना भी नहीं देखा था



प्रयागराज, 13 जून (एजेंसियां)। बिजनौर की डीएम जसजीत कौर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने का सपना भी नहीं देखा था। साथ ही भरोसा दिलाया कि आगे ऐसी गलती नहीं दोहराई जाएगी। कोर्ट ने उनका माफीनामा स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख चार जुलाई तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने दिया। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान बिजनौर के तैमूरपुर गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में कोर्ट ने डीएम से हलफनामा मांगा था। हाईकोर्ट ने डीएम से जमीन के रिकॉर्ड और अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा था। जवाब में डीएम ने बताया कि जमीन राजस्व रिकॉर्ड में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है और अतिक्रमण हटाने के लिए आठ मामले दर्ज किए गए हैं, जिनकी सुनवाई 15 मई को होनी थी। यह वही तारीख थी, जिसमें हाईकोर्ट में भी इस मामले की सुनवाई तय थी। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई और कहा कि तारीख जानबूझकर दी गई लगती हैं, जो कोर्ट की निगरानी की प्रक्रिया को कमजोर करती हैं। इसके बाद जब डीएम ने एक और हलफनामा दाखिल किया तो उसमें उन्होंने यूपी राजस्व संहिता के एक नियम 67(6) का जिक्र किया। हाईकोर्ट ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि न्यायालय को कानून की जानकारी देने की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने इसे अपनी समझ का अपमान करने की कोशिश बताया और डीएम को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। गत 22 मई के हलफनामे में डीएम जसजीत कौर ने बिना शर्त माफी मांगी और भरोसा दिलाया कि आगे ऐसी गलती नहीं दोहराई जाएगी।

## होटल में चल रहा था ये गंदा काम, 25 हजार रुपये महीने की सैलरी पर थीं लड़कियां



गाजियाबाद, 13 जून (एजेंसियां)। गाजियाबाद में एक होटल में किराए पर कमरा लेकर ऑनलाइन सेक्स वीडियो बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, बजरिया के महादेव होटल में कई दिन से किराए पर कमरा लेकर खेल चल रहा था। दो लड़की और एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। स्ट्रिपचैट नाम की वेबसाइट पर सीधे ऑनलाइन वीडियो डालने का काम हो रहा था। बताया गया कि आरोपियों ने लड़कियों को 25 हजार रुपये महीने वेतन पर रखा था। उनकी फर्जी नाम से आईडी बनाई गई। फिलहाल पुलिस मास्टरमाइंड समेत तीन की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि वेबसाइट पर टोकन लेने पर ही वीडियो देखने की सुविधा है। एक टोकन 12 रुपये के बराबर होता है। वीडियो के लिए टोकन निर्धारित किए जाते हैं। टोकन खरीदने पर वीडियो स्ट्रीम किया जाता है।

# एयर इंडिया प्लेन क्रैश से पहले आगरा के नीरज ने अपने भाई को की थी कॉल

**आखिरी बातचीत में छिपा था कोई राज**

आगरा, 13 जून (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे ने उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के एक परिवार में मातम ला दिया है। इस दर्दनाक दुर्घटना में आगरा के अकोला इलाके के रहने वाले एक दंपति ने अपनी जान गंवा दी। मृतक नीरज लवानिया और उनकी पत्नी लंदन यात्रा पर रवाना हुए थे, लेकिन उनकी उड़ान दुखद अंत में बदल गई। नीरज वडोदरा की फेदर स्काई विलास कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते थे और एक कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 9 बजे नीरज ने अपने भाई सतीश को आखिरी बार फोन किया था। उन्होंने बताया था कि वे टैक्सी से एयरपोर्ट के लिए निकल चुके हैं। इसके बाद से परिवार का उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका। हादसे की खबर मिलने के बाद से नीरज और उनकी पत्नी के परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी**



परिजन लगातार हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क साध रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई पुख्ता सूचना नहीं मिल पाई है। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर अपने प्रियजनों की तलाश में जुटे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दुखद हादसे के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया पर भी इस दुर्घटना की भयावह तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जो घटना की गंभीरता को दर्शाते हैं।

## एयर इंडिया प्लेन हादसे के बाद प्रयागराज एयरपोर्ट पर अलर्ट

प्रयागराज, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट ए 171 हादसे के बाद प्रयागराज एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसके बाद एयरपोर्ट पर विमान के उड़ान भरने से पहले विमान की तकनीकी जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से जारी बयान के मुताबिक हवाई सेवाओं में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। एयरपोर्ट प्रशासन ने इस संबंध में सभी विमानन कंपनियों को आदेश जारी किया है कि उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। एयरपोर्ट निदेशक मुकेश उपाध्याय ने ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नगर विमान निदेशालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से जारी एडवाइजरी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

# अहमदाबाद विमान हादसे से दुखी सीएम योगी और अखिलेश यादव ने उठाया बड़ा कदम



लखनऊ, 13 जून (एजेंसियां)। अहमदबाद विमान हादसे में 265 लोगों के मारे गए है। इस हादसे के बाद पूरा देश स्तब्ध और बेहद दुखी है। तमाम सियासी दलों ने इस घटना पर दुख जताया है। इसे विमान हादसों की सबसे बड़ी त्रासदी के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस हादसे पर दुख जताया और दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। इस हादसे के बाद सीएम योगी और सपा अध्यक्ष ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने जहां 13 जून के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं तो वहीं अखिलेश ने 13 जून से तीन तक पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ हैं। जिसके बाद सपा की ओर से तीन दिनों 13, 14 और 15 जून को होने वाले पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। इससे पहले उन्होंने विमान हादसे पर सरकार से भी स्पष्टीकरण देने की मांग की ताकि किसी भी तरह आशंकाओं को दूर किया जा सके।

**हादसे पर सरकार से मांगा स्पष्टीकरण**

अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स हैंडल लिखा, अहमदाबाद की बेहद दर्दनाक दुर्घटना में जीवन गंवाने वाले हर एक को श्रद्धांजलि। दुख की इस घड़ी में हम सब, हर एक शोकाकुल परिवार-परिजनों के साथ हैं। आगामी 3 दिनों तक सपा के सभी समारोह स्थगित रहेंगे। सपा मुखिया ने कहा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुंरत स्पष्टीकरण आए जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके। यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं। सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा था- गुजरात के अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है।

## चुनाव से पहले मुकेश सहनी का बड़ा बयान, पार्टी की इंटरनल मांग का किया जिक्र, सीएम फेस पर भी बोले

पटना, 13 जून (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की बैठक हुई। इस मौके पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि महागठबंधन में सीएम के चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है। हम एकजुटता के साथ तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज करेंगे। मुकेश सहनी ने कहा कि हमारी पार्टी की इंटरनल मांग है कि 60 सीट पर हम लोग लड़ेंगे। महागठबंधन में 243 सीटें हैं। उस पर सब मिलकर संयुक्त लड़ाई लड़ेंगे और सभी सीट एक-एक करके जीतेंगे। कौन पार्टी कितनी सीट पर लड़ेगी, यह बहुत जल्द साफ हो जाएगा। इस संबंध में जल्द ही जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने महागठबंधन के सीएम चेहरे को लेकर भी तस्वीर साफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन होंगे, उपमुख्यमंत्री कौन होंगे, हमारे गठबंधन में यह स्पष्ट है, लेकिन आने वाले समय में मीडिया को जानकारी दे दी जाएगी। हमने सह कमेटी के साथ चर्चा की है। वह रिपोर्ट बनाएंगे। उस रिपोर्ट के आधार पर हम काम करेंगे।

# आईएएस संजीव हंस के करीबी रिशुश्री और उससे जुड़े नौ ठिकानों पर छापा

## पटना से गुजरात तक ताबड़तोड़ कार्रवाई



पटना, 13 जून (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी संजीव हंस से अपनी करीबियों को लेकर चर्चा में रहे ठेकेदार रिशुश्री और उससे जुड़े सिंडिकेट के नौ ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक साथ छापा मारा है। छापेमारी पटना के साथ ही मुजफ्फरपुर, पानीपत और गुजरात में की गई है। जिन लोगों के ठिकानों पर ईडी का छापा मारा है, वे सब रिशुश्री के करीबी बताएं जाते हैं। इनमें एक चार्टर्ड एकाउंट, एक ट्रैवल एजेंट व अन्य कारोबारी शामिल हैं। इनमें एक राज्य के सरकारी महकमे में तैनात अवर सचिव स्तर का एक पदाधिकारी भी है, जिसके यहां छापे पड़े हैं। रिशुश्री का नाम पहली बार आईएएस संजीव हंस पर चल रहे मुकदमों और ईडी की कार्रवाई में सामने आया था। इस पर आरोप है कि यह अपने कई लोगों के नाम पर कंपनियां बनाकर सरकारी विभागों में टेंडर मैनेज करने का काम करता था।

रिशुश्री के हंस से करीबी और उसके कारनामों पर प्रवर्तन निदेशालय ने 10 पेज की एक रिपोर्ट बनाकर प्रदेश की विशेष निगरानी इकाई को भेजा था। जिसके बाद विशेष निगरानी ने रिशुश्री के साथ ही संजीव हंस, रिशुश्री के कर्मचारी संतोष कुमार, मैत्रिस्वा इंफ्रा प्रा। लि के निदेशक पवन कुमार समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की थी। रिशुश्री पर आरोप है कि वह मोटा कमीशन देकर सरकारी विभागों में टेंडर मैनेज कर अपनी बेनामी कंपनियों के नाम कर लेता था। बाद में इस टेंडर को बड़ी कंपनियों को मोटा कमीशन लेकर सौंप दिया जाता था। ईडी ने अपनी इसी रिपोर्ट को आधार बनाकर गुरुवार को पटना के गोला रोड में रिशुश्री के कारोबार में सहयोगी ट्रैवल एजेंड विनोद कुमार सिंह, मुजफ्फरपुर में रिशुश्री के चार्डर्ड एकाउंटेंट अविनाश कुमार व पानीपत और गुजरात में इसके नौ ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। एक विभाग के अंडर सेक्रेटरी के ठिकानों पर छापे की खबर है।

सूत्रों ने बताया पानीपत में जिस ट्रैवल एजेंस के ठिकानों पर छापा मारा गया है वह रिशुश्री के कहने पर अधिकारियों के लिए विदेश टूर में टिकट से लेकर रहने, खाने-पीने तक की व्यवस्था करता था। हालांकि, ईडी अब तक इस मुद्दे पर मौन है और छापामारी के दौरान क्या कुछ बरामद हुआ है इसे साझा करने से बच रही है। दूसरी ओर सूत्रों की माने तो अब तक की कार्रवाई में ईडी ने कई महत्वूपर्ण दस्तावेज, कुछ कंप्यूटर हार्ड डिस्क, कुछ अधिकारियों, उनकी पत्नियों और अन्य रिश्तेदारों के बारे में प्रमाण मिले हैं।

## प्रयागराज में हादसाः श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, मचा कोहराम; 18 घायल

प्रयागराज, 13 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश से संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं से भरी पिकप शुक्रवार सुबह परेड मैदान स्थित काली सड़क के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 18 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। मप्र के टीकमगढ़ से 25 लोग गुरुवार देर रात संगम स्नान के लिए पिकप में सवार होकर निकले। शुक्रवार सुबह जैसे चालक परेड मैदान स्थित काली सड़क के पास पहुंचा और वाहन उससे अनियंत्रित हो गया। वह वाहन संभाल पाता, इसके पहले पिकप पलट गई। वाहन में सवार छह लोग उसके नीचे दब गए, जबकि अन्य इधर-उधर गिर गए। चीख पुकार मच गई। राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। दारागंज पुलिस के साथ ही एंबुलेंस की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आननफानन में 18 घायलों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया। इसमें तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि 15 की हालत ठीक है।

# गंडक नदी में डूबे 5 युवकों का शव बरामद

## दो दिन के रेस्क्यू में सभी शव मिले, एक ही गांव के थे दोस्त

बगहा (बेतिया), 13 जून (एजेंसियां)। बगहा में भितहा थाना क्षेत्र की गंडक नदी में स्नान के दौरान डूबे पांच युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने गुरुवार और शुक्रवार को रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान गुरुवार को 4 शव बरामद किए गए, जबकि शुक्रवार को पांचवे युवक दिलशाद अंसारी का शव को भी नदी से निकाला गया। पुलिस ने सभी शवों का अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। सभी मृतक युवक तमकुहवा खालवा पट्टी गांव के रहने वाले थे। इनकी पहचान नेयाज गद्दी, मेहताब गद्दी, आस मोहम्मद गद्दी, जमादिन गद्दी और दिलशाद अंसारी के रूप में हुई।

सभी आपस में अच्छे दोस्त थे। जब पांचों के शव उनके घर पहुंचे तो पूरे गांव में मातम छा गया। सभी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से गंडक नदी के किनारे सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना जताई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। साथ ही प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

## बरेली में मौलाना तौकीर रजा ने किया गिरफ्तारी देने का एलान, कहा- अब खामोश बैठने का वक्त नहीं

बरेली, 13 जून (एजेंसियां)। बरेली में लंबे समय से भंग चल रहे इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) संगठन को बहाल कर दिया गया। नए पदाधिकारियों की टीम भी घोषित कर दी गई। सिटी स्टेशन के सामने मदरसा प्रांगण में बृहस्पतिवार को आयोजित सभा में पार्टी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को गिरफ्तारी देने का एलान भी किया है। मौलाना ने कहा कि अब खामोश बैठने का वक्त नहीं। हम आजाद हैं, पर नाइंसाफी सहन नहीं की जा सकती। हुकूमत क्या कर रही है, सवाल यह नहीं है। सवाल यह है कि जो बड़े ओहदों पर बैठे हैं, वह किसी धर्म के हों, उनका काम इंसाफ करना है। इधर देखा जा रहा है कई जगह मजहब की बुनियाद पर नाइंसाफी की जा रही है। यह तकलीफदेह है। इसी मुद्दे पर उन्होंने रविवार को पूरे प्रदेश में गिरफ्तारी देने का एलान किया है।

# साजिश के तहत किशोर को मार डाला था

## कोर्ट ने तीन को सुनाई उम्रकैद की सजा




मधेपुरा, 13 जून (एजेंसियां)। चार साल पुराने हत्या के एक मामले में मधेपुरा सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजे-9 रधुवीर प्रसाद की अदालत ने ग्वालपाड़ा प्रखंड के पीरनगर निवासी मोहम्मद कामरान, मोहम्मद शहाबुद्दीन और मुहम्मद जमालुद्दीन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के साथ-साथ प्रत्येक पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। मामले में एपीपी जयनारायण पंडित ने बताया कि पीरनगर वार्ड पांच निवासी मो। आलम की पत्नी शबाना खातून ने 2021 में ग्वालपाड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार दो अप्रैल 2021 की शाम करीब 7 बजे उनका 17 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नेहाल किसी कॉल के बाद घर से बाहर निकला, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह तीन अप्रैल को शबाना खातून अपनी दो बेटियों के साथ नेहाल की तलाश में निकलीं। खोजबीन के दौरान अखाड़ा के पास उनकी छोटी बेटी को नेहाल का गला कटा शव दिखाई दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामला दर्ज किया। शबाना खातून ने आरोप लगाया कि नेहाल को साजिश के तहत बुलाकर उसकी हत्या की गई। पुलिस ने इस मामले में कॉल डिटेल एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाकर दोषियों को सजा दिलाया। अभियोजन पक्ष ने मामले में कुल आठ गवाहों का परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई। इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने कहा कि सत्य की जीत हुई है।

# उमेश पाल की हत्या का आरोपित गुड्डू मुस्लिम कहां है? पुलिस खाली हाथ, अब कोर्ट ने लिया बड़ा फैसला



प्रयागराज, 13 जून (एजेंसियां)। प्रयागराज के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में नया मोड़ आया है। गैंगस्टर कोर्ट ने इस सनसनीखेज शूटआउट के तीन मुख्य फरार आरोपियों गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान बिहारी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। पुलिस ने इन तीनों फरार शूटरों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी है, लेकिन डेढ़ साल बाद भी ये आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। तीनों पर पांच-पांच लाख का ईनाम भी पुलिस ने घोषित कर रखा है। यहां बता दें कि 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के थाना धूमनगंज क्षेत्र में सुलेम सराय के पास एडवोकेट उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनरों राघवेंद्र सिंह और संदीप निषाद की बम और गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना उमेश पाल के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा रहा था कि गुड्डू मुस्लिम ने उमेश पाल और उनके एक गनर पर बम फेंके, जबकि साबिर और अरमान बिहारी ने दूसरे गनर संदीप निषाद पर राइफल और पिस्तौल से ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस घटना ने यूपी पुलिस को खुला चैलेन्ज दे दिया था। घटना के बाद से पुलिस इन तक पहुंच नहीं पाई है। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान बिहारी अतीक अहमद के आईएस-227 गैंग के सक्रिय सदस्य थे। इन तीनों पर यूपी पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने 14 राज्यों में इनकी तलाश की और 7 राज्यों में हुक्म तहरीरी जारी किया, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। तीनों शूटर पुलिस के लिए अबूझ पहेली बने हुए हैं। पुलिस अभी तक इन तीन आरोपियों को पकड़ भले ही न पाई हो, लेकिन अब प्रयागराज पुलिस ने हाल ही में गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान बिहारी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने चार्जशीट में इन तीनों को ही उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य कर्ता-धर्ता बताया है। पुलिस के मुताबिक अरमान बाइक चलाकर गुड्डू मुस्लिम को घटनास्थल पर लाया था, जिसके बाद गुड्डू ने बम फेंके और साबिर ने राइफल से गोलियां चलाईं। उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का नाम सामने आया था। खुद उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने अतीक, अशरफ, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, बेटे असद और शूटरों अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कठोर कैद

सोनभद्र, 13 जून (एजेंसियां)। करीब साढ़े पांच वर्ष पूर्व दलित नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाने, गर्भ ठहरने पर दवा खिलाकर गर्भपात कराने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने गुरुवार को दोषी गौरव पटेल को 10 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न जमा करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित पीड़िता ने पन्नूगंज थाने में 13 दिसंबर 2019 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि वह कक्षा 10 की छात्रा है। स्कूल जाते समय गौरव पटेल पुत्र श्रीनाथ पटेल निवासी थाना पन्नूगंज से संपर्क हो गया और शादी का झांसा देकर धीरे-धीरे संबंध भी बनाने लगा। जब गर्भ ठहर गया तो दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। एक दिसंबर 2019 को दोपहर बाद तीन बजे चतरा बाजार सामान लेने गई थी तो गौरव पटेल वहां मिल गया और मंदिर में चलकर शादी करने का दबाव बनाने लगा। जिसपर उसके ऊपर विश्वास करके उसके साथ गई तो उसे सुनसान जगह ले गया और जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए चाकू दिखाकर धमकी दिया कि शादी नहीं करेंगे। दूसरे दिन दो दिसंबर को छोड़ दिया और कहा कि अगर इस बारे में किसी से बताया तो समूचे परिवार के साथ जलाकर मार डालूंगा। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गौरव पटेल को सजा सुनाई गई है।